✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✱ पटना संस्करण

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 37 ✱ अंक : 35 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, बुधवार, 1 जुलाई 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com



श्रावणी मेला पर भागलपुर में पहली बार बनेंगे स्विस कॉटेज

## संक्षिप्त समाचार

### 50 हजार रिश्वत लेते प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की स्पेशल टीम ने बिहार की राजधानी पटना से सटे सम्पतचक इलाके में छापेमारी कर एक उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के हेडमास्टर कुणाल प्रियदर्शी को 50000 रुपये की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही दबोच लिया। आरोपी हेडमास्टर पास हो चुके छात्र-छात्राओं को उनका मार्कशीट और कॉलेज लीविंग सर्टिफिकेट देने के बदले यह रकम वसूल रहा था।

### आज से बदल जाएगा सरकारी स्कूलों का समय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों और शिक्षकों के लिए अपडेट आया है। राज्य में स्कूलों की गर्मी वाली टाइमिंग 30 जून को समाप्त हो गई है। अब 1 जुलाई से राज्य के सभी सरकारी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल सामान्य समय-सारिणी के अनुसार संचालित होंगे। नए नियम के मुताबिक अब स्कूल सुबह 9:30 बजे खुलेंगे और शाम 4:00 बजे बंद होंगे।

### सरकारी और निजी स्कूलों में होगी अग्निसुरक्षा की जांच

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सरकारी और निजी स्कूलों में अग्निसुरक्षा की व्यवस्था सही है कि नहीं, इसकी जांच 10 जुलाई से शुरू होगी। अग्निशमन विभाग ने इसके लिए 21 टीमों का गठन किया है। जांच टीम स्कूलों के कमरे में बैठने की क्षमता और वर्तमान स्थिति का भी जायजा लेगी। इसके अलावा स्कूलों में प्रवेश और निकासी द्वार की क्या स्थिति है, इसकी भी जांच होगी। जिला अग्निशमन अधिकारी रितेश कुमार पांडेय ने बताया कि पटना जिले में 250 से अधिक कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा की जांच कर ली गई है। लगभग दो सौ के करीब कोचिंग संस्थानों में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, इसीलिए उन्हें नोटिस दिया गया है।

### नौवीं, 10वीं और 12वीं की त्रैमासिक परीक्षा आज से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की नौवीं, 10वीं और 12वीं की त्रैमासिक परीक्षा बुधवार से शुरू होगी। नौवीं-10वीं की परीक्षा तीन जुलाई तक जबकि 12वीं की परीक्षा आठ जुलाई तक चलेगी। परीक्षा दो पाली में होगी। पहली पाली 9:30 बजे से 12:45 बजे तक और दूसी पाली की दो बजे से 2:15 बजे तक चलेगी।

# 15 अगस्त को 30 हजार भूमिहीन परिवारों को मिलेगा वासभूमि का मालिकाना हक

## गरीब परिवारों को वासभूमि का अधिकार दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार 15 अगस्त 2026 को 'अभियान बसेरा-02' के तहत 30 हजार पात्र भूमिहीन परिवारों को वासभूमि के बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित करेगी। इसके लिए सभी जिलों को 31 जुलाई तक प्रमाण पत्र तैयार करने और नए पात्र परिवारों का पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान की समीक्षा मुख्यालय स्तर पर हर सप्ताह की जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि



राज्य सरकार का लक्ष्य है कि बिहार का कोई भी पात्र भूमिहीन परिवार वासभूमि के अधिकार से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से 'अभियान बसेरा-02' के तहत आगामी 15 अगस्त, 2026 को राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाकर 30 हजार पात्र भूमिहीन परिवारों के बीच वासभूमि के बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। डॉ. जायसवाल ने कहा कि सरकार गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। अभियान बसेरा-02 के माध्यम से अब तक राज्य के 71,569 पात्र परिवारों को वासभूमि उपलब्ध कराने की दिशा में बंदोबस्ती प्रमाण पत्र दिए जा चुके हैं। अब स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक और बड़े अभियान के जरिए हजारों नए लाभुकों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भूमिहीन गरीब परिवारों को वासभूमि का अधिकार दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वतंत्रता दिवस पर 30 हजार परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण पत्र देकर उनके जीवन में स्थायी सुरक्षा और सम्मान का नया अध्याय जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों को समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी पात्र परिवार इस अभियान के लाभ से वंचित न रहे।

# श्रावणी मेले में पहली बार बनेंगे स्विस कॉटेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रावणी मेला में इस वर्ष पहली बार श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए सोनपुर मेले की तरह स्विस कॉटेज बनाए जाएंगे। इसका निर्माण भागलपुर में होगा। बाबा अजगैबीनाथ मंदिर, सुल्तानगंज से बिहार सीमा दुम्मा तक मेला पथ में जगह-जगह भव्य गेट, विशेष लाइटिंग, साज-सज्जा की जाएगी। आधा दर्जन से अधिक टेंट सिटी भी बनाई जाएगी। पहली बार इन टेंट सिटी में जीविका दीदी की रसोई का संचालन किया जाएगा। श्रावणी मेला 30 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांवड़ियों के लिए टेंट सिटी, शौचालय, स्नानघर, शुद्ध पेयजल, निर्बाध बिजली, कांवर स्टैंड आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। सुल्तानगंज में 500 बेड, बांका के अबरखा में 600 बेड, धौरी में 200 बेड, गोड़ियारी में 250 बेड, मुंगेर के खैरा में 200 बेड और धोबई में 200 बेड की टेंट सिटी बनाई जाएगी। इसके साथ पहली बार असरगंज में 300 बेड, तारापुर में 200 और संग्रामपुर में 200 बेडयुक्त टेंट सिटी का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया है। सभी टेंट सिटी में पूरी मेला अवधि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। श्रावणी मेला के शुभारंभ और समापन के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के कलाकार की प्रस्तुति होगी। वहीं आवासन के लिए बनाए गए सभी टेंट सिटी में प्रत्येक सोमवार को राज्यस्तरीय कलाकार और शेष दिनों में जिलास्तरीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

# सड़क हादसे में पिता और उनके कैंसर पीड़ित पुत्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक पिता और उनके कैंसर पीड़ित बेटे की मौत हो गई। दोनों इलाज के लिए पटना जा रहे थे, लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने पूरे परिवार की जिंदगी बदल दी। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों की पहचान जहानाबाद जिले के मखदुमपुर निवासी राम विनोद पासवान और उनके पुत्र मोनू कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मोनू कुमार लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद पिता उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे। परिवार को उम्मीद थी कि राजधानी में इलाज से बेटे की सेहत में सुधार होगा, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। जानकारी के अनुसार, मखदुमपुर थाना क्षेत्र से गुजरने के दौरान उनकी गाड़ी सड़क हादसे का शिकार हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता और पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और दोनों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# दमनकारी ताकतों के खिलाफ बुलंद होगी आवाज : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्वाभिमान, संघर्ष और बलिदान के अमर प्रतीक के रूप में मंगलवार को पूरे राज्य में हूल दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर हर साल की तरह इस बार भी इन वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजधानी रांची के सिदो-कान्हू पार्क में श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों का तांता सुबह से लगा रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन के साथ अन्य लोग भी यहां पहुंचे तथा वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जेएमएम, कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर मुख्यमंत्री ने उन्हें नमन किया और उनके योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन वह दिन है जब शोषण के खिलाफ लोगों ने बिगुल फूंक दिया। उन्होंने कहा कि उस क्रांति के आंदोलनकारी शहीदों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव जैसे लोगों ने देश में चल रहे शोषण के खिलाफ बिगुल फूंका। उन्होंने कहा



कि उस आग की चिंगारी जलती रही और आज उस चिंगारी का फलाफल है कि अलग-अलग कालखंड में देश के विभिन्न स्थानों पर क्रांति होती रही और क्रांति का परिणाम एक अलग भारत देश बना, उसके बाद हम लोगों में संविधान बनाने की क्षमता आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी यह देखा जा रहा है कि क्रांति, संघर्ष जगह-जगह पर कमजोर वर्गों के माध्यम से ही शुरू होता है और आज हमें गर्व है कि इन वीर सपूतों की बदौलत झारखंड को हम वीर भूमि कहते हैं। हूल दिवस के अवसर पर राज्य में ऐसे महापुरुषों को हम याद करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा क्रांति की यह आग कभी बुझती नहीं है, इसे बुझाया भी नहीं जा सकता है। जब जब दमनकारी ताकतें आगे बढ़ेंगी तब तब यह क्रांति होती है। यह लड़ाई एक आदर्श और निष्पक्ष रूप से होती है। इसीलिए यह क्रांति का जो दीया है वो सदा जलता रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने ऐसे कई उदाहरण देखें होंगे कि क्रांति का दीया, ऐसे वीर शहीदों के स्थलों में निरंतर जलते रहते हैं। कई बार कुछ तत्वों द्वारा बुझाने का प्रयास होता है लेकिन वह बुझता नहीं है। आज हम वीर शहीद सिदो कान्हू जी को नमन करते हैं।

# नीतीश कुमार के रास्ते पर आगे बढ़ेगी सरकार : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मोदी कैबिनेट में शामिल होने की अटकलों के बीच सियासी हलचल तेज हो गई है। चर्चा है कि उन्हें केंद्र सरकार में कोई अहम मंत्रालय मिल सकता है। हालांकि अभी तक इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। मंगलवार को पटना में जदयू ऑफिस में पत्रकारों ने जब उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी से पूछा कि नीतीश कुमार के केंद्र में मंत्री बनने की चर्चा तेज है तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि चर्चा तेज है, मध्यम है या धीमी, यह तो आप लोग जानते हैं। मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि कहां क्या हो रहा है। विजय कुमार चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में बिहार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि 2025 से 2030 के लिए जनता ने एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कई बार साफ कर चुके हैं कि मौजूदा सरकार नीतीश कुमार के सुशासन और न्याय के साथ विकास की नीति पर ही आगे बढ़ रही है। जनसुनवाई के बाद उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ और सूखे, दोनों परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी संवेदनशील तटबंधों को सुरक्षित कर लिया गया है। प्रभावित इलाकों के लिए राहत सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था भी की गई है। विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सूखे की स्थिति से निपटने के लिए सरकार सिंचाई व्यवस्था मजबूत करने पर काम कर रही है। इसके तहत गंगा और गंडक नदियों के अतिरिक्त पानी को लिफ्ट कर जलाशयों और पोखरों में जमा किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर यही पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाएगा ताकि सिंचाई में कोई परेशानी न हो।

## हथियार के साथ रील बनाने वाला युवक गिरफ्तार

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** जिले की मोहनिया पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए रील बनाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के पास से वायरल वीडियो में दिख रही मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के भोखरी गांव निवासी विवेक यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, विवेक यादव ने 26 जून को हथियार के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और उसे उसके घर से गिरफ्तार किया।

# पटना हाईकोर्ट ने भोजपुर पुलिस को लगाई फटकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने पिछले 10 महीने से लापता एक दलित युवक को नहीं ढूंढ पाने पर भोजपुर पुलिस को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अबतक पुलिस ने जो जांच की है, उससे हम संतुष्ट नहीं है। कोर्ट ने सारे दस्तावेजों के साथ एसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों को 2 जुलाई को हाजिर होने का निर्देश दिया। जबकि डीएम को व्यक्तिगत उपस्थिति से मुक्त कर दिया। महाधिवक्ता एसडी संजय ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि वे अपने स्तर से इस मामले को देखेंगे और जांच की प्रगति के बारे में बताएंगे। आज सुनवाई के समय भोजपुर के डीएम, एसपी, जगदीशपुर के एसएचओ सहित अन्य अधिकारी कोर्ट में उपस्थित थे। जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद तथा जस्टिस कुमार मनीष की खंडपीठ ने लापता युवक सनोज कुमार के पिता गौरीशंकर राम की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि इतने दिनों में पुलिस युवक के बारे में पता नहीं लगा सकी। जबकि अबतक जो तथ्य सामने आए हैं उससे लगता है कि उत्पाद पुलिस सही बात नहीं बता रही है। उसके बयानों में भी विरोधाभास है।

## नवनिर्वाचित विधान पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आज 1 जुलाई को आयोजित होगा। शाम 4 बजे विधान परिषद के उप सभागार में सभी 10 नए एमएलसी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। इस समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार शपथ ग्रहण समारोह की सबसे ज्यादा चर्चा दो नए चेहरों को लेकर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार एवं भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह पहली बार विधान परिषद के सदस्य बन रहे हैं। दोनों के विधानसभा परिसर पहुंचने पर सबकी नजर रहेगी। बिहार विधान परिषद की 10 सीटों पर हुए द्विवार्षिक चुनाव और उपचुनाव का परिणाम 11 जून को घोषित किया गया था। सभी 10 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। नाम वापसी की अंतिम तिथि के बाद निर्वाचन आयोग ने सभी को विजयी घोषित कर दिया था। इस चुनाव में एनडीए ने 10 में से 9 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक उम्मीदवार को भी सफलता मिली।

## ट्रेन की एसी बोगी से कुख्यात गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने मंगलवार को पटना जिला के कुख्यात वांछित अपराधी, बिहार के टॉप कुख्यात अपराधियों कि सूची में शामिल और पाण्डव सेना के सरगना संजय सिंह को गिरफ्तार किया है। वह पटना जिले के मसौढ़ी में निमा निवासी स्व. रमेश सिंह का बेटा है। उसे पटना जंक्शन से गिरफ्तार बताया गया, हालांकि पत्नी के अनुसार ट्रेन की बोगी से ही बिहटा के पास उसे पकड़ कर ले जाया गया। गिरफ्तार संजय सिंह बिहार एवं झारखंड में दर्जनों हत्या, रंगदारी, नरसंहार, रंगदारी के लिए हत्या, अवैध खनन, भू-माफियागिरी जैसे विभिन्न जघन्य अपराध को अंजाम दिया था। फिलहाल वह बिहटा थाना कांड संख्या 672/25 में एके 47 बरामदगी में वांछित था। संजय सिंह की पत्नी पुष्पा कुमारी ने ट्रेन से ही तत्काल एक वीडियो मीडिया और सोशल मीडिया के लिए जारी कर यह जानकारी दी। इसके बाद बिहार पुलिस ने औपचारिक तौर पर इस गिरफ्तारी की सूचना दी।



# बिहार संग्रहालय की विश्व पटल पर अलग पहचान : मंत्री

## कला एवं संस्कृति मंत्री ने 9 सहायक संग्रहालयाध्यक्षों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा है कि बिहार के संग्रहालय की पहचान पूरी दुनिया में बेहद खास है। यहां मौजूद अलग-अलग संग्रहालय अपनी विभिन्न खासियतों के लिए जाने जाते हैं। मंत्री अपने कार्यालय कक्ष में नवनियुक्त 9 सहायक संग्रहालयाध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंप रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के संग्रहालय बेहद मजबूत होंगे और उनका संरक्षण सही तरीके से हो सकेगा। मंत्री ने इसे खास पहल बताते हुए कहा कि राज्य में कुल 26 संग्रहालय हैं जिनमें पिछले कई वर्षों से बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े थे। इस मामले में संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों ने नियुक्ति की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर लिया। मंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी सच्ची लगन और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बिहार का संग्रहालय विश्वभर में अपनी अलग पहचान रखता है। विभाग की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार नियुक्ति पत्र पाने वाले अधिकारियों को राज्य के विभिन्न संग्रहालयों एवं सांस्कृतिक संस्थानों में पदस्थापित किया गया है। शानु आनंद को वैशाली स्थित बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप, सुजीत तिवारी को रामचंद्र शाही संग्रहालय मुजफ्फरपुर, अमित रंजन को गया संग्रहालय, सुधा सिंह को बक्सर के सीताराम उपाध्याय संग्रहालय और जगदीशपुर के बाबू वीर कुंवर सिह स्मृति संग्रहालय, डॉ. सुमन कुमारी को नवादा के नारद संग्रहालय, दीपा चौहान को छपरा संग्रहालय, रविकान्त कुमार को दरभंगा के चंद्रधारी संग्रहालय, दिलीप कुमार को लखीसराय संग्रहालय और रीता कुमारी को बेगूसराय संग्रहालय की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस मौके पर विभाग के सचिव प्रणव कुमार, सांस्कृतिक निदेशालय की निदेशिका रूबी, संग्रहालय निदेशक कृष्ण कुमार, उप सचिव महमूद आलम समेत अन्य मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज-घुसियां कला पथ पर गुलजार बाग के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार की अधेड़ महिला और ढाई साल की मासूम बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान सबीना खातून (56), पत्नी मंजूर खान, और अरीबा खातून (ढाई वर्ष), पुत्री तस्लीम खान के रूप में हुई है। दोनों पैदल अपने घर जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला और बच्ची को परिजन तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज ले गए जहां मंगलवार सुबह बच्ची अरीबा ने दम तोड़ दिया। सबीना खातून की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया जिसके बाद परिजन उन्हें शहर के एक निजी क्लिनिक ले गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

## जीएसटी ने भारत को एकल बाजार और पारदर्शी कर व्यवस्था दी : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जीएसटी के रूप में देश को एक ऐसी एकीकृत अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था प्राप्त हुई है जिसने पूरे भारत को एकल बाजार के रूप में स्थापित करने के साथ-साथ कर प्रणाली में समानता भी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि यह दिवस भारत में जीएसटी के कार्यान्वयन की ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक है। यह उस महत्वपूर्ण कर सुधार की याद दिलाता है जिसके माध्यम से केंद्र और राज्यों की अलग-अलग अप्रत्यक्ष कर व्यवस्थाओं को एकीकृत कर एकल कर प्रणाली लागू की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद वैट, सेवा कर और उत्पाद शुल्क जैसे अनेक अप्रत्यक्ष करों का स्थान एकीकृत कर व्यवस्था ने ले लिया। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में व्यापक और युगांतकारी परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने बहु-स्तरीय और जटिल अप्रत्यक्ष कर संरचना को समाप्त कर सरल, पारदर्शी तथा प्रौद्योगिकी आधारित कर व्यवस्था को स्थापित किया है। इससे कर संग्रह प्रणाली अधिक प्रभावी बनी है, व्यापार करने में सुगमता बढ़ी है और देश की आर्थिक प्रगति को नई गति मिली है।

## एचडीएफसी बैंक ने किया पूर्व वित्त सचिव राजीव कुमार को पार्ट टाइम चेयरमैन नियुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बैठक में पूर्व वित्त सचिव राजीव कुमार को 30 जून, 2026 से चार साल की अवधि के लिए बैंक का अतिरिक्त निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) नियुक्त करने की मंजूरी दी। यह फैसला गवर्नेंस, नॉमिनेशन और रेम्यूनरेशन कमिटी की सिफारिश पर लिया गया था। इंडिपेंडेंट डायरेक्टर के तौर पर यह नियुक्ति बैंक के शेयरहोल्डर्स की मंजूरी पर निर्भर है। वे अंतरिम पार्ट-टाइम चेयरमैन केकी मिस्त्री की जगह लेंगे जिन्हें पूर्व पार्ट-टाइम चेयरमैन अतानु चक्रवर्ती के नैतिक कारणों का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा देने के बाद यह जिम्मेदारी संभालनी पड़ी थी। बैंक ने कहा कि इस बात की पुष्टि की जा रही है कि सेबी या किसी अन्य ऐसी अथॉरिटी के किसी आदेश के तहत राजीव कुमार को डायरेक्टर का पद संभालने से नहीं रोका गया है। 66 वर्षीय श्री कुमार 1984 बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। वे फरवरी 2020 में भारत के वित्त सचिव के पद से रिटायर हुए। रिटायरमेंट के बाद श्री कुमार ने कुछ समय के लिए पब्लिक एंटरप्राइजेज सिलेक्शन बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर भी काम किया।

## राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर चिकित्सकों को डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने समर्पण, सेवा और प्रतिबद्धता के प्रतीक सभी चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान चिकित्सकों ने अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करते हुए लोगों का जीवन बचाने के लिए अथक प्रयास किए। उनके समर्पण और सेवा भावना ने इस दिवस के महत्व को और अधिक बढ़ा दिया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस प्रसिद्ध भारतीय चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने भारतीय चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसके सम्मान में वर्ष 1991 से प्रत्येक 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दिवस मानव सेवा में निरंतर समर्पित चिकित्सकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता, प्रशंसा और आभार व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। साथ ही समाज को यह प्रेरणा भी देता है कि चिकित्सकों की निस्वार्थ सेवा और योगदान का सदैव सम्मान किया जाए।

## ऐप से यात्रियों को मिलेगी बसों का लाइव लोकेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में सरकारी बसों से यात्रा करने वाले लोग अब ऑनलाइन माध्यम से भी इनका टिकट कटा सकेंगे। साथ ही एक खास तरह के ऐप की मदद से वे अपने बसों का ऑनलाइन लोकेशन भी देख सकेंगे। इस नई तकनीक की मदद से लोगों को अलग तरह से यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा। परिवहन विभाग अपनी तकनीक आधारित क्षमताओं को अधिक सुदृढ़ बनाते हुए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) की ओर से संचालित सभी बसों की लाइव लोकेशन ट्रैकिंग की सुविधा देने जा रहा है। निगम ने इसके लिए 'वेयर इज माय बस ऐप' विकसित किया है। फिलहाल इस ऐप की टेस्टिंग की जा रही है। इसके बाद इसे आने वाले दो से तीन महीने में लॉच कर दिया जाएगा। इसकी मदद से यात्रियों को राज्य के किसी रूट की किसी बस की टिकट बुकिंग करने के साथ ही बसों की लाइव लोकेशन देखने का मौका भी मिलेगा। वेयर इज माय बस ऐप में कई आधुनिक सुविधाएं शामिल की गई हैं। यात्री अब बसों में लगे जीपीएस सिस्टम के माध्यम से वाहनों की रियल-टाइम लोकेशन फोन पर देख सकेंगे। अन्य राज्यों से बिहार आने वाली बसों की जानकारी भी लाइव उपलब्ध होगी। खास बात यह है कि ऐप के लॉच होने के बाद बस यात्रियों को टिकट के लिए जहमत नहीं उठानी पड़ेगी। ऐप में पसंदीदा सीट चुनकर बुकिंग करने की सुविधा दी जाएगी। ऐप को यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस के साथ बनाया जा रहा है, ताकि आम आदमी भी आसानी से इसका इस्तेमाल कर सके। इसमें ऑनलाइन पेमेंट, रद्दीकरण और रिफंड की सुविधा जोड़ी गई है। परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 'वेयर इज माय बस ऐप' बिहार के परिवहन क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। ऐप बिहार के बस यात्रियों के साथ ही अंतरराज्यीय यात्रा करने वाले लोगों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। इससे यात्री सहजता से टिकट बुकिंग और बसों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। लाइव ट्रैकिंग से यात्रा की सुरक्षा बढ़ेगी और पसंदीदा सीट बुकिंग से यात्रियों का अनुभव और बेहतर होगा। ऐप जल्द ही आम जनता के लिए लॉच कर दिया जाएगा।

## दानापुर मंडल के सेवानिवृत्त 16 रेलकर्मियों का किया गया समापक भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जून-2026 में सेवानिवृत्त हुए 16 रेलकर्मियों के लिए दानापुर मंडल के सभागार में 'समापक भुगतान समारोह' आयोजित किया गया। इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त 16 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार द्वारा किया गया जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने 'समापक भुगतान' की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश न करें एवं अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें। सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों को एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस मौके पर मंडल के सभी विभागों के अधिकारीगण एवं ईसीआरइयू, एआईओबीसीआरईए तथा एससी एवं एसटी एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## बाबा हरिहरनाथ मंदिर में केवाइपी संचालकों ने किया रुद्राभिषेक

### युवाओं के उज्ज्वल भविष्य एवं केवाइपी की समृद्धि की कामना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली/पटना।** केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के तत्वावधान में बाबा हरिहरनाथ मंदिर, सोनपुर में भगवान शिव का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भव्य रुद्राभिषेक पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर केवाईपी केंद्र संचालकों एवं उनके परिवारजनों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर राज्य के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, केवाईपी योजना की निरंतर प्रगति, सभी केंद्र संचालकों के कल्याण तथा प्रदेश में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की तथा सामूहिक महाआरती में भाग लिया। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूरा मंदिर परिसर शिवभक्ति के जयघोष से गुंजायमान रहा। केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से केवाईपी परिवार सदैव एकजुट रहे तथा कौशल विकास के माध्यम से बिहार के अधिकाधिक युवाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के अवसर प्राप्त हों। इस अवसर पर इं. रवि कुमार, चंदन कुमार, मनीष कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, प्रतीक कुमार, मिरेन्द्र प्रसाद, सुजीत कुमार सिंह, बृजेश कुमार सहित अनेक केवाईपी केंद्र संचालक, उनके परिवारजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती, शिव वंदना एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के वातावरण में संपन्न हुआ।

## जमीन विवाद में गिरिडीह के सब-रजिस्ट्रार की हत्या, क्षेत्र में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गिरिडीह।** रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के बालसगरा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक घटना में गिरिडीह के सब-रजिस्ट्रार बलेश्वर पटेल की हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार अवकाश के कारण बलेश्वर पटेल अपने पैतृक गांव बालसगरा आए हुए थे। मंगलवार सुबह वे जमीन से जुड़े विवाद के समाधान के लिए खेत पहुंचे थे। इसी दौरान विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि उन पर पत्थरों से हमला किया गया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर चोटों के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मांडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण जमीन विवाद माना जा रहा है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है तथा आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस घटना से प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर है, वहीं स्थानीय लोगों में भी आक्रोश व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## गांव-गांव अति पिछड़ा नेतृत्व को उभारेगी कांग्रेस, जनसंख्या के अनुपात में मिलेगी संगठन में भागीदारी : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में मंगलवार को कांग्रेस अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में अति पिछड़ा वर्ग की राजनीतिक भागीदारी, संगठनात्मक सशक्तीकरण और नेतृत्व विकास को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश के गांव-गांव में अति पिछड़ा समाज के बीच नेतृत्व विकास का विशेष अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन में अति पिछड़ा वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में उचित भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कांग्रेस सामाजिक न्याय, समान अवसर और सभी वर्गों की सम्मानजनक भागीदारी की पक्षधर रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि किसी भी समाज की अनदेखी करना सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से अपराध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता का दायित्व है कि समाज के हर वर्ग को सम्मान, अवसर और संगठन में उचित प्रतिनिधित्व मिले। पूर्व विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने की राजनीति कर रही है जबकि कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर सामाजिक सद्भाव और समावेशी विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। सम्मेलन को कांग्रेस सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद, विधायक मनोज विश्वास, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, इंजीनियर कमल कमलेश, बैद्यनाथ शर्मा, पंकज यादव, अनुराग चंदन, हीरा सिंह बग्गा, उदय शंकर पटेल, जितेंद्र नाथ पटेल, सुरेश मुखिया, नदीम अंसारी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया।

## मुजफ्फरपुर में 14.74 करोड़ की लागत से लगेगी आधुनिक फर्नीचर निर्माण इकाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुजफ्फरपुर के डुमरिया औद्योगिक क्षेत्र में आधुनिक फर्नीचर एवं इंटीरियर उत्पाद निर्माण इकाई स्थापित करने की मंजूरी दी गई है। एम/एस सिटी एडवरटाइजिंग द्वारा करीब 14.74 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होने वाली इस परियोजना से लगभग 50 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उद्योग विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह इकाई 0.46 एकड़ भूमि पर स्थापित होगी। यहां मॉड्यूलर फर्नीचर, स्टील आलमारी तथा घरेलू एवं कार्यालय उपयोग के विभिन्न इंटीरियर उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। परियोजना को बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) की परियोजना समाशोधन समिति (पीसीसी) की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार सरकार राज्य को आधुनिक औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं स्थानीय उद्योगों को मजबूती देने के साथ-साथ रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को नई गति देंगी। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार में निवेशकों को बेहतर आधारभूत संरचना, पारदर्शी प्रक्रियाएं और निवेशक-अनुकूल नीतियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि फर्नीचर एवं इंटीरियर उत्पाद निर्माण जैसे क्षेत्रों में हो रहा निवेश राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति देगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराएगा।

## विश्वामित्र सेना ने उठाई बक्सर कॉरिडोर निर्माण की मांग

### अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित हो बक्सर, धार्मिक पर्यटन को मिले नई पहचान : राजकुमार चौबे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी पटना स्थित होटल चाणक्य में विश्वामित्र सेना द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने बक्सर को धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि बक्सर को अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित करते हुए बक्सर कॉरिडोर का निर्माण किया जाना चाहिए, ताकि इसकी ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल सके। राजकुमार चौबे ने कहा कि बक्सर महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि है और भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का साक्षी रहा है। इसके बावजूद बक्सर को आज तक वह महत्व और आधारभूत सुविधाएं नहीं मिल सकी है जिसकी यह पवित्र भूमि हकदार है। उन्होंने कहा कि यदि बिहार में पर्यटन को नई दिशा देनी है और अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना है तो धार्मिक पर्यटन के विकास को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि बक्सर कॉरिडोर के निर्माण से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## तीन वर्षों में राज्य की 2.72 हजार हेक्टेयर चौर भूमि मछली पालन से हुई समृद्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार के प्रयासों से बीते तीन वर्षों में 2.72 हजार हेक्टेयर चौर भूमि पर नए तालाब बनाए गए हैं। इन तालाबों का निर्माण डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री चौर विकास योजना के तहत हुआ है। इस पहल से बेकार पड़ी भूमि अब मछली पालन से समृद्ध हो चुकी है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में इससे मछली पालक किसानों की आय में तेजी से बढ़ोतरी होगी। साथ ही इससे मछली उत्पादन और निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। कृषि रोड मैप के तहत मुख्यमंत्री चौर विकास योजना के माध्यम से उत्तर बिहार के चौर-बहुल जिलों में अवस्थित चौर भूमि पर मॉडल आधारित नए तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से लेकर 2025-26 तक कुल 2,800 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2,721.73 हेक्टेयर चौर भूमि में आधुनिक तालाबों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। वहीं वित्तीय वर्ष 2008-09 से अब तक संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से कुल 7.99 हजार हेक्टेयर में नए जल क्षेत्र का सृजन किया जा चुका है।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी सह सम्मान समारोह सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** जन चेतना एवं जन शिक्षा पर केन्द्रित स्वयंसेवी संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएसन के सभागार में संगोष्ठी सह सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। ख्यातिनाम चिकित्सक पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा ने समारोह की अध्यक्षता की जबकि कार्यक्रम का संचालन सचिव राजेश राज ने किया और आगत अतिथियों का स्वागत संस्था के मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ ने किया। समारोह का उद्घाटन डॉ प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया और कहा कि चिकित्सक धरती के भगवान हैं। इनका सदा सम्मान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ एक्सलेंसी अवार्ड से पद्म श्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा, डॉ. (प्रो.) एस.ए. कृष्णा, डॉ. दिवाकर तेजस्वी, डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ. तर्जनी शंकर, डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. पूजा, डॉ. सीतेश कुमार कर्ण, डॉ. कुमार अभिनव, डॉ राजीव कुमार, डॉ. त्रिलोकी गोलवारा, डॉ. अनिल कुमार (नवादा), डॉ. आर. पी. सिंह (होमियोपैथ चिकित्सक), डॉ. आर. के. गुप्ता, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. अभिनव सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. आनंद शंकर, डॉ. मयंक अस्मित, डॉ विकाश कुमार साथ ही साथ स्वास्थ्य जागरुकता में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ अवेयरनेस अवार्ड अभिषेक कुमार, अमित कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, कुमार पंकज सिन्हा, मनोज कुमार, मो. वासिम अंसारी, मुकेश कुमार वर्मा, मोहित कुमार, शैल सिंह, धीरेन्द्र गुप्ता, प्रेम कुमार मंचस्थ अतिथियों ने अंगवस्त्र, प्रतिक चिन्ह व सम्मानपत्र से सम्मानित किया गया।

## पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा रेलवे द्वारा चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 05557/05558 रक्सौल-लोकमान्य तिलक-रक्सौल स्पेशल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू के रास्ते रक्सौल और लोकमान्य तिलक के मध्य चलायी जा रही स्पेशल अब जुलाई के अंत तक चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 05557 रक्सौल-लोकमान्य तिलक स्पेशल अब रक्सौल से 28.07.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 05558 लोकमान्य तिलक-रक्सौल स्पेशल अब लोकमान्य तिलक से 30.07.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 03253/03254/03255 पटना-चर्लपल्ली-पटना स्पेशल - गया-कोडरमा- गोमो-रांची-बिलासपुर-रायपुर-नागपुर-काजीपेट के रास्ते पटना और चर्लपल्ली के मध्य चलायी जा रही स्पेशल अब जुलाई के अंत तक चलायी जाएगी । गाड़ी सं. 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल अब पटना से 29.07.26 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को परिचालित की जाएगी।

## रोटरी क्लब ऑफ पटना ने किया टीम जोश का शुभारंभ

### रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए 84 सेवा परियोजनाओं की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन रोटरी क्लब ऑफ पटना ने रोटरी भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी टीम जोश तथा वर्षभर की महत्वाकांक्षी सेवा योजनाओं की घोषणा की। लगभग 83 वर्षों से निरंतर समाज सेवा कर रहे इस क्लब ने अपने 84वें सेवा वर्ष के उपलक्ष्य में 84 जनहितकारी सेवा परियोजनाएं संचालित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नई टीम में अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. रवि कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष रोटेरियन अनामिका नंदन, सचिव रोटेरियन डॉ. दयानिधि कुमार, कोषाध्यक्ष रोटेरियन सरिता प्रसाद, प्रेसिडेंट-इलेक्ट रोटेरियन अरिजीत मित्रा, संयुक्त सचिव रोटेरियन सैकत सेन गुप्ता, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन रश्मि कुमारी, सार्जेंट-एट-आर्म्स रोटेरियन डॉ. शिप्रा भारती, निदेशक रोटेरियन रमेश चन्द्र, रोटेरियन अनुज राज, रोटेरियन अनुप कुमार पालित, रोटेरियन हिमांशु रंजन एवं रोटेरियन कविता नाथ तथा संपादकीय टीम में रोटेरियन कमल किशोर वर्मा एवं रोटेरियन सुचित्रा कुमारी शामिल हैं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष की थीम आओ थोड़ा मुस्कुरा लें केवल एक संदेश नहीं, बल्कि समाज में आशा, सकारात्मकता और मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाने का संकल्प है।

CMYK

# एसपी के जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, शिकायतों पर हुई सुनवाई

## एसपी रौशन कुमार ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन और संवेदनशील व्यवहार का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के लिए रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में सोमवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से करीब पांच दर्जन से अधिक फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। एसपी ने सभी की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जनता दरबार के दौरान फरियादियों ने भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, पुलिस कार्रवाई तथा अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें रखीं। एसपी रौशन कुमार ने एक-एक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों को मामलों का निष्पक्ष, त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को फरियादियों के साथ सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने स्पष्ट कहा कि प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका निष्पादन किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक प्रतिदिन अपने कार्यालय में आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाते हैं। हाल के दिनों में आयोजित जनता दरबारों में बड़ी संख्या में शिकायतों का निस्तारण किया गया है जिनमें कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी कर राहत प्रदान की गई। रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की कार्यशैली को लेकर आम लोगों में सकारात्मक संदेश जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले को एक सक्रिय, संवेदनशील और जनसरोकारों से जुड़ा पुलिस अधीक्षक मिला है जो जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। इससे लोगों का पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

# राष्ट्र निर्माण में पर्यावरण की भूमिका पर संगोष्ठी, पौधारोपण पर दिया बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज जिला इकाई द्वारा रविवार को पूर्व विधायक राजेश्वर राज के आवास पर 'राष्ट्र निर्माण में पर्यावरण की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसके बाद अतिथियों को अंगवस्त्र और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ कन्हैया सिंह ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण के बिना राष्ट्र किसी भी क्षेत्र में प्रगति नहीं कर सकता। मुख्य अतिथि प्रो अलाउद्दीन अजीजी ने चेतावनी दी कि पर्यावरण का अंधाधुंध दोहन देश के लिए गंभीर खतरा है और इसके प्रति समय रहते सजग होना अनिवार्य है। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने पर्यावरण को सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा। मुख्य वक्ता डॉ रंजीत कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र के समग्र विकास में प्रत्येक प्राकृतिक संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विभाग संयोजक डॉ अरुण कुमार ने जानकारी दी कि रोहतास विभाग बीते कई महीनों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर संगोष्ठी, पौधारोपण अभियान और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहा है तथा जल्द ही चारों जिलों में एक बड़ा कार्यक्रम प्रस्तावित है।

# मैकू राम मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**तिलौथू (सासाराम)।** मैकू राम के विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले को लेकर निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग तेज हो गई है। जारी बयान में कहा गया है कि उपलब्ध दस्तावेज कई गंभीर सवाल खड़े करते हैं। कानूनी नोटिस, सुलहनामा और बैंक लेन-देन के रिकॉर्ड के आधार पर दावा किया गया है कि विवाद जमीन और पैसों के लेन-देन से जुड़ा था। बयान के अनुसार सुलहनामा के पक्षकारों में मैकू राम का नाम नहीं है और कानूनी नोटिस में भी नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेने का उल्लेख नहीं मिलता। ऐसे में उन्हें आपराधिक मामले में शामिल किए जाने पर सवाल उठाए गए हैं। बयान में एफआईआर में डी.एल.एड. और सीटीईटी प्रमाणपत्र के आधार पर लगाए गए आरोपों पर भी आपत्ति जताई गई है। इसमें कहा गया है कि यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि क्या डी.एल.एड. या सीटीईटी प्रमाणपत्र के आधार पर हाई स्कूल में नौकरी की जा सकती है। बिना तथ्यात्मक आधार के ऐसे आरोप किसी की छवि धूमिल करने का माध्यम नहीं बनने चाहिए। यह भी आरोप लगाया गया है कि एक ही बैंक लेन-देन को पहले कानूनी नोटिस, फिर सुलहनामा और बाद में आपराधिक मुकदमे का आधार बनाया गया, जिससे पूरे घटनाक्रम की गहन जांच आवश्यक हो गई है। बयान में दावा किया गया है कि व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों से मैकू राम की सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। यदि जांच में षड्यंत्र की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। बयान में कहा गया है कि मैकू राम के नेतृत्व में विद्यालय में शैक्षणिक नवाचार हुए, इसरो की स्पेस लैब स्थापित हुई, विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में पहचान मिली और राज्य स्तर पर उसकी विशिष्ट पहचान बनी। अंत में प्रशासन और न्यायपालिका से समयबद्ध, निष्पक्ष जांच कर सत्य सामने लाने तथा निर्दोष होने की स्थिति में मैकू राम को न्याय दिलाने की मांग की गई है।

# वज्रपात से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिला मुख्यालय भभुआ में मंगलवार शाम मानसून की पहली बारिश एक परिवार के लिए मातम बन गई। शाम करीब चार बजे हुई तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 24 निवासी रज्जन सेठ की लगभग 60 वर्षीय पत्नी बारिश शुरू होने पर अपने घर की छत पर रखी बालू समेट रही थीं। इसी दौरान अचानक हुए वज्रपात की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल सदर अस्पताल, भभुआ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पत्नी की हत्या के दोषी पति कमलेश सिंह को आजीवन कारावास, 15 हजार जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** पत्नी की हत्या के एक सनसनीखेज मामले में सासाराम जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अनुज कुमार जैन की अदालत ने अभियुक्त को कड़ी सजा सुनाई है।

**क्या है पूरा मामला**

कोर्ट ने करगहर थाना क्षेत्र के बभनी निवासी कमलेश सिंह को आईपीसी की धारा 302 यानी हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही धारा 498(क) दहेज प्रताड़ना में 3 साल का सश्रम कारावास भी दिया गया। कोर्ट ने अभियुक्त पर 15,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर उसे 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

**अभियोजन पक्ष का आरोप**

लोक अभियोजक उपेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले के सूचक मृतका के पिता देवन सिंह हैं। उनके अनुसार 20-07-2022 की रात लगभग 11 बजे कमलेश सिंह उनके घर में घुसा। उस समय उनकी पुत्री अंजू देवी दूसरी मंजिल की छत पर सो रही थी। कमलेश ने चाकू और ईंट से उस पर कई बार हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। उसी समय छत पर सो रही नातिन रानी कुमारी ने यह देखकर शोर मचाया और छत से कूद गई। अभियुक्त ने उसे भी मारने का प्रयास किया, लेकिन वह बच गई। अभियुक्त ने रानी कुमारी को भी जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर जब देवन सिंह अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे तो अभियुक्त भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया।

**कानूनी प्रक्रिया**

देवन सिंह के लिखित आवेदन पर चेनारी थाना में कांड संख्या 221/2022 दर्ज किया गया था। धाराएं 498(क), 341, 323, 307, 504, 506 आईपीसी लगाई गई थीं। अनुसंधान के बाद आईओ ने आरोप पत्र संख्या 240/2022 दाखिल किया। एसीजेएम-2, सासाराम ने 15-10-2022 को धारा 498(क) एवं 302 में संज्ञान लिया। 01-04-2023 को यह वाद विचारण के लिए सत्र न्यायालय भेजा गया। सत्र विचारण संख्या 362/2023 पंजीकृत कर 18-01-2024 को कमलेश सिंह पर धारा 498(क) एवं 302 में आरोप विरचित किए गए।

**कोर्ट में क्या हुआ**

विचारण के दौरान अभियोजन ने कुल 7 गवाह पेश किए जिनमें सूचनाकर्ता देवन सिंह, चश्मदीद रानी कुमारी, आईओ पंकज कुमार, मेडिकल गवाह डॉ. अबरार अहमद और एफएसएल गवाह डॉ. पूजा मेहता शामिल थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, विसरा रिपोर्ट और एफआईआर को साक्ष्य के रूप में रखा गया। आरोपी कमलेश सिंह ने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उसे झूठा फंसाया गया है। बचाव में उसने स्वयं डी.डब्ल्यू.-1 के रूप में गवाही दी। बचाव पक्ष की अधिवक्ता प्रतिभा पल्लवी थी जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तरफ से अभियुक्त का पक्ष रखने के लिए नियुक्त किया गया था। सभी साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने अभियुक्त को दोषी पाया और यह सजा सुनाई।

# मूर्ति चोरी मामले का जल्द होगा उद्भेदन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** जिले के दरिहट थाना क्षेत्र से जहां बीते 21 जून को थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरकप गांव के ठाकुरबाड़ी से अष्टधातु से बने भगवान कृष्ण, राम, सीता जी और ठाकुर जी की मूर्ति चोरी हो गई थी जिसमें बांक गांव के समीप रास्ते पर माता सीता की मूर्ति मिली थी, परंतु भगवान कृष्ण, राम और ठाकुर जी की मूर्ति अभी तक बरामद नहीं हुई है। मूर्ति बरामदगी को लेकर गांव के लोगों ने ठाकुरवाड़ी परिसर में बैठक की जिसमें चोरी के मामले के साथ ठाकुरबाड़ी का सुरक्षा, विकास, पर चर्चा हुई। मौके पर पहुंचे दरिहट थाना अध्यक्ष रविरंजन प्रियदर्शी ने बताया कि चोरी के मामले का उद्भेदन को लेकर साक्ष्य के आधार पर सभी पहलुओं पर कार्य हो रही है जल्द ही मामले का उद्भेदन होगा। मौके पर नंदू यादव, रोशन कुमार, अंबुज, मुन्ना कुमार, मनोज कुमार, सूर्यनाथ सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# तीन को भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन, जिले भर से जुटेंगे हजारों कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** भारतीय जनता पार्टी, रोहतास द्वारा आगामी 3 जुलाई को तिलौथू स्थित शिव शक्ति मैरिज हॉल में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में रोहतास जिले के सभी मंडलों एवं मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन को लेकर संगठन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस क्रम में तिलौथू में एक बैठक का आयोजन कर कार्यक्रम की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकर्ता किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना तथा बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को गति देना है। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां, स्वागत व्यवस्था, मंच संचालन, पंजीकरण, पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, जिला महामंत्री एवं सासाराम प्रभारी प्यारेलाल ओझा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण प्रसाद, जिला प्रवक्ता महेंद्र ओझा, डिहरी विधानसभा संयोजक डॉ. नवीन नटराज, किसान मोर्चा जिला महामंत्री विनोद कुशवाहा, तिलौथू पूर्वी मंडल अध्यक्ष ऋतुराज उपाध्याय, तिलौथू पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अभय कुशवाहा, युवा मोर्चा जिला मंत्री अभय प्रजापति, महामंत्री सुनील गोस्वामी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष ददन पासवान, किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सरैया मुखिया संजय कुमार चौधरी, सुधीर कुमार, रवि, रामनाथ कुशवाहा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि 3 जुलाई का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होगा और इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार होगा। सम्मेलन के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के साथ-साथ आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# हाईडल नहर में मिला 11 वर्षीय बालक का शव, डूबने से मौत की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के पटनवा खुर्द गांव निवासी 11 वर्षीय आदित्य कुमार का शव मंगलवार को डिहरी स्थित हाईडल (हाइड्रोइलेक्ट्रिक) नहर के फाटक में फंसा मिला। आदित्य सोमवार दोपहर घर से निकला था और देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने इंद्रपुरी थाना में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी। मंगलवार दोपहर खोजबीन के दौरान नहर के फाटक में फंसा शव मिला जिसकी पहचान आदित्य कुमार के रूप में हुई। सूचना पर डिहरी व इंद्रपुरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इंद्रपुरी थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया नहर किनारे शौच के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने की आशंका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर है।

# किशोरी के अपहरण की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी के शादी की नियत से अपहरण की प्राथमिकी किया गया है। पुलिस के अनुसार प्राथमिकी में किशोरी के भाई ने कहा है कि उसकी बहन प्रत्येक दिन की तरह शाम में ट्यूशन पढ़ने जाती थी। शनिवार को वह ट्यूशन पढ़ाने घर के लिए निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। उसने बारह पत्थर निवासी कृष कुमार पर शादी की नियत से अपहरण की आशंका जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-32-26, दिनांक 26.06.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल: प्राइमरी और सेकंडरी मेंटेनेंस के दौरान एलएचबी कोचों के परीक्षण के लिए नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स, आसनसोल में 2000 केवीए सीएसएस के माध्यम से एचओजी कोचों के रखरखाव के लिए 750 वो. पावर सप्लाई के प्रावधान के साथ अन्य विद्युत सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 5,22,71,981.52, **बयाना राशि:** रु. 10,45,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 21.07.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps. gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-156/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# डीडीयू मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों का किया गया समापक भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू) में जून-2026 के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों के सम्मान में इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में कार्मिक विभाग द्वारा समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने मंडल के 21 सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को उनके समस्त सेवानिवृत्ति संबंधी देयों एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित समापक भुगतान प्रदान किया। इस अवसर पर कर्मचारियों को दस करोड़ चौहत्तर लाख छियासठ हजार एक सौ बीस रुपये की राशि विभिन्न सेवानिवृत्ति देयों के अंतर्गत वितरित की गई। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि डीडीयू मंडल की उपलब्धियों, कार्यकुशलता एवं निरंतर प्रगति में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और दीर्घकालीन योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखद एवं सक्रिय जीवन की कामना करते हुए उनसे अपने बहुमूल्य अनुभवों से समय-समय पर संगठन का मार्गदर्शन करते रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान वित्तीय प्रबंधन, निवेश एवं वित्तीय सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता, डिजिटल सुरक्षा तथा सेवानिवृत्ति के उपरांत उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के संबंध में भी उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। समारोह में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी नीरज कुमार, स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक ए.के. श्रीवास्तव, विभिन्न रेल शाखा अधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधि, रेलकर्मी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे। समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# हाई स्कूल की कमी से शिक्षा के अधिकार अधिनियम की अनदेखी, विधायक से मिला सिर्फ आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दावथ प्रखंड मुख्यालय में हाई स्कूल की व्यवस्था नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यहां अब तक मध्य विद्यालय को हाई स्कूल में अपग्रेड करने या नए निर्माण की कोई सुनिश्चित स्वीकृति नहीं मिली है। नगर पंचायत कोआथ के गंगटी में स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह से जब लोगों ने सवाल किया कि सरकार प्रखंड मुख्यालय में महाविद्यालय तो बनवा रही है, लेकिन हाई स्कूल क्यों नहीं बन रहा तो उन्होंने केवल लगे रहने का आश्वासन दिया। नियमों के मुताबिक एक ही जगह दो मध्य विद्यालय होने पर एक को हाई स्कूल में उत्क्रमित किया जा सकता है। दावथ में दो मध्य विद्यालय एक ही स्थान पर संचालित हैं जिनमें से एक पुराना और दर्जनों कमरों वाला मध्य विद्यालय मौजूद है, फिर भी उसे हाई स्कूल का दर्जा नहीं मिला। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बगल के उसरी पंचायत के दो कमरों वाले विद्यालय में तुरंत प्लस टू की व्यवस्था कर दी गई, वहीं बभनौल पंचायत में पहले से प्लस टू विद्यालय होने के बावजूद मध्य विद्यालय को हाई स्कूल में बदल दिया गया। ऐसे में दावथ में यह सुविधा क्यों नहीं दी जा रही, यह सवाल उठ रहा है। विधायक के आश्वासन के बावजूद स्थाई समाधान नजर नहीं आ रहा। समाजसेवी मनोज कुमार सिंह गांधी, रामेश्वर गिरी डॉक्टर सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता अभय अपूर्व हैदर सिद्दीकी पूर्व मुखिया चंद्रमा सिंह, काशीनाथ शाह, राजकुमार गुप्ता और रूदल आदि अनेक लोगों ने यह कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 14 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देना अनिवार्य है, लेकिन हाई स्कूल के अभाव में दावथ के बच्चे आगे की पढ़ाई के लिए तरस रहे हैं और इस अधिकार की अवहेलना हो रही है। ग्रामीणों की मांग है कि सरकार जल्द मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर हाई स्कूल की स्थापना करे ताकि बच्चों को दूर न जाना पड़े और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। हालांकि सरकारी दफ्तरों में चक्कर काट चुके ग्रामीणों ने अपने अगले आंदोलन के तौर पर सड़क जाम तक की भी बातें कही।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/3/डब्ल्यू-II, दिनांक 29.06.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-112-26-27, कार्य का नाम:** डीईएन/3/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52 केजी (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर-260), (नया/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट वेल्डिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 2,73,58,500.32, **बयाना राशि:** रु. 5,47,200/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-114-26-27, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल में वरिष्ठ डीईएन/सी/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में खराब तट वाले स्थान पर सेस की मरम्मत सहित मानसून से बचाव के उपाय के रूप में तट की सुरक्षा एवं सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,30,52,006.95, **बयाना राशि :** रु. 2,61,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.07.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 24.07.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: www.ireps. gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-102/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# कैमूर में 208 हिट एंड रन पीड़ितों को मिला मुआवजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले में हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं के 208 पीड़ितों और उनके आश्रितों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत मुआवजा दिया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) रवि रंजन ने बताया कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार अप्रैल 2022 से जिले में हिट एंड रन मामलों के दावाकर्ताओं और मृतकों के आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा रहा है। अब तक कुल 293 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 208 मामलों में पीड़ितों या उनके आश्रितों को सीधे मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। डीटीओ ने स्पष्ट किया कि शेष लंबित मामलों में आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन और अन्य औपचारिक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही है। इसके बाद बचे हुए पात्र लाभुकों को भी शीघ्र भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि योजना से किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। पीड़ित या उनके आश्रित किसी भी प्रकार की जानकारी, आवेदन की स्थिति या सहायता के लिए जिला परिवहन कार्यालय से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

# डीएसपी बन सानिया कलीम ने बढ़ाया डिहरी और रोहतास का मान, समाज ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डिहरी-ऑन-सोन की बेटी सानिया कलीम ने डीएसपी पद प्राप्त कर परिवार, समाज और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक संगठनों के लोगों ने उनके घर पहुंचकर सम्मानित किया। डिहरी ऑन-सोन कमरानगंज निवासी सानिया कलीम एक शिक्षित परिवार से आती है। उनके पिता मोहम्मद कलीम मंसूरी सेवानिवृत्त शिक्षक हैं जबकि माता अंजुम परवीन शिक्षिका हैं। सानिया ने पटना स्थित हज भवन में रहकर बीपीएससी परीक्षा की तैयारी की और अपने अथक परिश्रम तथा दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता हासिल की। सानिया ने कहा कि डीएसपी बनना उनके जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन उनका अंतिम लक्ष्य भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होना है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे आगे भी पूरी मेहनत के साथ अपने सपने को साकार करेंगी। परिवार के सदस्यों में बड़े चाचा शमीम अहमद सेवानिवृत्त शिक्षक हैं जबकि दूसरे चाचा सरफराज अहमद सेना से सेवानिवृत्त हैं। चाचा नेसार अहमद शिक्षक हैं तथा उनके चचेरे भाई डॉ. सुहैल अहमद एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसे प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण में पली-बढ़ी सानिया की सफलता को पूरे परिवार की उपलब्धि माना जा रहा है।

पत्रकार एवं अधिवक्ता मो. तस्लीम उल हक ने कहा सानिया कलीम हमारे समाज की शान हैं। उनकी सफलता नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह साबित करती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सानिया की सफलता पर डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, पूर्व डिहरी विधायक इं. सत्यनारायण सिंह यादव, भोजपुर के डीडीसी बलदेव चौधरी, राजद के प्रत्याशी रहे गुड्डू चन्द्रवंशी, जदयू नेता बिंदा चंद्रवंशी, समाजसेवी धर्मू चौधरी, सोनू चौधरी, आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, रोहतास फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष अफजल मलिक, सचिव नौशाद आलम उर्फ गुड्डू बाबू, पत्रकार वारिस अली, रेल कर्मचारी शकील अहमद सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके आवास पहुंचकर अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं मिठाई देकर सम्मानित किया।

# राजगीर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मरण पक्ष पर छात्र-छात्रा सम्मेलन

**राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल बोले— देशविरोधी साजिशों से सतर्क रहें युवा, राष्ट्र निर्माण में निभाएं सक्रिय भूमिका**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर**। भारतीय जनता युवा मोर्चा, नालंदा एवं भाजपा महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजगीर स्थित संस्कार सेवा सदन में डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पक्ष के अवसर पर छात्र-छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल तथा भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रसेवा और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर विकास की



नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैलाए जा रहे देशविरोधी दुष्प्रचार से सतर्क रहने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का दायित्व है कि वे ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान करें। भ्रष्टाचार और अपराध के विरुद्ध समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ। मुखर्जी ने "एक देश, एक संविधान और एक निशान" के संकल्प के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। वहीं बिहारशरीफ के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ। सुनील कुमार ने कहा कि भाजपा राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करने वाली पार्टी है तथा केंद्र सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज, प्रदेश मंत्री आनंद प्रकाश, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में रुचि श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चिंटू यादव की मौत के बाद पीड़ित परिवार से मिले पप्पू यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के जहांगीरपुर गांव निवासी चिंटू यादव की मौत के मामले को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर राज्य सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। जानकारी के अनुसार 21 जून को चिंटू यादव के साथ मारपीट हुई थी। गंभीर रूप से घायल चिंटू को 22 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 23 जून की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना के कई दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पप्पू यादव ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि नालंदा में हत्या, बलात्कार और अन्य अपराधों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं तथा कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों की कोई जाति नहीं होती और कानून सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए।सांसद ने मामले में हत्या की धारा के तहत कड़ी कार्रवाई, स्पीडी ट्रायल, आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो न्याय के लिए आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**एक नजर**

### लूटपाट का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। करायपरसुराय थाना क्षेत्र के असियापर मोड़ के पास आठ जून की रात बदमाशों ने आंगनबाड़ी सेविका से लूटपाट की थी। पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया है। दो लुटेरों समेत तीन को गिरफ्तार किया गया है। तीसरे पर चोरी का जेवर खरीदने का आरोप लगाया गया है। लुटेरों के पास से मोबाइल फोन, सोने की कनबाली व घटना में इस्तेमाल की गयी बाइक बरामद की गयी है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार पासवान ने बताया कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने सोने की चेन, कनबाली, 45 हजार रुपये, कपड़े व मोबाइल लूट लिये थे। छानबीन के बाद पटना जिला के फतुहा थाना क्षेत्र के हाजीपुर-डुमरी गांव के ओमप्रकाश साव, सुपनचक के रजनीश कुमार को पकड़ा गया। लूट गये जेवर खरीदने के आरोप में पचरुखिया थाना क्षेत्र के सुदीहा गांव निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया गया। लूटे गये अन्य सामानों को बरामद करने के लिए छापेमारी चल रही है।

### संदिग्ध हालात में युवक का शव बरामद

**इसलामपुर**। इसलामपुर थाना क्षेत्र के दहौर विगहा गांव स्थित हनुमानगढ़ी खंधा के पास मंगलवार सुबह एक 35 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दहौर विगहा निवासी नगीना दास के पुत्र कांग्रेस कुमार के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही हिलसा-2 के डीएसपी कुमार ऋषिराज और इसलामपुर थानाध्यक्ष रणविजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया।डीएसपी कुमार ऋषिराज ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को हनुमानगढ़ी खंधा में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर बोरिंग के पास युवक का शव बरामद किया गया। प्रथम दृष्टया मामला करंट लगने से मौत का प्रतीत होता है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

## द्वितीय अपील की सुनवाई, तीन मामलों का ऑन द-स्पॉट निवारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल चार परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से तीन मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया।



प्रस्तुत द्वितीय अपील वादों में सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा सेवांत लाभ (सामान्य भविष्य निधि) के भुगतान के उपरांत विलंब अवधि के ब्याज का भुगतान करने के संबंध में, शीतल प्रसाद द्वारा बिहार सरकार की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के संबंध में तथा विक्की कुमार द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से होटल खोलने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों की सुनवाई की गई।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है। वहीं, जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज कराने एवं उसके निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है तथा आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील भी दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं।

## नीतीश मेरे नेता नहीं, बड़े भाई हैं : आनंद मोहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिले के मोरा तालाब में सोमवार की रात पूर्व सांसद आनंद मोहन के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने बिहार की मौजूदा राजनीति, सत्ता परिवर्तन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ अपने संबंध, विभागों के बंटवारे और एनकाउंटर संस्कृति सहित कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी।आनंद मोहन ने कहा कि नीतीश कुमार उनके नेता नहीं, बल्कि बड़े भाई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों जेपी आंदोलन की उपज हैं और उनके बीच भाईचारे का रिश्ता है। सत्ता परिवर्तन पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जब एनडीए ने चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने का वादा किया था और सरकार सुचारू रूप से चल रही थी, तो फिर उन्हें पद से हटाने की नौबत क्यों आई। उन्होंने इसे जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मजाक बताया।पूर्व सांसद ने बिना



किसी का नाम लिए सत्ता के शीर्ष पर बैठे कुछ लोगों पर पद के दुरुपयोग और आर्थिक साम्राज्य खड़ा करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि वर्षों तक पार्टी के लिए संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गई है। परिवारवाद के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि यदि उन्हें केवल परिवार की चिंता होती तो वे सक्रिय राजनीति में संघर्ष नहीं करते।उन्होंने सरकार में विभागों के बंटवारे पर भी नाराजगी जताई और कहा कि उनके समाज के नेताओं को हमेशा सीमित विभाग ही दिए जाते हैं। आरा के भरत तिवारी एनकाउंटर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे न बुलडोजर संस्कृति के पक्षधर हैं और न ही एनकाउंटर संस्कृति के। उनका कहना था कि अपराधियों को सजा देने का अधिकार केवल न्यायपालिका को है, पुलिस का नहीं। कार्यक्रम में अविनाश सिंह, अंकित सिंह, अजय सिंह, विक्की सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजन सिंह, बिट्टू सिंह, मुनचुन सिंह, राजवीर सिंह, चंदन सिंह, शुभम सिंह, नीतीश कुमार उर्फ पिंटु अजीत सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुख्य आरोपित ने किया सरेंडर

**राजगीर**। राजगीर थाना कांड संख्या 411/26 एवं 412/26 में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के मुख्य आरोपी दीनानाथ शरण ने मंगलवार को बढ़ते पुलिस दबाव के बीच नालंदा व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष अनुसंधान दल द्वारा वायरल वीडियो,सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की पहचान कर लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। इसी दबाव के कारण मुख्य आरोपी दीनानाथ शरण, पिता गुरु भगवती शरण, चेला भागवत शरण, निवासी पुरानी दशरथ किला झुनकिया बाबा मंदिर, रेलवे स्टेशन राजगीर ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया।पुलिस ने बताया कि आरोपी को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस मामले में अब तक सत्यापित सभी आरोपितों की गिरफ्तारी अथवा आत्मसमर्पण सुनिश्चित कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार कांड का अनुसंधान अंतिम चरण में है और शीघ्र ही न्यायालय में आरोप-पत्र दाखिल किया जाएगा। इसके बाद मामले के त्वरित निष्पादन के लिए स्पीडी ट्रायल चलाने का अनुरोध न्यायालय से किया जाएगा, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द कानून के अनुसार सजा दिलाई जा सके।

### सब्जी व्यवसायी पर जानलेवा हमला

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के सूर्य मंदिर तालाब स्थित तकिया के पास एक सब्जी व्यवसायी पर जानलेवा हमला कर करीब 1.25 लाख रुपये और मोबाइल फोन लूट लेने का मामला सामने आया है। घायल के फर्दबयान पर दीपनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार कमरुद्दीनगंज निवासी 48 वर्षीय संजय कुमार, पिता रामप्रीत प्रसाद, सब्जी व्यवसायी हैं। उन्होंने बताया कि वह विभिन्न स्थानों से रुपये की वसूली कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। सूर्य मंदिर तालाब के पास चार युवकों ने उन्हें रुकने का इशारा किया। जैसे ही उन्होंने बाइक धीमी की, एक युवक ने उनके सिर पर हमला कर दिया। हेलमेट पहने होने के कारण उनकी जान बच गई, हालांकि हेलमेट टूट गया और वह सड़क पर गिर पड़े। संजय कुमार का आरोप है कि गिरने के बाद चारों युवकों ने उनकी बेरहमी से पिटाई की, जिससे वह बेहोश हो गए। होश आने पर उनकी जेब से करीब सवा लाख रुपये और मोबाइल फोन गायब था। उन्होंने तकिया निवासी सत्येंद्र पासवान और डील्टू पासवान को नामजद करते हुए पुरानी रंजिश में घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की जा रही है। साक्ष्य मिलने पर सभी आरोपितों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### राजस्व कर्मचारी के गायब रहने से प्रमाण पत्र बनाने में हो रही भारी परेशानी

**कौआकोल**। कौआकोल अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारियों की मनमानी और मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण इन दिनों विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनवाने सहित अन्य कार्यों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार तत्काल प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया में अब राजस्व अधिकारी द्वारा राजस्व कर्मचारी से सत्यापन करवाने को अनिवार्य कर दिया गया है। लेकिन संबंधित राजस्व कर्मचारी के मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहने से यह प्रक्रिया बाधित हो रही है। इसका सीधा असर आम लोगों,खासकर छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है,जिन्हें स्कूल, कॉलेज, छात्रवृत्ति एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए समय पर प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कर्मचारियों की लापरवाही के कारण दिनों-दिन परेशानी बढ़ती जा रही है। इसको लेकर लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्था में सुधार लाने और नियमित रूप से कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### पीएमश्री योजना के तहत मध्य विद्यालय फुलडीह का बापू इंटर विद्यालय में संविलयन

**कौआकोल**। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के तहत जिले के चयनित विद्यालयों के साथ आसपास के मध्य विद्यालयों का चरणबद्ध संविलयन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कौआकोल प्रखंड के मध्य विद्यालय फुलडीह के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का विधिवत संविलयन बापू इंटर विद्यालय, पांडेयगंगौट में किया गया। प्राप्त आदेश के अनुसार जिले में चयनित 21 पीएमश्री विद्यालयों के साथ निकटवर्ती विद्यालयों को जोड़ा जा रहा है। कौआकोल प्रखंड में बापू इंटर विद्यालय, पांडेयगंगौट एवं इंटर विद्यालय, ओखरिया का चयन पीएमश्री विद्यालय के रूप में किया गया है। इसके तहत मध्य विद्यालय फुलडीह के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों तथा दो शिक्षकों—रौनक नाज एवं श्वेता कुमार—का संविलयन बापू इंटर विद्यालय में किया गया। वहीं मध्य विद्यालय बड़राजी के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का संविलयन इंटर विद्यालय, ओखरिया में किया जाएगा। बापू इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि संविलयन की प्रक्रिया मध्य विद्यालय फुलडीह के प्रधानाध्यापक अंबेद कुमार की उपस्थिति में निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई गई। उन्होंने कहा कि पीएमश्री योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर उन्हें मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना है।

### पंचायतों में स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रही बदहाल व्यवस्था

**कौआकोल**। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गांवों को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की स्थिति कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में पूरी तरह बदहाल नजर आ रही है। प्रखंड के कई पंचायतों में कचरा उठाव की व्यवस्था लंबे समय से ठप पड़ी हुई है, जिसके कारण गांवों और सार्वजनिक स्थलों पर जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ताजा मामला प्रखंड के खड़सारी एवं पाली पंचायत की सीमा से सामने आया है,जहां पाली पंचायत के मुख्य पइन (नाला) में बड़े पैमाने पर कचरा फेंक दिया गया है। नाले में कचरा जमा होने के कारण गंदगी फैल रही है और आसपास के इलाकों में तेज दुर्गंध से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है, क्योंकि नाला जाम होने से जलनिकासी बाधित होगी और जलजमाव की समस्या पैदा हो सकती है। जानकारी के अनुसार कौआकोल प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में कचड़ा डंपिंग की व्यवस्था ठप है। घर-घर से कचड़ा उठाव के लिए लगाए गए संसाधन या तो बंद पड़े हैं या उनका संचालन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। इसके कारण लोग मजबूरी में सड़कों के किनारे, खाली जगहों और नालों में कचरा फेंकने को विवश हैं। इससे गांवों की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

## रजौली में जनगणना के द्वितीय चरण का ट्रायल शुरू, मोबाइल ऐप से होगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के तहत रजौली प्रखंड में बुधवार से जनसंख्या परिगणना का पूर्व परीक्षण शुरू हो रहा है। यह अभियान 1 जुलाई से 20 जुलाई तक चलेगा। पूर्व परीक्षण से पहले मंगलवार को चार्ज अधिकारी सह बीडीओ संजीव झा ने मध्य विद्यालय रजौली में बनाए गए प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जनगणना के सहायक निदेशक अंगद सिंह, एसआई-1 संदीप कुमार, एसआई-2 प्रताप सिन्हा, प्रधानाध्यापिका ममता रानी एवं सहायक शिक्षिका कविता झा मौजूद रहीं।

**तीन बैच में 96 प्रगणकों का प्रशिक्षण :-**

बीडीओ संजीव झा ने बताया कि रजौली प्रखंड में जनसंख्या परिगणना हेतु 96 प्रगणक एवं 17 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। सभी का प्रशिक्षण मध्य विद्यालय रजौली में जनगणना सहायक निदेशक के द्वारा तीन बैच में 1 जुलाई से 3 जुलाई तक कराया जाएगा।

**मोबाइल ऐप से होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग :-**

बीडीओ ने कहा कि पूर्व परीक्षण के दौरान प्रगणक



घर-घर जाकर डाटा संग्रह करेंगे। डाटा संग्रहण के बाद अंतिम दो दिनों में रिवीजनल राउंड होगा। इस बार की खास बात यह है कि पहली बार मोबाइल ऐप के माध्यम से सीएमएमएस पोर्टल पर रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे काम में पारदर्शिता आएगी।

**बिहार के दो जगह हो रहा पायलट प्रोजेक्ट :-**

जनगणना निदेशालय के अनुसार बिहार में नवादा जिले के रजौली प्रखंड एवं सारण जिले के सोनपुर नगर परिषद को जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के पूर्व परीक्षण के लिए चुना गया है। इसका मकसद मुख्य जनगणना से पहले फील्ड की दिक्कतों को समझना और सिस्टम को दुरुस्त करना है।

## दो स्थानों पर छापेमारी, दो बाइक व मोबाइल जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रजौली पुलिस ने मंगलवार को अंधरवारी और चरघरवा गांव में छापेमारी कर कुल 168 लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने 162 लीटर देसी महुआ शराब, 6 लीटर अंग्रेजी शराब, तस्करी में प्रयुक्त दो बाइक और एक मोबाइल फोन जब्त किया। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही तस्कर जंगल के रास्ते फरार हो गए। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि फरार आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अवैध शराब की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

## पुलिस ने अवैध खनन में संलिप्त आरोपित को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली के सवैयाटांड़ सुरक्षित वन क्षेत्र में विस्फोटक लगाकर अवैध अभ्रक उत्खनन के दौरान एक युवक की मौत के मामले में डेढ़ वर्षों से फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिमरातरी गांव निवासी स्व। कार्तिक तुरिया के पुत्र महेंद्र तुरिया के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2024 के दिसंबर माह में वन विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिकी में वनरक्षी विकास कुमार ने बताया था कि सवैयाटांड़ सुरक्षित वन में वन माफिया विस्फोटक लगाकर पहाड़ उड़ाकर अवैध अभ्रक निकालने की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। जैसे ही टीम जंगल में घुसी, तेज विस्फोट की आवाज सुनाई दी। कड़रूआ के पास 60-70 लोगों की भीड़ जमा थी। वन टीम को देखते ही सभी जंगल की ओर भाग निकले,जिसका पीछा करने पर भी कोई हाथ नहीं लगा। घटनास्थल पर विस्फोटक से ब्लास्ट के स्पष्ट साक्ष्य मिले थे एवं जांच में पता चला कि विस्फोट के दौरान गिरगी गांव निवासी वासुदेव भुइयां की मौत हो गई थी। वन विभाग ने 13 नामजद व अज्ञात माफियाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था,जिसे गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को मेडिकल जांच के बाद मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## अपहरण कांड का खुलासा, चार दिन बाद सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर**। छबिलापुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव से 8 माह के मासूम के अपहरण मामले का सफल उद्भेदन करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार 26 जून की रात करीब एक बजे कंचनपुर निवासी महेश मांझी अपने आठ माह के पुत्र जनसुराज मांझी के साथ घर के बाहर सो रहे थे। रात में नींद खुलने पर उन्होंने देखा कि उनका पुत्र बगल में नहीं है। काफी खोजबीन के बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चलने पर महेश मांझी के लिखित आवेदन के आधार पर छबिलापुर थाना में कांड संख्या-109ध्26 दर्ज किया गया।मामले



की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए अपहृत मासूम जनसुराज मांझी को सकुशल बरामद कर लिया।पुलिस ने मामले में कंचनपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार पिता रविन्द्र प्रसाद तथा मिन्टु देवी, पति अशोक कुमार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार धर्मेन्द्र कुमार की निशानदेही पर अपहृत बच्चे की बरामदगी हुई।

## बी एड प्रथम वर्ष 2025-27 तथा फाइनल वर्ष 2024-26 की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। मगध विश्वविद्यालय बोधगया द्वारा नवादा जिला के सभी बी एड कॉलेज का परीक्षा केंद्र टी।एस।कॉलेज हिसुआ में बनाया गया है। प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक प्रो पवन कुमार शर्मा ने बताया कि पथम सीटिंग में 947 तथा द्वितीय सीटिंग में 942 छात्र छात्राओं का कुल 1889 छात्र छात्राओं का परीक्षा शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त ढंग से संचालित हो रहा है, परीक्षा दिनांक 25/06/2026 से 07/07/2026 तक चलेगी । मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा कार्य में परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय कुमार चौहान, सहायक परीक्षा नियंत्रक सिन्धुकांत अनिल कुमार , शैलेंद्र कुमार,अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में परीक्षा संचालित हो रहा है। गनौर राम



कली कॉलेज नवादा, मॉडर्न कॉलेज ऑफ एडुकेशन नवादा,मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ हाइयर एडुकेशन नवादा, आर पी कॉलेज मटुक बिगहा हिसुआ, रविकान्त पूनम बी एड कॉलेज दोसूत, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एडुकेशन नवादा, के छात्र छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है आयोजित स्नातक सेम बनाया गया है महाविद्यालय के 12 कमरा में परीक्षा लिया जा रहा है । परीक्षा कार्य में,डॉ पूनम भारती,डॉ।अमरदीप मोहन अमहोरे , डॉ मुकेश कुमार, डॉ पूनम कुमारी,डॉ संजय कुमार, डॉ पीयूष मणि त्रिपाठी, रंजय कुमार, कुसुम कुमारी,डॉ अंजली कुमारी, डॉ दिव्या पाण्डेय, डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ मांडवी रानी, डॉ धनंजय कुमार,डॉ पप्पू कुमार,उपेन्द्र कुमार मिश्रा,डॉ।उत्तम कुमार, डॉ सुधीर कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार सहित शिक्षक एवं कर्मचारी लगे हुए हैं।

## भूमि विवाद में मारपीट, किशोर घायल

**रजौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। थाना क्षेत्र के चितरकोली गांव में मंगलवार को जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर दो भाइयों के परिवारों के बीच मारपीट हो गई। घटना में 14 वर्षीय किशोर विकास कुमार घायल हो गया। उसे परिजनों द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर आवश्यक दवा और इंजेक्शन दिया। घायल की पहचान चंदेश्वर प्रसाद यादव के पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। घायल की मां उर्मिला देवी ने बताया कि परिवार में पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। उनका आरोप है कि मंगलवार को बंटवारे को लेकर बातचीत के दौरान उनके छोटे देवर राजेश यादव ने विवाद के बीच उनके बेटे विकास के पेट में लात मार दी, जिससे वह दर्द से कराहने लगा। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। उर्मिला देवी ने बताया कि वह शिकायत लेकर थाने पहुंची थीं, जहां पहले घायल का इलाज कराने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि इलाज के बाद दोषियों के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगी। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## चार घंटे में लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार लूटे गए मोबाइल और नकदी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा**। थाना क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक के पास हुई लूट की घटना का पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर सफल उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटे गए दोनों मोबाइल फोन और नकदी का एक हिस्सा भी बरामद किया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।पुलिस के अनुसार 29 जून को नगरनौसा थाना को सूचना मिली कि ग्राम सदुविगहा निवासी विकास कुमार पिता सुभाष पासवान और उनके मित्र के साथ पटना से



घर लौटने के दौरान पंजाब नेशनल बैंक के पास मारपीट कर मोबाइल और नगदी लूट ली गई। पीडित विकास कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर नगरनौसा थाना कांड संख्या 153/26 दर्ज की गई।घटना के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष नगरनौसा के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने नगरनौसा थाना क्षेत्र के रवि कुमार पिता रघुनाथ प्रसाद उर्फ सुखाड़ी यादव तथा पेठियापर निवासी सूरज उर्फ बाबा पिता राकेश पाण्डेय को हिरासत में लेकर पूछताछ की।पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने अपने साथी बॉबी यादव (पिता रंजीत यादव), निवासी ढिवरापर मुशहरी, थाना नगरनौसा के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से पीडितों से लूटे गए दोनों मोबाइल फोन तथा लूटी गई राशि में से 1,700 रुपये बरामद कर लिए हैं। फरार आरोपी बॉबी यादव की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले का अनुसंधान जारी है।

# सेवानिवृत्ति पर तीन शिक्षाविदों को मिला पीपीओ, कुलपति ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी ने मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए तीन शिक्षाविदों को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार वर्मा, जगजीवन कॉलेज, गया के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र कुमार प्रजापति तथा आरएलएसवाई कॉलेज, औरंगाबाद के भौतिकी विभाग के डॉ. अरुण कुमार शामिल हैं। इस अवसर पर कार्यवाहक कुलपति ने तीनों शिक्षाविदों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और सक्रिय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान



उसके शिक्षकों और शिक्षाविदों के योगदान से बनती है। तीनों शिक्षकों ने अपने लंबे सेवाकाल में शिक्षा, अनुशासन, प्रशासनिक दक्षता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनका अनुभव और योगदान विश्वविद्यालय परिवार के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल शासकीय सेवा का समापन है, सामाजिक और शैक्षणिक दायित्वों का नहीं। ऐसे अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन भविष्य में भी विश्वविद्यालय और समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास और शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने में तीनों शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया। विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी सेवाओं के प्रति कृतज्ञ है तथा भविष्य में भी उनके अनुभवों से लाभान्वित होने की अपेक्षा रखता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं अधिकारियों के सम्मान तथा उनके वैधानिक लाभों के समयबद्ध निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों का योगदान किसी भी संस्था की सबसे बड़ी पूंजी होता है। तीनों शिक्षाविदों ने शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास रहता है कि प्रत्येक कर्मी को सेवानिवृत्ति के दिन ही सेवांत लाभ उपलब्ध कराया जाए। पीपीओ प्राप्त करने के बाद प्रो. विजय कुमार वर्मा, डॉ. सत्येंद्र कुमार प्रजापति एवं डॉ. अरुण कुमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरे सेवाकाल में उन्हें विश्वविद्यालय परिवार का भरपूर सहयोग मिला। साथ ही शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम, वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# एटीएम में कार्ड फंसने पर इंजीनियर को फोन करना पड़ा महंगा, खाते से 1.15 लाख गायब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के गोला बाजार स्थित एक्सिस बैंक एटीएम में कार्ड फंसने के बाद मदद के लिए फोन करना एक युवक को महंगा पड़ गया। एटीएम मशीन पर चिपकाए गए कथित कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क करने के बाद साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते से करीब 1.15 लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने शेरघाटी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार गुरुआ थाना क्षेत्र के पकरी गांव निवासी तथा वर्तमान में मोहल्ला बसंतबाग, शेरघाटी में रहने वाला युवक नीतीश कुमार ने बताया कि 28 जून की शाम करीब 6:30 बजे वह गोला बाजार स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गया था। इसी दौरान उसका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। पीड़ित ने बताया कि एटीएम मशीन पर 'कॉन्टैक्ट एटीएम इंजीनियर' लिखकर एक मोबाइल नंबर 9572394449 चिपकाया गया था। उसने उसी नंबर पर फोन कर सहायता मांगी। बातचीत के कुछ देर बाद उसके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से लगातार कई ट्रांजैक्शन होने लगे और देखते ही देखते खाते से कुल 1.15 लाख रुपये निकाल लिए गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने तत्काल अपना एटीएम कार्ड और यूपीआई सेवा बंद कराई। साथ ही राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई जिसकी शिकायत संख्या 305062600807982 मिली है। इसके बाद उसने साइबर थाना गया में आवेदन देकर अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस के सुझाव पर शेरघाटी थाना में भी प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है। पीड़ित ने खाते से हुए सात ट्रांजैक्शन का विवरण और ट्रांजैक्शन आईडी पुलिस को सौंपा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और एटीएम परिसर में लगाए गए फर्जी नंबर तथा ठगी में शामिल लोगों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# पैक्स कार्यकारिणी सदस्यों व प्रबंधकों का प्रशिक्षण, सदस्यों की कम उपस्थिति पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में मंगलवार को सहकारिता विभाग की ओर से पैक्स के कार्यकारिणी सदस्यों, अध्यक्षों एवं प्रबंधकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अमित कुमार एवं अमित रंजन ने पैक्स की कार्यप्रणाली और नई योजनाओं की जानकारी दी। हालांकि प्रशिक्षण में कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति बेहद कम रही जिस पर कई प्रतिभागियों ने नाराजगी जताते हुए इसे महज औपचारिकता बताया। उनका आरोप था कि बीसीओ और पैक्स अध्यक्षों द्वारा कार्यकारिणी सदस्यों को समय पर सूचना नहीं दी जाती है। प्रशिक्षकों ने बताया कि पैक्स अब केवल धान-गेहूं खरीद तक सीमित नहीं रहेगा। जल्द ही पैक्स के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की सुविधा शुरू होगी जहां आधार, बैंकिंग, राशि जमा-निकासी तथा विभिन्न प्रमाण-पत्रों से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं पैक्स अध्यक्षों ने किसानों के धान भुगतान और सीएमआर जमा प्रक्रिया में हो रही देरी का मुद्दा भी उठाया।

# पंचायत सरकार भवन निर्माण में अनियमितता, मुखिया ने की एसडीओ से जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** चांपी ग्राम पंचायत के मुखिया पप्पू पासवान ने पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य में कथित अनियमितता, घटिया सामग्री के इस्तेमाल और निर्माण में हो रही देरी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) शेरघाटी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। मुखिया ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी पंचायत सरकार भवन योजना के तहत शुरू हुआ चांपी पंचायत का भवन निर्माण करीब डेढ़ वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। मुखिया के अनुसार भवन निर्माण पूरा नहीं होने के कारण पंचायत को अपना कार्यालय नहीं मिल सका है। इससे



ग्रामीणों को जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्य और अन्य प्रशासनिक सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से निर्माण कार्य बंद रहने से पंचायत के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। आवेदन में मुखिया ने निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए भवन की मजबूती और गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार द्वारा 8 जून 2026 को जारी निर्देश में सभी पंचायत सरकार भवनों का निर्माण समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने को कहा गया है, लेकिन चांपी पंचायत में अब तक कार्य अधूरा है। मुखिया ने एसडीओ से भवन निर्माण की तकनीकी जांच कराने, दोषी एजेंसी पर कार्रवाई करने और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि पंचायती राज मंत्री, गया जिलाधिकारी और जिला पंचायती राज पदाधिकारी को भी भेजी गई है। उन्होंने बताया कि चांपी पंचायत के साथ शुरू हुआ बेला पंचायत का पंचायत सरकार भवन दो माह पहले ही बनकर तैयार हो चुका है जबकि चांपी का कार्य अभी भी अधूरा है।

# सीएचसी में महिला की मौत के बाद हंगामा, एंबुलेंस में तोड़फोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** खजूरी पंचायत के ददरेजी बाजार निवासी जितेंद्र सिंह की पत्नी की सोमवार देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला हृदय रोग से पीड़ित बताई जा रही थी। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस में तोड़फोड़ कर दी जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में गलत इंजेक्शन दिए जाने के कारण महिला की मौत हुई। उनका यह भी कहना है कि जब मरीज को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया तब एंबुलेंस चालक दल नशे की हालत में था जिससे समय पर इलाज नहीं मिल सका। हालांकि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने परिजनों के सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मरीज का उपचार नियमानुसार किया गया था और चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप निराधार है। वहीं एंबुलेंस चालक मिथलेश कुमार ने बताया कि मरीज को रेफर किए जाने के बाद एंबुलेंस अस्पताल के सामने ही खड़ी थी, लेकिन रवाना होने से पहले ही महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने गुस्से में एंबुलेंस में तोड़फोड़ कर दी। मामले को लेकर जांच की मांग उठ रही है।

# युवाओं की भागीदारी से संगठन होगा मजबूत : मंत्री सतीश चंद्र दूबे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पर्व के अवसर पर मंगलवार को शेरघाटी के कृष्णा मैरेज हॉल में छात्र-छात्रा विराट समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे शामिल हुए। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को मजबूती मिलेगी और राष्ट्र निर्माण को नई दिशा दी जा सकेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद युवा नेता रोबिन सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। संबोधन के दौरान सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रवाद,



शिक्षा और समाज सेवा का विचार आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह ने की। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के संयुक्त प्रयास से पंचायत स्तर तक संगठन विस्तार और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। समागम में संगठन विस्तार, युवा नेतृत्व और जनसंपर्क अभियान को लेकर चर्चा की गई। मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भुवन मोहिनी, जिला महामंत्री सरिता देवी, रोबिन सिंह, अजीत मिश्रा, नरेंद्र सिंह दांगी, विनय प्रसाद, प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, जिला प्रभारी सिद्धनाथ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# इनर ह्वील क्लब ऑफ गया सिटी की अध्यक्ष सीमा भदानी को बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड के लिए चुना गया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** इनर ह्वील डिस्ट्रिक्ट 325 के अंतर्गत बिहार झारखंड में कुल 96 क्लब कार्यरत हैं जिसमें 6000 सदस्याएं जुड़ी हैं जिसकी 42वीं वार्षिक अवार्ड एसेम्बली इनर ह्वील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची और इनर ह्वील क्लब ऑफ पटना के संयुक्त तत्वावधान में रांची के बी एन आर होटल चाणक्य में 27-28जून 2026 को सम्पन्न हुआ है। इसमें इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी की अध्यक्ष सीमा भदानी को वर्ष 2025-26 के लिए बेस्ट प्रेसिडेंट और आउटस्टैंडिंग क्लब का अवार्ड के लिए चुना गया है। सी जी आर शिखा रानी को बेस्ट सी जी आर का अवार्ड दिया गया है। इसके साथ ही सेक्रेटरी मन्दाकिनी जी को बेस्ट सेक्रेटरी अवार्ड से नवाजा गया। कोषाध्यक्ष कंचन कुमार को बेस्ट कोषाध्यक्ष अवार्ड से सम्मानित किया गया। आई एस ओ प्रीति कुमारी को आउटस्टैंडिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया है। ओवरआल परफॉर्मेंस के आधार पर अध्यक्ष सीमा भदानी को प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया है। इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी की 2026-27 की नई अध्यक्ष स्मिता भदानी को एग्जेक्युटिव अवार्ड से नवाजा गया जो 1 जुलाई से कार्यभार सम्भालेगी।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए कोंच थाना क्षेत्र के परसावां गांव से बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कोंच क्षेत्र में खनन माफिया चोरी-छिपे अवैध बालू का परिवहन कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद कोंच थाना पुलिस ने कार्रवाई कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रंजीत कुमार, निवासी मनोहरपुर,



कोंच के रूप में हुई है। इस संबंध में कोंच थाना कांड संख्या 200/26 दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध खनन के विरुद्ध ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।


## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/35, दिनांकः 29.06.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001, पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः

**(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि : (1); 10252589;** डब्ल्यूएपी5 लोको के लिए एक्सल बॉक्स हाउसिंग; रु.159530, **निविदा खुलने की तिथि:** 22.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(2); 10262565;** डब्ल्यूएपी–7 के लिए डैंपर का सेट; रु. 470610, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(3); 20261031;** ईएमयूएस/एमईएमयू/डीईएमयू के डब्ल्यूएसएफ टाइप ब्रेक इक्विपमेंट के लिए होल्डिंग एवं एप्लिकेशन मैग्नेट वाल्व कम्प्लीट, चेक वाल्व एवं एडॉप्टर ब्रैकेट से संलग्न ईपी मैग्नेट वाल्व असेंबली; रु. 134390 **(4); 20263084;** न्यूमेटिक ब्रेक कंट्रोरल लेवल–II आदि के लिए किट का क्रय; रु. 129890, **निविदा खुलने की तिथि:** 23.07.2026, **समयः** 13.30 बजे (क्रम सं. 3 एवं 4 हेतु) **(5); 20261080;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए आर्टिकुलेशन बेयरिंग (सब–असेंबली); रु. 122130, **निविदा खुलने की तिथि:** 30.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(6); 21261381;** कपलर बॉडी एवं शैंक वेयर प्लेट आदि; रु. 2000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(7); 08261043;** वायर मेश गार्ड के साथ फ्लूरोसेंट लाइट फिटिंग सिंगल; रु. 102740, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(8); 11262159;** एसी एवं एनएसी एलएचबी कोचों आदि में प्राइमरी सस्पेंशन के लिए टीपीयू रिंग के सेट का क्रय; रु. 371170, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(9); 14265051;** बीआरएस–930, आईआरएस–एस–34 एवं आईआरएस–एस–23 (नवीनतम तिथि तक लागू संशोधन) के समरूप रिले नॉन–एसी इम्यून प्लग–इन–टाइप, स्टाइल "क्यूएन1" डीसी न्यूट्रल लाइन, 24 वी, 8एफ/8बी कॉन्टैक्ट, कार्बन में फ्रंट एवं बैक कॉन्टैक्ट मेटल का क्रय, जो प्लग बोर्ड, रिटेनिंग क्लिप और कनेक्टरों से पूर्ण है। इस यूनिट के लिए इंटरलॉकिंग कोड एबीसीडीएफ होगा; रु. 188510, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(10); 21261378;** योक आदि; रु. 2000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(11); 11251025बी;** प्राइमरी वर्टिकल डैंपर; रु. 805800, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(12); 11251201;** फ्लेक्सिबल केबल के लिए किट; रु. 178100, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(13); 10261030;** बुल गियर 72 टीथ; रु. 655420, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(14); 11262665;** ब्रेक एप्लिकेशन वाल्व; रु. 106400, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(15); 20263038;** स्लाइडर असेंबली और डोर ब्रैकेट; रु. 106820, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(16); 20261953;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए फ्रंट प्लेट; रु. 108920, **निविदा खुलने की तिथि:** 30.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(17); 20261151;** ट्रैक्शन मोटर के लिए ब्रश होल्डर असेंबली (आर.एच); रु. 126050, **निविदा खुलने की तिथि:** 28.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(18); 14261098;** रूट लेड सिग्नल लाइटिंग यूनिट, 110 वो. एसी, मौजूदा सीएलएस हाउसिंग में रेट्रोफिटेबल एवं एसी लेड ईसीआर के साथ सक्षम, आरडीएसओ स्पेसि. नं. आरडीएसओ/एसपीएन/153/2023 रिव 5.0 के अनुसार; रु. 342050 **(19); 14261099;** रेड एस्पेक्ट मेन लेड सिग्नल, 110 वोल्ट एसी, मौजूदा सीएलएस हाउसिंग में रेट्रोफिटेबल एवं एसी लेड ईसीआर के साथ सक्षम, आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/एसपीएन/199/2025 (रिव 1.2) के अनुसार संशोधन 1 के साथ; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.07.2026, **समयः** 13.30 बजे (क्रम सं. 18 एवं 19 हेतु) **(20); 14261101;** येलो एस्पेक्ट मेन लेड सिग्नल, 110 वोल्ट एसी, मौजूदा सीएलएस हाउसिंग में रेट्रोफिटेबल एवं एसी लेड ईसीआर के साथ सक्षम, आरडीएसओ स्पेसि. नं. आरडीएसओ/एसपीएन/199/2025 रिव 1.2 के अनुसार संशोधन 1 के साथ; रु. 0 **(21); 14261100;** ग्रीन एस्पेक्ट मेन लेड सिग्नल, 110 वोल्ट एसी, मौजूदा सीएलएस हाउसिंग में रेट्रोफिटेबल एवं एसी लेड ईसीआर के साथ सक्षम, आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/एसपीएन/199/2025 रिव 1.2 के अनुसार संशोधन 1 के साथ; रु. 415420, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.07.2026, **समयः** 13.30 बजे (क्रम सं. 20 एवं 21 हेतु) **(22); 10262482;** लॉन्ग लाइफ लोको साइड बफर असेंबली; रु. 795100, **निविदा खुलने की तिथि:** 23.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(23); 1226-एचवीएन_6938_39;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–6938 और 6939 के समरूप कॉम्बिनेशन हाई विस्कस इंसुलेटिंग लाइनर (एचवीएन–66) के क्रय के लिए चालू ठेका;रु. 487750, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(24); 12261087;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी–8748 (ऑल्ट–1) के तहत एंड कट मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 248070, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.07.2026, **समयः** 13.30 बजे **(25); 22265412;**इंज. पर्टुजुमैब 600 मिग्रा.+ ट्रैस्टुजुमैब 600 मिग्रा.(उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्याः एम261707, एआई 26–27; रु. 204640 **(26); 22265491;** इंज. डाराटुमुमैब 1800 मिग्रा.; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.07.2026, **समयः** 13.30 बजे (क्रम सं. 25 एवं 26 हेतु)। **निविदा मूल्यः** रु. 0.00 [क्रम सं. 1 से 26 के लिए]।

**(ख) क्रम सं.1; निविदा सं. 52257677बी, संक्षिप्त विवरण:** गुड्स, अपहोल्सटरी की आपूर्ति एवं फिटमेंट, **निविदा की अंतिम तिथि:** 20.07.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 1,94,70,000/- **क्रम सं.2; निविदा सं. 52266628, संक्षिप्त विवरण:** अमित प्रस्तुतकारक एचवीएसी स्पेयर पार्ट, **निविदा की अंतिम तिथि:** 23.07.2026, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 2,45,32,790/- ।

**टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-21/2026-27

**निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


# गुरुकुल शेरघाटी में तीन दिवसीय समर कैम्प शुरू, रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक सोच और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुकुल, शेरघाटी में तीन दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ किया गया। कैम्प के पहले दिन विद्यालय परिसर में बच्चों के लिए कई ज्ञानवर्धक, मनोरंजक और कौशल आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

समर कैम्प के दौरान बच्चों के लिए चाक के माध्यम से मिट्टी के बर्तन बनाने की कला, वैदिक गणित, स्वीमिंग पूल गतिविधि, मेहंदी डिजाइन, ट्रेजर हंट सहित कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नई चीजों को सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला। मिट्टी के बर्तन बनाने की गतिविधि में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया, वहीं वैदिक गणित के माध्यम से गणना को सरल और रोचक तरीके से समझने का प्रयास किया। ट्रेजर हंट जैसी गतिविधियों ने बच्चों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत किया। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाने का बेहतर माध्यम है। कैम्प के दौरान बच्चों में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिली।

# संगठन विस्तार में गांव की होगी अहम भूमिका : सतीश कुमार पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ का संगठन विस्तार में गांवों की भूमिका अहम होगी। ये बातें गया जिला के टिकारी प्रखंड अंतर्गत बेनीपुर गांव में आयोजित महासंघ की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि महासंघ का उद्देश्य समाज के कमजोर लोगों का स्कील डेवलप कर उन्हें मजबूत बनाना है जिसके लिए हमलोग काम कर रहे हैं। प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार के सभी जिलों के सभी पंचायत में कार्यकारिणी का गठन करने की समय सीमा तय की गई है और उम्मीद है कि हम इसे ससमय पूरा कर लेंगे। महासंघ के संरक्षक विवेकानंद मिश्र ने कहा कि किसी भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को यदि हम एक बार आर्थिक मदद दें तो यह स्थाई नहीं हो सकता, लेकिन यदि हम उन्हें सशक्त बनाने के लिए उनका स्कील डेवलप कर सकें तो यह सही मायनों में उनका



सशक्तिकरण होगा। प्रदेश सचिव डॉ रघुवंश मिश्र ने कहा कि आज देश में ब्राह्मणों की अवहेलना हो रही है। अनपढ़ आदमी भी ज्ञानी से ज्ञानी ब्राह्मण की आलोचना करने में बाज नहीं आ रहा है जब तक हम सशक्त नहीं बनेंगे तब तक ऐसा ही होता रहेगा। जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने महासंघ विस्तार को लेकर अपनी बात कही। इससे पहले बैठक की शुरूआत भगवान भास्कर के चित्र की पूजा और माल्यार्पण के साथ किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष और बैठक के मेजबान शिवबल्लभ मिश्र ने की। बैठक के दौरान नारायण मिश्र को प्रदेश मीडिया प्रभारी और राजीव कुमार मिश्र को जिला संगठन महामंत्री की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में गोविन्द पाठक, त्रिपुरारी शर्मा, कमलेश चन्द्र पाठक, शंभुदत्त पाठक, गौतम मिश्र, उपेन्द्र मिश्र, अनिल मिश्र, वीरेन्द्र मिश्र, रमाशंकर मिश्र, गुड्डू मिश्र, अंशु कुमार मिश्र, योगेंद्र वैध, विनय कुमार मिश्र, धर्मेंद्र वैध, संजय मिश्र, प्रीतम मिश्र, आशुतोष मिश्र सहित दर्जनों विप्रजन मौजूद थे।

# दो फरार शराब कारोबारी गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना पुलिस ने शराब कारोबार के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। दोनों की गिरफ्तारी सोमवार की रात उतरेंन गांव में चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान हुई। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व उतरेंन गांव में छापेमारी के दौरान दो घरों से शराब बरामद की गई थी। पुलिस की कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे जिसके बाद से उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में एएसआई सुरेश कुमार ने पुलिस बल के साथ इंद्रजीत चौधरी उर्फ इंद्रजीत कुमार तथा संतोष चौधरी उर्फ संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# श्रीराम मंदिर चोरी में शामिल लोगों को बेनकाब करने के अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** विश्व के करोड़ों सनातनियों के आस्था, विश्वास का केंद्र अयोध्या के श्रीराम मंदिर के चढ़ावे की चोरी के जिम्मेदार मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा करने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ट्रस्ट के महासचिव चमपत राय एवं ट्रस्टी अनिल मिश्रा का पुतला दहन मोक्ष ज्ञान की नगरी गयाजी के स्थानीय चांदचौरा-विष्णुपद तीन मुहानी के पास कांग्रेस पार्टी एवं श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी उजागर कराओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी उजागर कराओ संघर्ष समिति के संयोजक प्रो. विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुना ने किया। नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर चढ़ावे चोरी की बातें सामने आने पर चमपत राय ने शुरू में कहा कोई उल्लेखनीय गड़बड़ी नहीं हुई है, लेकिन जैसे-जैसे परते खुलती गई, ट्रस्ट के ही एक वरिष्ठ सदस्य ने इसे भ्रष्टाचार नहीं डाका बताया तथा यह डाका हजारों करोड़ नगद रुपया सहित सोने, चांदी, हीरे, जवाहरात का है जो बेहद गंभीर विषय है क्योंकि यह मामला करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा हुआ है।


## पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.: एस.जी.–डी.एस.ई.–टी.–ओ.टी.–05–26 वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदारों से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी कैमरा फॉर मॉनीटरिंग ऑफ यार्ड्स एट 07 स्टेशंस (आई.ई. गया, पहलेजा, सासाराम, भभुआ, सोन नगर, कुदरा, एण्ड जपला) ओवर डीडीयू डिविजन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू. 23615733.00/– (दो करोड़ छत्तीस लाख पन्द्रह हजार सात सौ तैंतीस रूपये मात्र)। **3. धरोहर राशि :** रू. 472300/– (चार लाख बहत्तर हजार तीन सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 22.07.2026 को 12.30 बजे तक। **5. वेबसाइट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**

म.सं. एवं दू.सं.अभि.,
पूर्व मध्य रेल, पं.दी.द.उपा.

पीआर/0474/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/26–27/28

संपादकीय

## अब महाराष्ट्र में पेपर लीक

देश में प्रवेश और नौकरी के लिए पात्रता परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब महाराष्ट्र में 28 जून को होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) परीक्षा का पेपर दो दिन पूर्व लीक होने के बाद राज्य सरकार ने परीक्षा स्थगित कर दी है। साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है। इस घटना ने उन लाखों परीक्षार्थियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, जो मेहनत के साथ परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि यह परीक्षा अब फिर से होगी, जिसकी तारीख बाद में घोषित की जाएगी। महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद ने इसकी पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद राज्य भर में कुल 1028 केंद्रों पर 28 जून को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 आयोजित करने जा रही थी। जिसमें कुल 4 लाख 28 हज़ार 122 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 2 लाख 26 हज़ार 363 सेवारत शिक्षकों को परीक्षा में शामिल होना था। महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद, पुणे ने इस संबंध में एक नोटिस जारी किया है। इसके मुताबिक़, गोपनीय सूचना के आधार पर यह पता चला था कि 27 जून तड़के भिवंडी में कुछ व्यक्तियों को इस प्रश्न पत्र के बारे में जानकारी थी। इसके चलते भिवंडी पुलिस ने उस स्थान पर छापा मारा। इसके बाद महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद के अधिकारियों को तत्काल सत्यापन के लिए बुलाया गया। जांच में पता चला कि जून 2026 में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के प्रश्न पत्र मंन इन लोगों के पास कुछ एक जैसे प्रश्न थे। इस संबंध में भिवंडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस घटना से शिक्षक के रूप में नियुक्ति पाने के लिए आवश्यक टीईटी परीक्षा की तैयारी कर रहे कई उम्मीदवारों को धक्का लगा है। वैसे भी महाराष्ट्र पेपर लीक का एपीसेंटर बन कर उभरा है। मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा के पेपर भी इसी राज्य में लीक हुए थे और खुद पेपर सेटर ने ही किए थे। उस मामले की जांच अभी चल ही रही है कि अब टीईटी पेपर लीक का मामला सामने आ गया है। फर्क इतना है यह पेपर परीक्षा होने के दो दिन पहले ही लीक हुआ और इसमें तत्काल कार्रवाई शुरू हो गई। चिंता की बात यह है कि जनीट 2026 परीक्षा में हुई अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए, महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद द्वारा सभी सुरक्षा उपाय किए थे, फिर भी यह कांड हो गया। इस बीच टीईटी परीक्षा पेपर लीक पर राजनीति भी शुरू हो गई। राज्य की सत्तारूढ़ देवेन्द्र फडणवीस सरकार विपक्ष के निशाने पर है। विपक्षी कांग्रेस ने इस सरकार को प्रश्नपत्र लीक करने वाली सरकार बताया है। बीजेपी की सरकार में कोई ऐसा पेपर नहीं, जो लीक नहीं होता। कॉकरोच जनता पार्टी ने एक्स पर लिखा 'एक और पेपर लीक हो गया। जनता को इसे बर्दाश्त करना होगा, क्योंकि मंत्री इसके लिए कभी जवाबदेह नहीं होंगे।' राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) की महिला राकांपा प्रदेशाध्यक्ष रोहिणी खडसे ने तंज किया कि सीएम फडणवीस सावधान रहें, कोई सीएम पद का हार गले में डालने के लिए उत्सुक है। उनका इशारा एकनाथ शिंदे की ओर था, क्योंकि पेपरलीक ठाणे जिले में हुआ है, जो शिंदे का प्रभाव क्षेत्र है। जाहिर है कि पेपर लीक मामले में महाराष्ट्र सरकार कटघरे में है। राजनीतिक आरोपों को अलग भी रखें तो यह उन अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है, जो सरकारी नौकरी पाने का ख्वाब पाले हुए थे। अब दूसरी बार परीक्षा आयोजित करने की बात कही जा रही है, लेकिन उसका पेपर भी लीक नहीं होगा, इसकी गारंटी नहीं है।

# भारतीय राजनीति का अध:पतन

**भारतीय राजनीति निरंतर पतन से अध:पतन की ओर बढ़ रही है। 30 जनवरी 1948 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या के बाद सत्ताधारी कांग्रेस का नेतृत्व लगभग नियंत्रण मुक्त हो गया था। जो लोकप्रियता खोने के भय या सम्मान के चलते महात्मा गांधी की सलाह कुछ सुनी या मानी जाती थी उसकी भी संभावना समाप्त हो गई थी। 1952 के बाद कांग्रेस सरकार ने अपने वर्चस्व को बनाये रखने के लिये कई प्रकार के अनैतिक उपक्रम शुरू किये। केरल की विरोधी सरकार को दलबदल कर गिराया और ऐसे कई प्रयोग कालान्तर में 1957 और 1962 के बाद कई सूबों में किये गये।**

रघु ठाकुर

श्री विंदेश्वरी प्रसाद मंडल जिनके नाम से मंडल कमीशन जाना जाता है, वे बिहार के मधेपुरा से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के विधायक चुनकर आये थे और राज्य सरकार में मंत्री थे। उस समय की कांग्रेस पार्टी ने उन्हें मुख्यमंत्री पद का लालच दिया, सरकार गिराई गई और कुछ समय के लिये वे मंत्री बने और फिर उन्हें भी हटा दिया गया। बाद में वही श्री विंदेश्वरी मंडल 1969 में कांग्रेस के विभाजन के समय संगठन कांग्रेस याने मुरारजी कांग्रेस के साथ चले गये। उनके इन्हीं रिश्तों के चलते जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद जब जनता पार्टी की सरकार से उपप्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मंत्रीमंडल से हटाया गया, तब उनके जनाधार को कम करने के लिये जनता पार्टी के तत्कालीन नेतृत्व ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण के लिये आयोग बनाने की बात स्वीकार की और जब वह आयोग बना तब उसका अध्यक्ष उन्हीं श्री वी.पी. मंडल को बनाया, जो पिछड़े वर्ग को धोखा देकर कांग्रेस के हाथ के खिलौना बने थे।

देश में दलबदल की शुरुआत कराने वाली भी कांग्रेस और उसके मुखिया थे। जहां कहीं भी प्रतिपक्ष का आधार बढ़ा उसे कमजोर करने के लिये कांग्रेस नेतृत्व ने हर प्रकार के हथकंडे अपनाये। दल के भीतर रहकर, दल के निर्णय के खिलाफकार्य करने की परिपाटी भी कांग्रेस ने ही शुरू की थी। 1969 में कांग्रेस के विभाजन का एक कारण यह भी था कि कांग्रेस संगठन व सरकार के बीच गहरे मतभेद व टकराव थे। स्वरू जवाहर लाल नेहरू ने यह परिपाटी शुरू कर दी थी कि संगठन की तुलना में सत्ता सर्वोपरि है और उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में धीरे-धीरे सत्ता का केंद्रीयकरण किया इसके परिणामस्वरूप या तो संगठन को अप्रभावी बनाया या अपने कब्जे में ले लिया। स्वरू जवाहर लाल नेहरू के जीवनकाल में श्रीमती इंदिरा गांधी कार्यवाहक अध्यक्ष बनी थीं तथा वह सरकार के निर्णयों को प्रभावित करने लगी थी। राजनैतिक निर्णयों को करने के लिये स्वतः प्रधानमंत्री पार्टी के नेताओं को इंद्रा जी के पास जाने के इशारे देने लगे थे। एक प्रकार से अप्रत्यक्ष, अलिखित सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसी प्रक्रिया को 1971 के बाद श्रीमती इंदिरा गांधी ने आगे बढ़ाया तथा अप्रत्यक्ष व अलिखित तौर पर सत्ता का नियंत्रक अपने बेटे संजय गांधी को बनाया था। 1969 में कांग्रेस संसदीय बोर्ड ने राष्ट्रपति पद के लिये स्व. नीलम संजीव रेड्डी को प्रत्याशी बनाया, इस पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक में प्रधानमंत्री के तौर पर श्रीमती इंद्रा गांधी उपस्थित थीं। उन्होंने न किसी नाम का प्रस्ताव किया और न कोई राय दी व चुप बैठी रहीं तथा बाद में वीवी गिरि को निर्दलीय तौर पर खड़ा कराया, उनका समर्थन किया, कांग्रेस प्रत्याशी को हराकर निर्दलीय प्रत्याशी को ऐनकेन प्रकारेण जिताया। कांग्रेस में अनुशासनहीनता की विधिवत और उच्च स्तरीय शुरुआत तो स्व. श्रीमती गांधी ने की थी। इसी प्रकार की अनेकों घटनाओं का उल्लेख किया जा सकता है, उन्होंने पार्टी को व्यक्ति केन्द्रित या स्वः केन्द्रित बनाया। कांग्रेस के संगठन व ढांचे का विभाजन और पिछलग्गूपन यहीं से शुरू हुआ तथा महात्मा गांधी के जीवनकाल में जो परंपरा रही थी, कि सत्ता की तुलना में संगठन सर्वोपरि है, उस आदर्श परंपरा को मिटा दिया गया। इस व्यक्तिपरक और सत्तापरक सत्ता के प्रभुत्व के सिद्धांत की शुरुआत कांग्रेस ने ही की थी और अब धीरे-धीरे यह परिपाटी लगभग सभी पार्टियों में पहुंच चुकी है। पार्टियों में अब अनुशासनहीनता वक्ती अपराध है याने चाहे वह कांग्रेस हो या भाजपा अब सबकी स्थिति विशेषतः संगठन की स्थिति दोयम दर्जे की है। जो लोग चुनाव का टिकिट नहीं मिलने पर, मंत्री नहीं बनने पर या मुख्यमंत्री नहीं बनने या हटाये जाने पर या केंद्रीय मंत्री नहीं बनाये जाने या हटाये जाने पर किसी सिद्धांत के लिये नहीं बल्कि स्वार्थों के लिये पार्टी छोड़ते हैं, दलबदल करते हैं और बाद में बहुमत में कमी रहती है तब उन्हें ही दलों की सत्ता व संगठन पर वापसी के नाम पर ससम्मान बुलाती और सत्ता में हिस्सेदारी देती है, जो कार्यकर्ता और विशेषतौर पर जमीनी कार्यकर्ता दल के नीति सिद्धांत से बंधे रहते हैं, उन दल बदलुओं को उनके ही सिर पर थोप दिया जाता है। याने कुल मिलाकर सिद्धांत यह हो गया है कि कोई भी दल हो उसे सत्ता चाहिए, सत्ता के लिये जो भी अनैतिक कार्य करना हो वह करने को सत्ताधारी पक्ष तैयार रहता है। आजकल यह जुमला चल गया है कि भाजपा वाशिंग मशीन है और यह इसलिये कि जिन लोगों को भाजपा ने विपक्ष के रूप में भ्रष्टाचारी कहा, सीबीआई से मुकदमे दर्ज कराये 100-200 करोड़ नहीं बल्कि हजारों करोड़ के आरोप लगाये परंतु अपनी सत्ता बनाने के लिये उन्हें ही ससम्मान वापस लाकर पूरी पार्टी के सिर पर बैठा दिया गया। स्वरू अजीत पंवार को सरकार बनाने के लिये एनसीपी से तोड़कर उपमुख्यमंत्री की शपथ दिलाई, उनको निर्दोष सिद्ध करने के लिये सीबीआई केस वापस ले लिये गये और जब वे वापस एनसीपी में चले गये तो उसी सीबीआई ने बेशर्मी के साथ पुनः कार्यवाही की शुरुआत की। क्या सीबीआई के यह कार्य केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर नहीं थे? 2023 के विधानसभा चुनाव के समय फिर उन्हें मिलाया, फिर केस हटाया, फिर उपमुख्यमंत्री बनाया। याने जिन राजनैतिक अपराधों या राजैनतिक अनैतिकता की शुरुआत कांग्रेस ने अपने व्यापक राष्ट्र सत्ता के दौरान की थी उन्हीं तरीकों को और अधिक बेशर्मी के साथ भाजपा आगे ले जा रही है। हरियाणा में दलबदल का खेल छुटपुट चलता रहा परंतु स्व. देवी लाल जी को, मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिये श्री भजनलाल को जो कांग्रेस के थे, पूरे विधायकों के साथ जनता पार्टी में शामिल कराकर मुख्यमंत्री बनाया गया। 1980 के विधानसभा चुनाव में जब कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला और देवीलाल जी को लगभग बहुमत होने के बाद भी रोकने के लिये कि वह मुख्यमंत्री न बन सकें, श्रीमती इंदिरा गांधी ने जनता पार्टी के मुख्यमंत्री व मंत्रियों याने सारे मंत्री मंडल को वापिस कांग्रेस में शामिल करा दिया। क्या बिगड़ जाता अगर कांग्रेस एक दो राज्यों में अपने विरोधी दलों की सरकार को बर्दाश्त करती और अपनी पार्टी को नैतिक तरीकों से मजबूत बनाती।

नैतिकता के सिद्धांत को तो कांग्रेस ने पहले आम चुनाव के बाद ही त्याग दिया दिया था जब समाजवादियों ने कांग्रेस से निकलकर सोशलिस्ट पार्टी बनाई तो आचार्य नरेन्द्र देव के नेतृत्व में कांग्रेस के चिन्ह पर निर्वाचित विधायकों ने विधायक पद से नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दिये, तथा मध्यावधि चुनाव में सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़े तथा अपनी ही पार्टी के पुराने साथियों को हराने के लिये कांग्रेस ने अनैतिक रास्ते अपनाये। यह सर्वविदित तथ्य है कि आचार्य नरेन्द्र देव जी को हराने के लिये कांग्रेस ने बाबा राघवदास को खड़ा किया और अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिये वोट मांगे। अगर आचार्य जी वह चुनाव जीत जाते, कांग्रेस पार्टी नैतिक मूल्यों का सम्मान करती और उन्हें हटाने के लिये हिंदुत्व कार्ड नहीं खेलती तो देश में नैतिक मूल्यों की स्थापना होती तथा कटटरपंथ की राजनीति का उदय नहीं होता। आज कांग्रेस के ही अनैतिक व घिनौने अस्त्रों का इस्तेमाल, भाजपा कांग्रेस के खिलाफ कर रही है। दुखद यह है कि 1950 से लेकर 1960 के दशक तक राजनीति व चुनाव में, पैसे का चलन उतना नहीं हुआ था। समाज में भी कमोवेश नैतिक मूल्यों का सम्मान होता था। चुनाव में पैसे का खुलकर उपयोग 1971 में श्रीमती इंदिरा गांधी ने शुरू किया था। उमा वासुदेव ने जिन्होंने उनकी आत्मकथा लिखी थी उसमें श्रीमती इंद्रा गांधी को एक प्रश्न के उत्तर में यह कहते हुये उद्धृत किया है कि 'मैं चुनाव इतने महंगे कर दूंगी कि कोई विरोधी चुनाव नहीं लड़ सकेगा।' जिस राजनैतिक गंदगी की शुरुआत राजनीति में पैसे के चलन को कांग्रेस ने शुरू किया था अब उसी का इस्तेमाल और बड़े पैमाने पर भाजपा कर रही है। भाजपा को उद्योगपतियों ने इस वर्ष 6600 करोड़ रुपये का चंदा दिया और कांग्रेस को 1900 करोड़ का। याने अब भाजपा की सत्ता उद्योगपतियों को अधिक पसंद है बजाय कांग्रेस के। अब तो हालात इतने चिंताजनक है कि पंचायतों के चुनावों में लाखों से लेकर करोड़ों रुपया खर्च होने लगे। मतदाता पंचायत से लेकर लोकसभा तक हर चुनाव में अपवाद छोड़कर सीधे रुपया लेकर वोट दे रहे हैं। जो लोग सीधे रुपया नहीं ले रहे हैं वे सरकार से कुछ हजार रुपये की सुविधाओं के बदले में वोट दे रहे हैं। यह भी लगभग उसी प्रकार वोट को बेचना है जिस प्रकार नगद रुपया देकर वोट को बेचना है। दिल्ली का उच्च मध्यमवर्ग और मध्यवर्ग जिसकी मासिक आमदनी औसतन लाख दो लाख प्रतिमाह से अधिक है, वह भी 200 यूनिट बिजली, 300 लीटर मुफ्त पानी, के लिये वोट देता है। अगर सामान्य व गरीब मतदाता 5-10 हजार रुपयों को लेकर अपना वोट बेचता है तो हमारा पढ़ा लिखा संभ्रांत मतदाता साल के 30-40 हजार रुपया और 5 साल के लिये लाख डेढ़ लाख रुपये में अपना वोट बेचता है।

अध्यात्म

## विश्वास के आगे पंडितजी का नमन



एक सेठ बड़ा धार्मिक था संपन्न भी था। एक बार उसने अपने घर पर पूजा पाठ रखी और पूरे शहर को न्यौता दिया। पूजा पाठ के लिए बनारस से एक विद्वान शास्त्री जी को बुलाया गया और खान-पान की व्यवस्था के लिए शुद्ध घी के भोजन की व्यवस्था की गई। जिसके बनाने के लिए एक महिला जो पास के गांव में रहती थी को सुपुर्द कर दिया गया।

शास्त्री जी कथा आरंभ करते हैं, गायत्री मंत्र का जाप करते हैं और उसकी महिमा बताते हैं उसके हवन पाठ इत्यादि होता है लोग बाग आने लगे और अंत में सब भोजन का आनंद लेते घर वापस हो जाते हैं। ये सिलसिला रोज चलता है। भोज्य प्रसाद बनाने वाली महिला बड़ी कुशल थी वो अपना काम करके बीच बीच में कथा आदि सुन लिया करती थी। रोज की तरह एक दिन शास्त्री जी ने गायत्री मंत्र का जाप किया और उसकी महिमा का बखान करते हुए बोले कि इस महामंत्र को पूरे मन से एकाग्रचित होकर किया जाए तो इस भव सागर से पार जाया जाएगा सकता है। इंसान जन्म मरण के झंझटों से मुक्त हो सकता है।

खैर, करते करते कथा का अंतिम दिन आ गया। वह महिला उस दिन समय से पहले आ गई और शास्त्री जी के पास पहुंची, उन्हें प्रणाम किया और बोली कि शास्त्री जी आपसे एक निवेदन है। शास्त्री उसे पहचानते थे उन्होंने उसे चौके में खाना बनाते हुए देखा था। वो बोले कहो क्या कहना चाहती हो ? वो थोड़ा सकुचाते हुए बोली शास्त्री जी मैं एक गरीब महिला हूँ और पड़ोस के गांव में रहती हूँ। मेरी इच्छा है कि आज का भोजन आप मेरी झोपड़ी में करें।

सेठ जी भी वहीं थे, वो थोड़ा क्रोधित हुए लेकिन शास्त्री जी ने बीच में उन्हें रोकते हुए उसका निमंत्रण स्वीकार कर लिया और बोले आप तो अन्नपूर्णा हैं। आप ने इतने दिनों तक स्वादिष्ट भोजन करवाया, मैं आपके साथ कथा के बाद चलूंगा।

# नर्क से निपटते सीवर सफाई-कर्मी

**बिहार के वैशाली में एक सेप्टिक टैंक के भीतर एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत,' 'छत्तीसगढ़ में रायपुर के एक अस्पताल के सेप्टिक टैंक में तीन कर्मचारियों की मौत,' 'मध्यप्रदेश के इंदौर में बचाव कार्य के दौरान सीवर कर्मचारियों की मौत,' 'दिल्ली के सीमापुरी में एक संविदा सफाई कर्मचारी की मौत, खुले नाले की सफाई के लिए मजबूर किया गया,' 'हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में ठेकेदारों और नगर निकायों के सफाई कार्यों के दौरान हुई कई सीवर मौतें,' 'औद्योगिक ड्रेनेज टैंकों और सीवेज चैम्बरों में बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के काम करते हुए प्रवासी मजदूरों की मौतें।'**

कुमार कृष्णन

सीवर- मौतों की ये खबरें उस समय आ रही हैं जब 'मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013' के तहत खतरनाक 'मैनुअल स्कैवेंजिंग' (मैला ढोने की कुप्रथा) पर कानूनी प्रतिबंध लागू है; सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मशीनीकरण और मुआवजे को लेकर कई बार निर्देश दिए जा चुके हैं; तथा सरकारें बार-बार 'मैनुअल स्कैवेंजिंग' समाप्त करने के दावे करती रही हैं। भारत में, हाथ से मैला ढोने वालों की गरिमा और बुनियादी अधिकारों की लड़ाई अभी भी जारी है।

मार्च से मई 2026 के दौरान विभिन्न राज्यों से सामने आई सीवर और सेप्टिक टैंक मौतों की रिपोर्ट के मुताबिक तीन महीनों के दौरान ही कम-से-कम 36 सफाई कर्मचारियों की सीवर, सेप्टिक टैंक, नालों और सीवेज चैम्बरों की सफाई करते समय अत्यंत असुरक्षित और अवैध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतक कर्मचारी मुख्यतः वाल्मीकि समुदाय और अन्य हाशिये के समुदायों या प्रवासी मजदूरों से थे तथा अधिकांशतः अनौपचारिक ठेकेदारी व्यवस्था के माध्यम से कार्यरत थे।

इन लगभग हर मामलों में कर्मचारियों को ऑक्सीजन सिलेंडर, ब्रीदिंग अपरेटस, गैस डिटेक्टर, सुरक्षा पोशाक, हार्नेस या आपातकालीन बचाव प्रणाली के बिना अत्यधिक जहरीले बंद स्थानों में उतरने के लिए मजबूर किया गया था। इन मौतों में एक ही भयावह ढंग देखने को मिला, जो भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक मौतों में आम है- एक कर्मचारी चैम्बर में उतरता है और जहरीली गैस या ऑक्सीजन की कमी के कारण बेहोश होकर गिर जाता है, उसे बचाने उसके सहकर्मी अंदर जाते हैं और वही असुरक्षित परिस्थिति उनकी भी जान ले लेती है। सर्वोच्च न्यायालय ने पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के बिना सीवर या सेप्टिक टैंक में नहीं उतरने और सीवर, सेप्टिक टैंक मौतों के लिए 30 लाख रुपये मुआवजे का निर्देश भी दिया है। इसके बावजूद यह प्रथा जारी है। केंद्र सरकार ने संसद में जानकारी दी है कि 2017 से 2026 की शुरुआत तक 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीवर और सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान 622 कर्मचारियों की मौतें हुई। वर्ष 2021 से 2025 के बीच खतरनाक सीवर और सेप्टिक टैंक सफाई कार्यों में 317 सफाई कर्मचारियों की मौत हुई; अप्रैल 2026 तक 'नमस्ते योजना' के तहत 89,248 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों की प्रोफाइलिंग की गई।

ऐसी मौतों की वास्तविक संख्या कहीं अधिक होती है क्योंकि अनेक मौतों को 'मैनुअल स्कैवेंजिंग' की बजाय सामान्य दुर्घटना के रूप में दर्ज कर दिया जाता है। अनौपचारिक और आउटसोर्स ठेकेदारी व्यवस्था भी श्रम उल्लंघनों और मौतों को छिपाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 'मैनुअल स्कैवेंजिंग' की निरंतरता गहरे जातिगत भेदभाव, श्रम शोषण, प्रशासनिक लापरवाही, सुरक्षा मानकों के कमजोर क्रियान्वयन और सरकारों तथा नागरिक निकायों द्वारा बार-बार



किए गए वादों के बावजूद मशीनीकृत सफाई व्यवस्था लागू न करने की विफलता को दर्शाती है। मृत कर्मचारियों के परिवारों को निश्चित समयसीमा के भीतर मुआवजा मिलना चाहिए, क्योंकि कई परिवार अंतिम संस्कार तक करने में असमर्थ होते हैं। सभी सीवर कर्मचारियों को स्थायी नौकरी दी जानी चाहिए, संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाना चाहिए और सरकार व प्रशासन को उनके कल्याण के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। अधिवक्ता कवलप्रीत कौर के अनुसार 'दलित, आदिवासी शक्ति अधिकार मंच' की रिपोर्ट के अनुसार केवल तीन महीनों में 36 सीवर कर्मचारियों की मौतें हुई, यानी हर महीने औसतन 12 मौतें। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। 'मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013' और कई अदालती फैसलों के बावजूद ये मौतें जारी हैं। ऐसी कौन-सी परिस्थितियाँ हैं जो कर्मचारियों को जानबूझकर मौत के कुएँ में उतरने के लिए मजबूर करती हैं? ठेका प्रणाली में न तो नगर निकाय और न ही ठेकेदार कर्मचारियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हैं। नियमित व्यवस्था में कम-से-कम राज्य जवाबदेह होता है। कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन तक नहीं मिल रहा, इसे अदालतों ने बंधुआ मजदूरी का एक रूप माना है। सीवर कर्मचारियों को केवल न्यूनतम नहीं, बल्कि जीवन-निर्वाह योग्य वेतन मिलना चाहिए। चूँकि सीवर कार्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, इसलिए सफाई कर्मचारियों को फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित कर स्थायी रोजगार दिया जाना चाहिए।

सीवर सफाई कर्मियों की मृत्यु पर 30 लाख रुपये और चोट लगने पर 20 लाख रुपये का मुआवजा पर्याप्त नहीं है। सफाई कर्मचारियों को सम्मानजनक और जीवन-निर्वाह योग्य वेतन मिलना चाहिए। 'अखिल भारतीय निगम मजदूर अधिकार यूनियन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव पालीवाल के अनुसार भारत की स्वतंत्रता के 78 वर्षों बाद भी सीवर कर्मचारियों के साथ गुलामों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। सरकार को पीड़ितों के बारे में सोचना चाहिए क्योंकि उनके पीछे परिवार हैं, जो कर्मचारी की मृत्यु के बाद गरीबी और बेबसी का जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं। कम-से-कम पुनर्वास की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि ये परिवार अधिक पीड़ा न झेलें।

'मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोजगार प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013' तथा सर्वोच्च न्यायालय के बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद पूरे देश में जारी 'मैनुअल स्कैवेंजिंग' और खतरनाक सफाई कार्य गंभीर दीर्घकालिक शारीरिक, न्यूरोलॉजिकल, मनोवैज्ञानिक और व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रभाव भी उत्पन्न करते हैं, जिनमें जहरीली गैस से दम घुटना, श्वसन रोग, त्वचा संक्रमण, मस्कुलोस्केलेटल विकार, न्यूरोलॉजिकल जटिलताएँ, डूबने का खतरा, मानसिक आघात, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ, नशे की निर्भरता और जीवन प्रत्याशा में कमी शामिल हैं। इसके बावजूद व्यावसायिक स्वास्थ्य निगरानी, नियमित चिकित्सीय जांच, बीमा कवरेज, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, मुआवजा और पुनर्वास सहायता लगभग अनुपस्थित हैं।

सफाई कर्मचारियों की लगातार मौतें भारत में जाति-आधारित संरचनात्मक हिंसा के सबसे गंभीर और स्थायी रूपों में से एक हैं। ये कर्मचारी कोई उपेक्षित मजदूर नहीं हैं। वे ऐसे इंसान हैं जिन्हें गरिमा, समानता, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और संवैधानिक संरक्षण का अधिकार है। 'दलित आदिवासी शक्ति अधिकार मंच' ने केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, नगर निकायों, न्यायपालिका, मानवाधिकार संस्थाओं तथा नागरिक समाज से अपील की है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को आजीविका कमाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर सीवर या सेप्टिक टैंक में उतरने के लिए मजबूर न होना पड़े।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
बनते कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। नकारात्मक बातों को स्वयं पर हावी न होने दें। मित्रजनों से सारी बातें साझा न करें। आपको कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा।

**वृषभ**
रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलेगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे। युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं।

**मिथुन**
किसी उत्सव में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है। निम्न रक्तचाप की समस्या हो सकती है। कारोबार में आप अपने मन की करेंगे।

**कर्क**
अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने का विचार बना सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखनी चाहिये। राजनीति से जुड़े लोगों को अच्छा जनसमर्थन मिलेगा।

**सिंह**
परिवार के सदस्यों के मध्य अशान्ति हो सकती है। अपनी जीवनशैली में सुधार करें। व्यर्थ के तर्क-वितर्क में अपना समय बर्बाद करने से बचें।

**कन्या**
कारोबार में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। किसी महत्वाकांक्षी योजना को आरम्भ करने के लिये दिन हितकारी है। आपको मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा।

**तुला**
अच्छी तरह से परखे और सुने बिना बातों पर प्रतिक्रिया न दें। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है। अपने क्रोध पर नियन्त्रण रखें।

**वृश्चिक**
करियर में आपको उत्तम विकल्प मिलने की सम्भावना है। पारिवारिक विवादों को निपटाने का अच्छा अवसर मिल सकता है। आज का दिन आराम में बीतेगा।

**धनु**
अनैतिक कार्यों की ओर मन न लगायें। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाखुश होगा। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिये। शुभचिन्तकों के सुझावों को गम्भीरता से लें।

**मकर**
आपकी आय में वृद्धि होगी। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। रिश्तेदारों की सहायता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर में पूजा-पाठ का वातावरण रहेगा।

**कुंभ**
आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। आज आप काफी तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। लम्बे समय से रुके कार्यों के पूर्ण होने से मन में सन्तुष्टि होगी।

**मीन**
कार्यक्षेत्र की जटिलता समाप्त होगी। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। अपनी बातों को मनवाने के लिये किसी पर दबाव न डालें। मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**पालीगंज पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सरसी गांव निवासी बिजेंद्र राम के 25 वर्षीय पुत्र तपेश्वर कुमार उर्फ धीरज कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, वह गांव के ही एक व्यक्ति के साथ बाजार गया था और घर लौटने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दोस्त ने चुराया मोबाइल, फिर खाते से निकाला 5 लाख

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी थाना क्षेत्र के अंतर्गत छेरिया गांव में दोस्त ने सुधांशु कुमार की मोबाइल घर से चोरी कर ली। फिर मोबाइल के एप से उसके बैंक खाते से फिक्स्ड डिपॉजिट में रखे गए करीब 5 लाख रुपए निकाल लिए। घटना को लेकर पीड़ित ने थाने में राजा कुमार पिता उदय सिंह ग्राम एकडंगा के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है इस संबंध में सुधांशु ने बताया कि पिछले दिनों राजा उसके घर पर आया था। इसी दौरान उसने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। बाद में पूछने पर राजा ने चोरी की बात स्वीकार करते हुए दो-चार दिन में मोबाइल वापस करने की बात कही। लेकिन उसने मोबाइल नहीं लौटाया इसके बाद राजा ने मोबाइल का उपयोग करते हुए उसके पीएनबी सकसोहरा ब्रांच में रखे गए फिक्स डिपाजिट खाते से रुपए की निकासी कर ली। उसके बाद आरोपी राजा ने दो एसी लोन भी बैंक से ले लिया जिसका मैसेज आने के बाद घटना की जानकारी पीड़ित को हुई। पुलिस जांच कर रही है।

### एनटीपीसी ठेकेदार को बंधक बनाकर पीटा, रंगदारी मांगी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के काजीचक निवासी एनटीपीसी ठेकेदार संतोष कुमार को कुछ लोगों ने भवानी चौक के पास स्थित मार्केट कांप्लेक्स में बुलाकर बंधक बना लिया। इसके बाद पिटाई की और ठेकेदारी करने के एवज में 2 लाख की डिमांड की। इनकार करने पर मारपीट करते हुए आरोपियों ने सोने की चेन, 29000 रुपए आदि छीन लिये। इस संबंध में पीड़ित संतोष कुमार ने बताया कि उसे फोन पर विकास ने भवानी चौक के पास बुलाया। जब वह पहुंचा तो उसे पकड़कर बंधक बना लिया गया। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी गई। इस दौरान रुपए की डिमांड की गई। करीब ढाई घंटे के बाद ठेकेदार को आरोपियों ने जान मारने की धमकी देने के साथ मुक्त किया। पुलिस ने सूरज, विकास, सतीश सहित 5 अज्ञात लोगों को नामजद करते हुए केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। संवेदक और उसके परिवार दहशत में है।

### आपसी विवाद को लेकर दो केस दर्ज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौंदी वार्ड नंबर 6 में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट और पथराव को लेकर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में अंजुम बली का कहना है कि मारपीट को लेकर उसके पति मोहम्मद शौकत अली के द्वारा थाने में आवेदन दिया गया था लेकिन केस दर्ज नहीं किया गया। बाद में सीसीटीवी फुटेज मिलने पर पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज किया है।वहीं दूसरी तरफ विपक्षी मोहम्मद हजला के द्वारा भी शौकत अली सहित चार पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया गया है।

### पुराने विवाद में दो गुटों में मारपीट, 2 गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के बसौर गांव में पुराने विवाद को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक पक्ष ने महिला पर लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पीड़िता झरोखा देवी पति स्वर्गीय बच्चू यादव ने भगवानगंज थाने में बलवीर यादव पिता मुकुल यादव और मुकुल यादव पिता स्वर्गीय रामलाल यादव के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार आरोपियों ने महिला के सिर पर लोहे के रॉड से वार किया, जिससे वह पूरी तरह जख्मी हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों बलवीर यादव और मुकुल यादव को गिरफ्तार कर लिया।



वहीं दूसरे पक्ष से बलवीर यादव पिता मुकुल यादव ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अनुज कुमार और सोनू कुमार पिता स्वर्गीय बच्चू यादव पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। भगवानगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों से मारपीट की प्राथमिकी दर्ज की गई है। दो लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जख्मी महिला का इलाज कराया जा रहा है। मामले की छानबीन की जा रही है और जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर सख्त कार्रवाई होगी।

### राष्ट्रीय आम समागम में बाढ़ के किसानों को मिला पुरस्कार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर द्वारा दिनांक 27-28 जून को आयोजित राष्ट्रीय आम समागम में कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना के मार्गदर्शन में पटना जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल .15 आम उत्पादक कृषकों ने कुल 38 विभिन्न प्रजातियों के आमों के प्रदर्श के साथ भाग लिया। राष्ट्रीय आम समागम में अतिथियों एवं विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने जिले के आम प्रदर्शों को देखा और प्रशंसा करने के साथ-साथ मार्गदर्शन भी किया। इस अवसर पर संतोष कुमार,



ग्राम-शिवनार, प्रखंड-मोकामा को अलफांसो एवं मनोज कुमार, पटना को गुलाब खस हेतु उत्कृष्ट आम का प्रदर्शन में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। दोनों विजेताओं को विश्वविद्यालय ने सम्मान स्वरूप चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर डाक्ट रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना ने दोनों विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल विजेता किसान बल्कि पूरे पटना जिले के आम उत्पादकों के लिए गर्व का विशय है। डॉ पुष्पम पटेल, वैज्ञानिक (उद्यान) ने बतलाया कि इस प्रकार के राष्ट्रीय आयोजनों में किसानों की भागीदारी से उन्हें नई तकनीकों, उन्नत किस्मों, बाग प्रबंधन एवं विपणन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होती है।

# पालीगंज व्यवहार न्यायालय को मिला अपना भवन







## मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने किया व्यवहार न्यायालय भवन का उद्घाटन
## • अनुमंडल के आठ थाना क्षेत्रों के लाखों लोगों को मिलेगा घर के पास न्याय

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज के न्यायिक इतिहास में रविवार का दिन मील का पत्थर साबित हुआ। पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय भवन, हाजत भवन, जजेज आवास एवं अधिवक्ता भवन (वकालतखाना) का विधिवत लोकार्पण किया। पालीगंज की धरती पर पहली बार पटना उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीशों की एक साथ उपस्थिति ने समारोह को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव ने मुख्य न्यायाधीश का शॉल, मोमेंटो एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। साथ ही पटना उच्च न्यायालय, पटना सिविल कोर्ट, दानापुर सहित विभिन्न न्यायालयों से आए न्यायाधीशों को भी सम्मानित किया गया। समारोह स्थल पर मुख्य न्यायाधीश को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर, नारियल फोड़कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर नए न्यायालय परिसर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही हाजत भवन, जजेज आवास और अधिवक्ता भवन का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पालीगंज उच्च विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। पालीगंज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए पालीगंज में दो सेशन कोर्ट की स्थापना की मांग मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने अपने संबोधन में कहा कि नए भवन की सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब यहां आने वाले लोगों को आधुनिक सुविधाओं के साथ सुलभ एवं त्वरित न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से पालीगंज व्यवहार न्यायालय अनुमंडल कार्यालय के दो कमरों में संचालित हो रहा था, लेकिन अब उसे अपना आधुनिक भवन मिल गया है। कार्यक्रम में निरीक्षी न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहित कुमार शाह, न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, प्रिंसिपल जज अविनाश कुमार, सब जज रवि पांडे, पटना सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार राहुल प्रकाश, पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार, एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, दानापुर, मसौढ़ी, पटना सदर एवं बाढ़ व्यवहार न्यायालयों के न्यायिक पदाधिकारी, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अब तक पालीगंज व्यवहार न्यायालय अनुमंडल कार्यालय के दो कमरों में संचालित होता था। नए न्यायालय भवन के शुरू होने से पालीगंज अनुमंडल के आठ थाना क्षेत्रों के लाखों लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए दानापुर नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों को स्थानीय स्तर पर सुलभ, त्वरित और किफायती न्याय मिलेगा तथा समय और धन दोनों की बचत होगी। वर्ष 2019 में इस न्यायालय भवन का शिलान्यास किया गया था। वर्ष 2022 में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कुछ बुनियादी सुविधाओं एवं तकनीकी सुधारों के कारण उद्घाटन में विलंब हुआ। करीब 19 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से निर्मित पांच मंजिला न्यायालय भवन में 15 कोर्ट रूम, न्यायाधीशों के चैंबर, कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय, सभाकक्ष एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई है। न्यायाधीशों और आम लोगों के लिए अलग-अलग सीढ़ी एवं लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा 6 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से 12 फ्लैटों वाला जजेज आवास तथा 2 करोड़ 89 लाख 20 हजार रुपये की लागत से अत्याधुनिक हाजत भवन का निर्माण कराया गया है। अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए अलग वकालतखाना भी बनाया गया है। नवनिर्मित न्यायालय परिसर के लोकार्पण के साथ ही पालीगंज की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। इससे क्षेत्र की न्यायिक व्यवस्था को नई मजबूती मिलने के साथ आम लोगों को घर के समीप आधुनिक न्यायिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## निबंधन कार्यालय में नई सर्किल रेट के साथ रजिस्ट्री शुरू

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार का पहला हाईटेक अवर निबंधन कार्यालय में अब नए सर्किल रेट के साथ जमीन की रजिस्ट्री शुरू हो गई है। अवर निबंधक रत्नामणि केसरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जमीन के सर्किल रेट में की गई बढ़ोतरी के बाद अब इसी नई दर पर निबंधन किया जा रहा है। सरकार द्वारा जारी नई अधिसूचना के अनुसार, अनुमंडल के सातों प्रखंड के शहरी क्षेत्रों में जमीन का सर्किल रेट दोगुना कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 1.6 गुना बढ़ाई गई है। निबंधन कार्यालय में 19 मई को पहले दिन लगभग बीस रजिस्ट्री नए रेट से हुआ। सामान्यतः बाढ़ निबंधन कार्यालय में प्रतिदिन 20 से 25 जमीनों की रजिस्ट्री होती है। उन्होंने कहा कि सभी रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी तरह से पेपरलेस करने की तैयारी की जा रही है, जिससे पारदर्शिता बढेगी। वहीं अनुमंडल में आधुनिक सुविधाओं से लैस एक भी कार्यालय ऐसा नही है। अवर निबंधक रत्नामणि केसरी ने कहा कि जिस





समय वह ऑफिस ज्वाइन की थी तो यह कार्यालय का पूरा भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। प्रतीक्षालय की व्यवस्था नहीं थी लोग जहां बैठते थे। पहले एक ही काउंटर पर कई तरह के कार्य होते थे जिससे असुविधा होती थी। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता आशा का दीपक की एक पंक्ति 'थक कर बैठ गए क्या भाई मंजिल दूर नही है' से उनका हौसला बढता और उन्होने विभाग से हाइटेक कार्यालय बनाने में सफल रही। स्टांप की फीस जमा करने के लिए बैंक में जाना पड़ता था अब ऑफिस के अंदर ही बैंक की सुविधा के लिए काउंटर बनाया गया है। सभी काउंटर को टोकन डिस्प्ले सिस्टम से लैस किया गया है। बाढ़ निबंधन कार्यालय का गौरवशाली अतीत रहा है राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर 1937-38 में यहां अवर निबंधन के पद पर कार्यरत थे निबंधन कार्यालय में उनके लिखित दस्तावेज को संभाल कर रखा गया है और उनकी याद में उनकी रचनाएं दीवाल पर लगाई गई है और पुस्तकालय भी बनाया गया है जिसमें कोई अगर किताबें डोनेट करना चाहते हैं तो एक रजिस्टर संधारित की गई है जिसमें डोनेट करने वाले का नाम पता और मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा। कार्यालय के भीतर खाने-पीने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसको लेकर जगह चिन्हित कर तैयारी पूरी कर ली गई है। जीविका दीदी के माध्यम से इसे संचालित किया जाएगा। बाढ़ का यह अवर निबंधन कार्यालय पूरे बिहार का पहला हाईटेक कार्यालय है, जिसका उद्घाटन हाल ही में मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री मदन सहनी ने किया था।

## महिला पर जानलेवा हमला, लोहे के रॉड से सिर फोड़ा, छह पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हासांडीह गांव निवासी 55 वर्षीय हीरामणी देवी पति ओमप्रकाश ने जानलेवा हमला, गाली-गलौज और मंगलसूत्र छीनने को लेकर मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दी है। हीरमणी देवी ने आवेदन में बताया कि 28 जून 2026 को शाम करीब 4 बजे वह अपने घर पर बैठी थी। उसी समय हांसडीह गांव निवासी जयप्रकाश पासवान 60 वर्ष पिता जानकी पासवान, उसका पुत्र जितेन्द्र कुमार 26 वर्ष, पत्नी आशा देवी 40 वर्ष, पुत्री सिवानी कुमारी 18 वर्ष, सीमा कुमारी 24 वर्ष और सुषमा कुमारी वहां पहुंचे। सभी ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर जितेन्द्र कुमार लोहे का रॉड लेकर आया और उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे सिर फट गया और खून बहने लगा। शोर सुनकर उनकी पुत्रवधू बीच-बचाव के लिए आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और छाती में दांत से काट लिया। आरोप है कि इसी दौरान सुषमा कुमारी ने उनके गले से मंगलसूत्र छीन लिया।

## 500+ सफल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम का शुभारंभ

### बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में 8वें स्थापना दिवस पर रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम का होगा शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देते हुए बिग अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल अपने 8 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 1 जुलाई 2026 (बुधवार) को दोपहर 12:30 बजे रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम का भव्य शुभारंभ करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी होंगे, जबकि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय एवं उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। उल्लेखनीय है कि अस्पताल ने अब तक 500 से अधिक सफल टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी का महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। इसी अनुभव और विशेषज्ञता के आधार पर अब अस्पताल रोबोटिक तकनीक के माध्यम से घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी को और अधिक सटीक, सुरक्षित एवं प्रभावी बनाने जा रहा है, जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम और तेजी से रिकवरी का लाभ मिलेगा। चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पद्मश्री डॉ. विजय प्रकाश सिंह ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य बिहार के मरीजों को अपने राज्य में ही विश्वस्तरीय ऑर्थोपेडिक उपचार उपलब्ध कराना है। रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सिस्टम की शुरूआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन न केवल अस्पताल की आठ वर्षों की सफल स्वास्थ्य सेवा यात्रा का उत्सव होगा, बल्कि बिहार में रोबोटिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी के नए अध्याय की शुरूआत भी करेगा।

## जयंती पर याद किये गए महात्मा कबीर, वक्ताओं ने कहा- समाजसुधारक और युगांतकारी कवि थे कबीर

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के सभागार में मंगलवार को संत कबीर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्ज्वलन और संत कबीर साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम से हुआ।

**युगांतरकारी कवि थे कबीर: प्राचार्य :** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह ने कहा कि कबीर युगांतरकारी कवि थे। वे हिंदू-मुस्लिम एकता के हिमायती थे। गुरु भक्ति, मानवता और समाज सुधार के वे सच्चे व्यक्तित्व थे। कबीर धर्म को अफीम जैसा नशा समझते थे और उन्होंने बाहरी आडंबरों का जीवन भर विरोध किया। उनका जीवन भी काफी उथल-पुथल भरा रहा।

**व्यक्तित्व और कृतित्व पर विमर्श :** हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ घनश्याम कुमार ने दोनों धर्मों की कुरीतियों पर प्रहार करते हुए कहा कि कबीर ने मूर्ति पूजा, रोजा-नमाज, तीर्थ-व्रत जैसे पाखंडों को नकार कर सहज भक्ति का मार्ग दिखाया। वरीय मीडिया कर्मी व साहित्यकार डॉ. राजीव नयन ने कहा कि वे उतने बड़े संत कवि हुए फिर भी आजीविका के लिए जुलाहे का कार्य करते रहे,इसमें उन्हें कोई संकोच नहीं हुआ। डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. रविन्द्र साह, डॉ. पीसी चौरसिया व अन्य वक्ताओं ने भी कबीर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आने विचार रखे।



**'बीजक' पर हुई चर्चा:** वक्ताओं ने कबीर के अमर ग्रंथ 'बीजक' पर चर्चा की। बताया कि 'बीजक' में संकलित उनके दोहे, साखी और रमैनी सामाजिक विसंगतियों पर तीखा प्रहार करते हैं। 'जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान' और 'हिंदू कहें मोहि राम पियारा, तुर्क कहें रहमाना' जैसे दोहों से उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता और मानवता का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि कबीर का जीवन काफी उथल-पुथल भरा रहा।

## मसौढ़ी में कृषि जन कल्याण चौपाल का नदौल से हुआ समापन

### किसानों को दिए 'खेत बचाओ' के टिप्स

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि जन कल्याण चौपाल कार्यक्रम के तहत मसौढ़ी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे विशेष शिविर का आयोजन मंगलवार को नदौल मे आयोजित कर समापन किया गया है। आयोजित शिविर में किसानों को 'खेत बचाओ' अभियान के तहत वैज्ञानिक खेती और मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में किसान सलाहकार एवं एटीएम रंजीत कुमार और कृषि समन्वयक ने मौजूद किसानों को सरकार की कृषि संबंधी लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। किसानों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने बताया कि खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य ख्याल रखना बेहद जरूरी है। लगातार यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने से मिट्टी की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इससे न केवल मिट्टी के पोषक तत्व कम हो जाते हैं, बल्कि खेतों में उगने वाले अनाज की पैदावार भी घट जाती है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने और उसी के अनुसार खाद का प्रयोग करने की सलाह दी गई।चौपाल में किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही खेती की कई वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिससे कम लागत में बेहतर उत्पादन लिया जा सके।

## बीडी कॉलेज हिन्दी विभाग ने किया कबीर जयंती का आयोजन





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीडी कॉलेज, पटना के हिन्दी विभाग द्वारा संत कबीरदास की जयंती के अवसर पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका उदेश्य संत कबीर के मानवतावादी दर्शन, सामाजिक समरसता, समानता तथा धार्मिक सहिष्णुता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था।कार्यक्रम का शुभारंभ संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। हिन्दी की विभागाध्यक्षा डॉ. लाडली कुमारी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि संत कबीर का साहित्य भारतीय समाज को सत्य, प्रेम, सद्भाव और मानवीय मूल्यों की ओर प्रेरित करता है। उनके विचार आज भी सामाजिक विषमताओं और कुरीतियों के विरुद्ध मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. शत्रुघन शरण सिंह ने कहा कि कबीर का चिंतन समय की सीमाओं से परे है तथा उनकी वाणी आज भी समाज को समरसता, विवेक और नैतिकता का संदेश देती है, इसके साथ ही उन्होंने कबीर की रचनाओं की सस्वर प्रस्तुति भी दी। विशेष वक्ता डॉ. मनीषा प्रियम्बदा, सहायक प्राध्यापक, भूगोल विभाग ने अपने व्याख्यान में कबीर के दोहों का सस्वर वाचन के माध्यम से उनके संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ विनोद कुमार, डॉ ममता शर्मा, डॉ विनीता तिवारी, डॉ मनीता कुमारी यादव, डॉ वीरेंद्र कुमार मंडल, डॉ आलोक कुमार, डॉ अफ्शा निगार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए डॉ. अमित कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा संत कबीर के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

## खेत में पटवन को लेकर झड़प, फायरिंग में 2 गिरफ्तार, 2 कारतूस बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केवड़ा थाना क्षेत्र में खेत में पटवन को लेकर हुए विवाद में हिंसक झड़प और फायरिंग की घटना सामने आई है। मामले में पुलिस ने दो कारतूस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।केवड़ा थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सरैया गांव में खेत की पटवन को लेकर विवाद के बाद एक महिला के साथ मारपीट, गाली-गलौज और फायरिंग हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गठित कर सरैया में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अविनाश उर्फ पिल्लू सिंह पिता नागेश्वर सिंह मियाचक निवासी और वीर अभिमन्यु उर्फ भोला केवट पिता ढोढा केवट सरिया निवासी फरार हो गए।पुलिस ने सुबह फिर से उनके घर पर छापेमारी की। इस दौरान दोनों युवक गाली-गलौज कर रहे थे। पुलिस ने मौके से दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## बिहार रेजीमेंट केंद्र में धूमधाम से मनाया गया 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स का स्थापना दिवस

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार रेजीमेंट केंद्र, दानापुर छावनी में बिहार रेजिमेंट की सबसे नवगठित 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बटालियन के वीर सैनिकों को याद करने और सम्मानित करने के लिए बिहार रेजिमेंट केंद्र के वीर स्मृति स्थल पर एक विशेष श्र द्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा, समादेष्टा, बिहार रेजीमेंट केंद्र, ले. कर्नल आर सी खोत, एवं सूबेदार मेजर नारायण प्रधान सहित कई सरदार साहिबान ने वीर स्मृति स्थल पुष्पगुच्छ चढ़ा श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बताया गया कि 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स





की स्थापना 30 जून 2004 को कर्नल आनंद भूषण के नेतृत्व में की गई थी। उन्होंने इस बटालियन को एक सशक्त, प्रशिक्षित और प्रभावी लड़ाकू दल के रूप में गठित किया, जिसे विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में काउंटर इंसजेर्सी और काउंटर टेररिज्म अभियानों के लिए तैयार किया गया। 63वीं राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन को 'द फोर्थ डाइमेंशन' के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यह बिहार रेजीमेंट के अंतर्गत गठित चौथी राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन है। बटालियन ने जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में तैनाती के दौरान बहुत ही सराहनीय काम किया है तथा जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। इन बिहारी सैनिकों ने समय-समय पर अपने अदम्य साहस और शौर्य के प्रदर्शन से सभी को चकित कर दिया, जिसके चलते इन योद्धाओं को और बटालियन को अनेक वीरता पुरस्कारों और प्रशंसा पत्रों से नवाजा गया है।

## बाढ़ से पहले युद्ध स्तर पर तैयारी, 16 जगहों पर 22 हजार बालू बैग स्टॉक

शशि तुलस्यान





### आठ पंचायत होती है बाढ से प्रभावित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानसून की दस्तक और मौसम विभाग की संभावित भारी बारिश की चेतावनी के बीच धनरूआ प्रखंड प्रशासन बाढ़ से निपटने के लिए अलर्ट मोड में आ गया है। संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रखंड में कटावरोधी कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के एसडीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि नदियों के कटाव और जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। अब तक 16 संवेदनशील स्थानों पर करीब 22 हजार बालू बैग का भंडारण किया जा चुका है। एसडीओ के अनुसार रामपुर, ओलीपुर, धनरूआ, भखरी, दरियापुर, वीर, इमलिया, रमणिबिगहा, जौधीचक, देवदहा, जमालपुर, गोपाल टोला, भजनबीघा, दौलता, कोल्हाचक और भेड़गांव जैसे तटबंध के नजदीक वाले इलाकों में बालू बोरा का स्टॉक रखा गया है। ताकि आपात स्थिति में तुरंत कटाव रोकने का काम शुरू किया जा सके। प्रशासन का पूरा फोकस उन जगहों पर है जहां हर साल नदी का कटाव ज्यादा होता है।कटावरोधी कार्य की बात करें तो दरियापुर, कोल्हाचक, भखरी और गोपाल टोला में कटावरोधी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। यहां तटबंध की सुरक्षा के लिए पिचिंग और मिट्टी भराई का काम किया गया है। इसके अलावा 7 स्थानों पर तटबंध मरम्मत का काम भी पूरा हो चुका है। कई अन्य जगहों पर अभी भी मजदूर और मशीनें काम में लगी हुई हैं। एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है ताकि बाढ़ आने से पहले सभी कमजोर तटबंध मजबूत हो जाएं। धनरूआ प्रखंड की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां हर साल बाढ़ का खतरा बना रहता है। एसडीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि धनरूआ की 5 पंचायतें दरधा, कररूआ, भुतही और लोकाईन नदी के उफान से सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं। इन नदियों में थोड़ी बारिश के बाद ही पानी का स्तर तेजी से बढ़ जाता है, जिससे आसपास के दर्जनों गांव जलमग्न हो जाते हैं। पिछले साल भी इन नदियों के कारण फसल और घरों को नुकसान पहुंचा था। इसी अनुभव को ध्यान में रखकर इस बार प्रशासन पहले से सतर्क है।तैयारी के तहत अंचल कार्यालय, राजस्व कर्मी और बाढ़ नियंत्रण विभाग के बीच समन्वय बढ़ाया गया है। सभी पंचायतों के मुखिया और वार्ड सदस्यों को भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र में निचले इलाकों की निगरानी करें और पानी बढ़ने की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। नाव और गोताखोरों की सूची भी तैयार की जा रही है। राहत शिविर के लिए स्कूल और सामुदायिक भवनों को चिन्हित किया गया है। एसडीओ ने कहा कि बाढ़ से पहले तैयारियां तेज कर दी गई हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। 22 हजार बालू बैग का स्टॉक और 16 स्थानों पर भंडारण से यह साफ है कि प्रशासन इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। उनका कहना है कि अगर नदियों का जलस्तर बढ़ता है तो चिन्हित जगहों पर तुरंत कटावरोधी काम शुरू कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से 12 वर्षीय बच्ची की मौत

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के गोढिया गांव में सरेह स्थित पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से 12 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका की पहचान गोढिया गांव निवासी रामाशीष राय की 12 वर्षीय पुत्री कल्पना कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कल्पना कुमारी किसी कार्य से सोमवार की दोपहर में गांव के सरेह की ओर गई थी। इसी दौरान वह खेत के समीप बारिश के पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिर गई और डूबने लगी। आसपास मौजूद लोगों की नजर पड़ने पर ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर शिकारगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया पति कृष्णा राम ने दी। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां चांदनी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पिता एवं अन्य परिजन गहरे सदमे में हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतका के घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सरेह और खेतों में बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे खतरनाक गड्ढों की पहचान कर उन्हें भरवाने अथवा सुरक्षा के समुचित इंतजाम कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### बुलडोजर राज के खिलाफ जन कार्रवाई में जायेगी माकपा : ललन चौधरी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य में चल रहे बुलडोजर से जनता के घर उजाड़ने के प्रक्रिया पर रोक लगाने हेतु भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ग्रामीण स्तर पर अभियान चलाकर प्रतिरोध करेगी। उक्त बाते पार्टी द्वारा आयोजित जिला कार्यालय मोतिहारी में जिला कमिटी के बैठक को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य सचिव कामरेड ललन चौधरी ने कहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता जनता के ज्वलन्त सवालों पर हस्तक्षेपकारी भूमिका अदा करें। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड शशिकांत राय ने मजदूरों किसानो मेहनतकश वर्ग के बीच हमें जाना चाहिए। उन्होंने सदस्यों से आह्वान किया कि अगले 10 अगस्त को जेलभरो अभियान चलाकर सरकार का प्रतिरोध करें। बैठक में जिला सचिव सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने राजनीतिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर बंकिम चंद्र दत्त, मुकेश कुमार, अशोक पाठक, दिलीप कुशवाहा, सुरेश सिंह, अनिल प्रसाद, उगम राम, निर्मला चांदनी एवं विपिन दुबे बहस कर प्रतिवेदन को पास किया। साथ ही आगामी सारण स्नातक विधान परिषद चुनाव लड़ने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया उम्मीदवार जिला के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार द्विवेदी उर्फ पप्पू दुबे को बनाने का प्रस्ताव पास किया गया। बैठक का अध्यक्षता कामरेड बंकिम चंद्र दत्त एवं संचालन कामरेड सत्येन्द्र कुमार मिश्रा ने किया।



### अनुमंडल आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी पालीगंज चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल सभा कक्ष में अनुमंडल आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) सहित खाद्यान्न वितरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई। साथ ही आम उपभोक्ताओं को समय पर एवं पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समिति के सदस्यों ने भी जनहित से जुड़े विभिन्न सुझाव एवं समस्याएं बैठक में रखीं। इस अवसर पर पालीगंज प्रखंड प्रमुख अनिशा देवी सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### असम से भागकर मोकामा पहुंची नाबालिग किशोरी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह थाना क्षेत्र के औंटा गांव में एक नाबालिग किशोरी के पहुंचने से हड़कंप मच गया। किशोरी असम के सोनितपुर जिले के रंगापाड़ा की रहने वाली बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, किशोरी की पहचान औंटा गांव निवासी एक युवक से ऑनलाइन गेम फ्री फायर के माध्यम से हुई थी। बातचीत के बाद किशोरी बिना अपने परिजनों को बताए घर से निकलकर बिहार के हाथीदह पहुंच गई।युवक के परिजनों को जब इस बात की जानकारी मिली, तो उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए किशोरी को सीधे हाथीदह थाने में उपस्थित करा दिया।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि किशोरी को सुरक्षित पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजन असम से पटना के लिए रवाना हो चुके हैं और कल तक पहुंचकर किशोरी को रिसीव करेंगे।

### लायंस क्लब ऑफ बीरगंज मेट्रो सिटी में नई टीम ने संभाली कमान

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस क्लब ऑफ बीरगंज मेट्रो सिटी के वर्ष 2026-27 के लिए पदभार ग्रहण एवं हैंडओवर समारोह शनिवार को बीरगंज स्थित होटल मकालु में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नई कार्यकारिणी ने विधिवत दायित्व संभालते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, युवा नेतृत्व विकास और मानव सेवा के क्षेत्र में व्यापक कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष लायन उमेश कुमार गुप्ता ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन पिया सिंह को क्लब की मिनट बुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सौंपकर औपचारिक रूप से हस्तांतरित की। समारोह के मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 325 एक के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-इलेक्ट एमजेएफ लायन राम बिहारी पांडे ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लायंस क्लब समाज सेवा की भावना को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। चार्टर अध्यक्ष एमजेएफ लायन अशोक कुमार बेरीवाल ने स्वागत भाषण में क्लब की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कम समय में क्लब ने समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।



# धरती के भगवान माने जाते हैं चिकित्सक, सेवाभावना से करें कार्य : डा प्रमोद चंद्रवंशी

## चिकित्सक दिवस पर सम्मानित किए गए अनेक चिकित्सक





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चिकित्सक धरती के भगवान माने जाते हैं। उनकी सेवाओं से संसार निरामय होता है। इसीलिए चिकित्सक सदा सम्मान के पात्र हैं। प्रत्येक चिकित्सक से सेवा की भावना से उपचार-कार्य करने की अपेक्षा की जाती है । हमें विरासत में मिली हमारी प्राचीन-चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद एवं प्राचीन जीवन-पद्धति को अपनाना चाहिए । अपने विरासत पर हमें गर्व और उसकी शिक्षाओं पर आचरण करना चाहिए, जिसमें योग भी शामिल है ।

यह बातें, चर्चित स्वयंसेवी संस्था 'नई दिशा परिवार' के तत्वावधान में, मंगलवार को, राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर बिहार इण्डस्ट्रीज एसोसिएसन सभागार में आयोजित संगोष्ठी-सह-सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए, बिहार के कला-संस्कृति मंत्री ने कही। सुप्रसिद्ध चिकित्सक पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह का संचालन संस्था के सचिव राजेश राज ने और अतिथियों का स्वागत संस्था के मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ ने कहा कि डा विधान चंद्र राय का जन्म पटना में हुआ था। उनका जन्म और उनकी मृत्यु एक ही दिन 1 जुलाई को हुई थी। उनका जीवन मानव-सेवा और राष्ट्र-सेवा का अनुपम उदाहरण है। वे बंगाल के मुख्यमंत्री रहते आदर्श शासन-व्यवस्था की नीव रखी। आज महँगी हो रही अंग्रेजी चिकित्सा-सेवा पर कई प्रश्न भी उठ रहे हैं। चिकित्सा-सेवा को व्यवसाय बनने से बचाना होगा। इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ एक्सलेंसी अवार्ड से पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा, डॉ. (प्रो.) एस. अद्वैत कृष्णा, डॉ. दिवाकर तेजस्वी, डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ. तर्जनी शंकर, डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. पूजा, डॉ. सीतेश कुमार कर्ण, डॉ. कुमार अभिनव ,डॉ राजीव कुमार, डॉ. त्रिलोकी गोलवारा, डॉ. अनिल कुमार (नवादा), डॉ. आर. पी. सिंह (होमियोपैथ चिकित्सक),डॉ. आर. के. गुप्ता ,डॉ. कौशल कुमार ,डॉ. अभिनव सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. आनंद शंकर ,डॉ. मयंक अस्मित, डॉ विकाश कुमार को 'हेल्थ एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। स्वाथ्य जागरुकता में उल्लेखनीय योगदान के लिए हेल्थ अवेयरनेस अवार्ड अभिषेक कुमार, अमित कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, कुमार पंकज सिन्हा, मनोज कुमार, मो. वासिम अंसारी, मुकेश कुमार वर्मा, मोहित कुमार, शैल सिंह ,धीरेन्द्र गुप्ता, प्रेम कुमार को 'हेल्थ अवेयरनेस अवार्ड' प्रदान किया गया। इस अवसर पर सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चन्द्रवंशी, कमल नयन श्रीवास्तव ने 'राष्ट्र के -निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका विषयक अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि चिकित्सक राष्ट्र और समान के सजग प्रहरी हैं। अपने अध्यक्षीय भाषण मे खयातिनाम चिकित्सक पद्म गोपाल प्रसाद सिन्हा ने डॉ. विधान चंद्र रॉय को नमन किया और कहा की पूरा राष्ट्र उनकी स्मृति में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाता है। समारोह मे सांस्कृतिक कार्यक्रम में उजाला राज और प्रियांशी आर्य ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। समारोह को सफल करने मे उज्जवल राज, ऋतु राज, परितोष कुमार, नागेन्द्र पंडित, सुरज कुमार, युवराज, कौशल कुमार, सोनी प्रिया, पिंकी शर्मा, संजना आर्य आदि की सक्रिय भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ समाज सेवी शिव प्रसाद मोदी ने दिया।

# खौफ का दूसरा नाम 'पांडव गिरोह': 27 साल बाद सरगना संजय सिंह गिरफ्तार, मगध में दहशत की कहानी खत्म

## नीमा गांव के 5 लड़कों से शुरू हुआ था गिरोह, दर्जनों हत्याएं-रंगदारी-अपहरण का आरोप, बिहार-झारखंड में 26 केस दर्ज







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी और पूरे मगध क्षेत्र के लिए दशकों तक दहशत का पर्याय बने 'पांडव गिरोह' के सरगना और बिहार पुलिस के 50 हजार रुपये के इनामी संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने राहत की सांस ली है। संजय सिंह के 27 साल के आपराधिक इतिहास पर अब विराम लग गया है। गिरफ्तारी की खबर के बाद धनरूआ के नीमा गांव में दिनभर लोगों के बीच सिर्फ इसी की चर्चा रही। गौरतलब है कि 90 के दशक के आखिर में नीमा गांव के पांच युवकों संजय सिंह, चित्तरंजन शर्मा, बबलू सिंह, अशोक सिंह और विपिन शर्मा ने मिलकर नक्सलियों से लोहा लेने के लिए 'पांडव सेना' का गठन किया था। शुरूआत में गांव की सुरक्षा के नाम पर बनी यह सेना धीरे-धीरे एक संगठित गिरोह में बदल गई। इसके बाद रंगदारी, हत्या और अपहरण की घटनाओं को गिरोह ने ताबड़तोड़ अंजाम देना शुरू कर दिया। गिरोह पर दर्जनभर से ज्यादा लोगों की हत्या का आरोप है।समय के साथ गिरोह कमजोर पड़ता गया। वर्ष 2003 में बबलू सिंह और अशोक सिंह की झारखंड के गढ़वा में हत्या कर दी गई। पांडव सेना के विपिन शर्मा की मौत गांव में ही एक ट्रैक्टर दुर्घटना में हो गई। 2004 तक गिरोह में सिर्फ संजय सिंह और चित्तरंजन शर्मा ही बचे थे। 2004 में झारखंड के हजारीबाग में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय के पोते और अधिवक्ता प्रशांत सहाय की हत्या के बाद गिरोह में फूट पड़ गई। संजय सिंह को शक था कि चित्तरंजन शर्मा ने पुलिस को उसका नाम बता दिया था। इसके बाद शुरू हुआ गैंगवार का सिलसिला। 26 अप्रैल 2020 को धनरूआ के नदवां स्टेशन के पास संजय सिंह पर गोलीबारी हुई, जिसमें उसे तीन गोलियां लगीं। प्रतिशोध में 26 अप्रैल 2022 को जहानाबाद में चित्तरंजन शर्मा के चाचा अभिराम शर्मा और मसौढ़ी में भतीजे दिनेश शर्मा की हत्या कर दी गई। इसके जवाब में 27 मई 2022 को नीमा गांव के सुधीर कुमार की हत्या हुई, जो संजय का करीबी था। बदले की आग यहीं नहीं थमी। घटना के चौथे दिन 31 मई 2022 को पटना के पत्रकारनगर में चित्तरंजन के दो भाई गौतम शर्मा और शंभू शर्मा को गोलियों से भून दिया गया। पिछले दो दशकों में पांडव सेना से जुड़े कई लोगों की हत्या हो चुकी है।

# औद्योगिक क्षेत्र बनेगा रामगढवा प्रखंड, 600 करोड़ का होगा प्रोजेक्ट



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवाओं को नौकरी के उद्देश्य से बनेंगे छः सौ करोड़ के औद्योगिक नगरी, उक्त बातें बेतिया संसदीय क्षेत्र के सांसद पूर्व बिहार प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर संजय जायसवाल ने कहीं, आदापुर के छोटा औरैया गांव में आयोजित कानू समाज के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को सम्मान समारोह की गई थी,इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, सांसद जायसवाल ने विकसित भारत होने का दावा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किए गए कार्यों को बारीकीसे समझाया, उन्होंने मुख्यमंत्री के विकास कार्यों में स्वास्थ्य, सड़क, बिजली,की सराहना करते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति का काम प्रखंड कार्यालय या अंचल कार्यालय में समय पर नहीं किया गया तो कारवाई तय है आदापुर स्टेशन को विकसित करने व उच्चीकरण के लिए डीआरएम से लिखित रूप रेखा तैयार की गई है रक्सौल हल्दिया फोर लेन करीब 32हजार करोड़ की राशि से बनेंगी जो आदापुर और छौडादानो होकर निकालने की व्यवस्था की जा रही है रक्सौल में पर्याप्त जमीन नहीं होने के कारण रामगढवा प्रखंड क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा जो करीब 600 सौ करोड़ का खर्च आयेगा।

# बैंक ऑफ इंडिया की 72वीं शाखा 'कदमकुआं शाखा' का शुभारंभ



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक ऑफ इंडिया, पटना अंचल ने अपने शाखा विस्तार अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज अपनी 72वीं शाखा के रूप में कदमकुआं शाखा का शुभारंभ किया। यह शाखा प्रथम तल, समृद्धि कॉम्प्लेक्स, राजेन्द्र पथ, दरियापुर गोला, पटना में स्थित है। नई शाखा के माध्यम से क्षेत्र के ग्राहकों को आधुनिक, सुलभ एवं विश्वसनीय बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शाखा का उद्घाटन फील्ड जनरल मैनेजर, पटना, एस.बी. साहनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक, पटना अंचल, ओपी चौधरी, उप आंचलिक प्रबंधक, ललित वी.एन. झा, शाखा प्रबंधक, अजीत कुमार सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों ने अपने संबोधन में बैंक ऑफ इंडिया की ग्राहक-केंद्रित कार्यसंस्कृति, वित्तीय समावेशन तथा क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में बैंक की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों के साथ आत्मीय संवाद भी हुआ, जिसने बैंक और ग्राहकों के बीच विश्वास एवं संबंधों को और सुदृढ़ किया। नई कदमकुआं शाखा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, उद्यमियों तथा अन्य ग्राहकों को बचत एवं चालू खाते, विभिन्न ऋण योजनाएं, डिजिटल बैंकिंग, निवेश तथा अन्य आधुनिक बैंकिंग सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

### समस्या को लेकर नागरिक तत्काल नगर निगम कार्यालय को सूचना दें : महापौर

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से नगर निगम क्षेत्र के सभी 46 वार्डों की गलियों, मोहल्लों, मुख्य सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य क्षेत्रों में प्रतिदिन नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जा रहा है। महापौर प्रीति कुमारी ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए मुख्य नालों एवं गली - मोहल्लों की नालियों की नियमित सफाई कराई जा रही है। साथ ही, जलजमाव वाले क्षेत्रों में टैंकर एवं अन्य आवश्यक संसाधनों के माध्यम से जल निकासी कराई जा रही है, ताकि जलजमाव की समस्या कम हो और शहरवासियों को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी 46 वार्डों में समुचित एवं सुचारू सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में कुल 16 सफाई कर्मियों की परिनियुक्ति की गई है।

# नीट पेपर लीक व शिक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस का प्रहार, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग





**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले मंगलवार को रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक रोड स्थित प्रेसिडेंट इन होटल के सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में नीट परीक्षा पेपर लीक, परीक्षा कुप्रबंधन, निजी शिक्षण संस्थानों की बढ़ती फीस तथा शिक्षा के निजीकरण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. अखिलेश दयाल ने कहा कि लगातार हो रही परीक्षा अनियमितताओं ने देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र कई बार लीक हुए हैं और नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा भी इससे अछूती नहीं रही। उनके अनुसार इससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है तथा युवाओं का व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हुआ है। बढ़ती शिक्षा लागत और निजीकरण से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रो. दयाल ने बताया कि कांग्रेस द्वारा 'छात्रों की गूंज' अभियान के तहत मोतिहारी जिले के 13 प्रखंडों और छह विधानसभा क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को पटना में प्रस्तावित नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के कार्यक्रम से पूर्व यह अभियान चलाया जाएगा तथा छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की जाएगी। प्रेस वार्ता में रक्सौल प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बिकेश राउत, दीपक भारती, सुधन यादव, ईश्वर चंद्र प्रसाद समेत कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चक्कर कटवाओगे तो कार्रवाई पक्की : बीडीओ

## राजस्व कर्मियों को दी खुली चेतावनी, बीस सूत्री बैठक में राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ी फटकार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय स्थित संजय सिन्हा स्मृति सभागार में मंगलवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की सामान्य बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने की जबकि संचालन बीडीओ सह सदस्य सचिव प्रभाकर कुमार ने किया। बैठक में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, पीओ, बीपीआरओ, सीडीपीओ, कृषि पदाधिकारी, बिजली विभाग के पदाधिकारी समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। पूरी बैठक में अंचल के राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही और आम जनता को काम के लिए परेशान करना, कार्यालय के चक्कर कटवाना मुख्य मुद्दा रहा। बीडीओ ने चेतावनी दी कि सभी अंचल के अमीन-राजस्व कर्मियों को सख्त हिदायत दी जाएगी। जनता को काम के लिए परेशान न करें और न ही चक्कर कटवाएं। बीडीओ ने कहा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने वाले हम पदाधिकारी हैं। जो भी लापरवाही करेगा, उस पर सख्त कार्रवाई होगी, चाहे वह हम ही क्यों न हों।सदस्यों ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी से किसानों को जबरन नैनो यूरिया लेने का दबाव बनाने पर भी चर्चा की। वहीं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के कभी प्रखंड कार्यालय न आने पर भी आपत्ति जताई। वहीं बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारी पर स्पष्टीकरण जारी करने का प्रस्ताव लिया गया, बीडीओ ने विभागों के बीच तालमेल बढ़ाने, रुकावटें दूर करने और समयबद्ध लक्ष्य पूरा कर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में बीस सूत्री उपाध्यक्ष आशीष देव, सदस्य अश्विनी उर्फ गोल्डी, मेराज अहमद, मंजू देवी, संजय केसरी, राजीव कुमार, हिमांशु कुमार, सुजीत पासवान, अशोक सिंह, अविनाश कुमार, अखिलेश सिंह, रंजीत कुमार वर्मा, समेत सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी थर्मल प्लांट बाढ़ में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना का शिलान्यास

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट बाढ़ में निदेशक परिचालन रवीन्द्र कुमार ने सोमवार को 400 मेगावाट प्रति घंटा क्षमता युक्त बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पूर्व-1 एल. के. बेहेरा , कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी बाढ़ सी. सत्यरामा कृष्ण, तथा प्रबंध निदेशक, एनजीएसएल महेश गोविंद केंडे मौजूद रहे । प्रबंधन का कहना है कि परियोजना विद्युत ग्रिड की विश्वसनीयता एवं स्थिरता बढ़ाने, नवीकरणीय ऊर्जा के प्रभावी एकीकरण तथा मांग के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से अतिरिक्त विद्युत ऊर्जा का भंडारण कर आवश्यकता के समय ग्रिड में उपलब्ध कराया जा सकेगा, जिससे ऊर्जा दक्षता और ग्रिड की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। शिलान्यास समारोह के उपरांत निदेशक (परिचालन) ने स्टेज-कके नियंत्रण कक्ष का भ्रमण कर स्टेशन की परिचालन संबंधी गतिविधियों का अवलोकन किया। इसके पश्चात प्रशासनिक भवन में प्रगति की समीक्षा की।अपने दौरे के समापन पर निदेशक (परिचालन) ने अशोक भवन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जीएम हरेकृष्ण जेना, अजीत कुमार सिंह तथा अरुण कुमार सिंह, आलोक कुमार त्रिपाठी, पूर्णकालिक निदेशक, एनजीएसएल सहित एनटीपीसी एवं एनजीएसएल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 400 मेगावाट का होगा भंडारण





# आद्रा नक्षत्र में भी नहरों में नहीं पहुंचा पानी, धान की खेती पर संकट

अशोक कुमार

## किसान बोले- आखिर करें तो क्या करें?





**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि कार्यों के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले आद्रा नक्षत्र भी आधे से अधिक (सप्ताह दिन) बीत चुका है, लेकिन पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र की नहरों में अब तक पानी नहीं पहुंचने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। नहरों में पानी के अभाव के कारण किसान धान का बिचड़ा तैयार नहीं कर पा रहे हैं। रोहन नक्षत्र में दिए गए धान के बिचड़ा को बचाने के लिए किसानों उसे निजी नलकूपों व पंपसेटों के सहारे खेतों की सिंचाई करने को मजबूर हैं। धान का कटोरा कहे जाने वाले इस क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था की बदहाली किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। एक ओर भीषण गर्मी के कारण भू-जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, जिससे कई गांवों में पेयजल संकट गहराने लगा है, वहीं दूसरी ओर किसान धान की बिचड़ा बचाने के लिए मोटर चलाकर खेतों का पटवन कर रहे हैं। पालीगंज क्षेत्र में सिंचाई के लिए दो प्रमुख नहरें हैं। पहली नहर अरवल से निकलकर मुड़िका तक जाती है, जिसे नौ नंबर मुड़िका कैनाल कहा जाता है। इसकी लंबाई लगभग 32 किलोमीटर है। दूसरी नहर बारा-सतपुरा के पास से निकलकर दुल्हिनबाजार के हरपुरा तक जाती है, जिसे दस नंबर नहर के नाम से जाना जाता है। इसकी लंबाई लगभग 37 किलोमीटर है। इसी नहर से चढ़ोस ब्रांच (7 किलोमीटर) और भरतपुरा ब्रांच (8 किलोमीटर) नहर भी निकली है। खपुरा के किसान विनोद कुमार, अजय शर्मा, कौशलेंद्र शर्मा, नवल किशोर सिंह,शिवसागर महतो, दीप नारायण महतो, कालोपुर के बैजनाथ सिंह, बजरंगी सिंह,सियारामपुर के शिवपूजन शर्मा, कुरकुरी के बच्चा शर्मा, दरियापुर अनंत के रजनीश उपाध्याय, विभूति शर्मा,मनोज शर्मा, पतौना के सुरेंद्र शर्मा तथा फतेहपुर के राजदेव यादव सहित कई किसानों ने बताया कि सिंचाई विभाग नहरों के रखरखाव और अंतिम छोर तक समय पर पानी पहुंचाने में विफल साबित हो रहा है। आद्रा नक्षत्र शुरू होने के बावजूद नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया है, जिससे समय पर धान का बिचड़ा डालने में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। किसानों का कहना है कि यदि समय पर बिचड़ा नहीं डाला गया और खेतों की जोताई-पटवन नहीं हुई तो निचले इलाकों में समय पर धान की रोपनी नहीं हो पाएगी। इससे सैकड़ों एकड़ भूमि परती रह जाने की आशंका है। मजबूरी में किसानों ने निजी पंपसेटों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। किसानों ने बताया कि उन्हें तिहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक ओर नहर सिंचाई का शुल्क देना पड़ता है, दूसरी ओर पंपसेट से सिंचाई पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है, जबकि लगातार भू-जल दोहन के कारण चापाकल सूखने लगे हैं और पेयजल संकट भी बढ़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को समय पर पानी, बीज और खाद उपलब्ध कराने की बात तो करती है, लेकिन नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में सिंचाई विभाग और स्थानीय प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है। किसानों ने मांग की है कि धान की खेती को बचाने के लिए अविलंब नहरों में पानी छोड़ा जाए। किसानों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो खेती चौपट होने का खतरा पैदा हो जाएगा। ऐसे में उनका सवाल है—"आखिर किसान करें तो क्या करें?"।

### केन्द्रीय कारा का किया गया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश - सह - अध्यक्ष अभिषेक कुमार दास, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मोतिहारी द्वारा केंद्रीय कारा मोतिहारी का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नितिन त्रिपाठी, सचिव, DLSA भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने कारा में उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता, कारा अस्पताल की व्यवस्था, विधिक सहायता सुविधाएं, ई-मुलाकाती हेल्पडेस्क तथा महिला वार्ड का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराएं महाविद्यालय भूमि का सीमांकन

## शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व मूलभूत सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। ओबरा प्रखंड अंतर्गत प्रस्तावित राजकीय डिग्री महाविद्यालय ओबरा का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, भवन की स्थिति तथा आगामी शैक्षणिक सत्र के सफल संचालन के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। गौरतलब है कि औरंगाबाद जिले में नव स्वीकृत राजकीय डिग्री महाविद्यालयों के संचालन हेतु मदनपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीरवां तथा ओबरा प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, करसावा को चिन्हित किया गया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आगामी शैक्षणिक सत्र से इन संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ की जानी हैं। इसे लेकर सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जा रही हैं। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा महाविद्यालय भवन, कक्षाओं, परिसर, रंग-रोगन एवं साफ-सफाई सहित अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निकट भविष्य में प्रस्तावित उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्घाटन से पूर्व सभी आवश्यक कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा महाविद्यालय के प्रभारी एवं प्राचार्य को निर्देशित किया कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक फर्नीचर, कक्षाओं की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, शौचालय, साफ-सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अंचल अधिकारी, ओबरा को निर्देश दिया गया कि महाविद्यालय की भूमि का सीमांकन प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की भूमि संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, ओबरा प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य का निर्देश

**औरंगाबाद**। मनरेगा अंतर्गत जल संसाधन विभाग के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा ओबरा प्रखंड में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड ओबरा की बेल पंचायत अंतर्गत संचालित सोनबर्षा वितरणी के कि।मी। 1.65 दायें से ठेगवा जलवाहा तक 1.52 कि.मी. (लगभग 5000 फीट) लंबाई में किए गए पुनर्स्थापन कार्य का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने योजना की प्रगति, गुणवत्ता तथा किसानों एवं स्थानीय लोगों के लिए इसकी उपयोगिता की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि उक्त योजना का भौतिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने योजना के माध्यम से सिचाई सुविधा का अधिकतम लाभ किसानों तक पहुंचाने तथा इसकी सतत उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड में मनरेगा एवं जल संसाधन विभाग के समन्वय से संचालित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। ग्राम पंचायत मलवा, डिहरा एवं तेजपुरा में संचालित चार अन्य योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने सभी कार्यों का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण, सिचाई सुविधा के विस्तार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण की दृष्टि से इस प्रकार की योजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी प्रकार की अन्य आवश्यक योजनाओं का प्रस्ताव तैयार कर जल संसाधन विभाग के माध्यम से कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों एवं ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), सहायक अभियंता (मनरेगा) तथा कार्यक्रम पदाधिकारी, ओबरा सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मनरेगा की जगह 'वीबी-जीराम-जी' योजना लागू, पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा**। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मनरेगा कार्यालय के सभागार में मंगलवार को 'वीबी-जीराम-जी' (विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण-2025) योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, कार्यक्रम पदाधिकारी (पीओ) राजेश कुमार चौधरी तथा मुखिया संघ अध्यक्ष गोपाल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला में प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों, रोजगार सेवकों (पीआरएस) एवं मनरेगा कर्मियों को नई योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई से मनरेगा के स्थान पर 'वीबी-जीराम-जी' योजना लागू की जा रही है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ आधारभूत संरचना एवं आजीविका से जुड़े विकास कार्यों को गति दी जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे पीओ राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि यह योजना विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। योजना के अंतर्गत पात्र मजदूरों को 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पार्क, तालाब निर्माण, मत्स्य पालन हेतु यार्ड, हरित विकास तथा



पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना का संपूर्ण संचालन ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से होगा, जिससे कार्यों में पारदर्शिता आएगी तथा भुगतान प्रक्रिया अधिक सुगम और त्रुटिरहित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के बजट में केंद्र एवं राज्य सरकार की हिस्सेदारी अलग-अलग निर्धारित है। कार्यशाला में मुखिया संतोष कुमार सौंडिक, फुरकान खान, राकेश कुमार, सतेन्द्र पासवान, मुन्ना कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रंजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, ओमप्रकाश चौधरी, पंचायत समिति सदस्य धनंजय कुमार मुन्ना, प्रगति कुमार, डॉ. ब्रह्मदेव प्रसाद, प्रतिनिधि जयप्रकाश कुमार, राजू यादव, राजू कुमार, युगल किशोर यादव, रामजीवन यादव सहित प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि, पीआरएस एवं मनरेगा कर्मी उपस्थित रहे।

# विश्व कल्याण व परिजनों की खुशहाली की कामनाओं के साथ अमरनाथ रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष के बीच अमरनाथ यात्रियों का एक जत्था दाउदनगर से मंगलवार को अहले सुबह बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इससे पहले भक्तों के इस दल ने शहर के मुख्य पथ स्थित हनुमान मंदिर में रुद्रावतार और डमरू धारी की विधिवत पूजा की फिर इनसे इजाजत लेकर बाबा अमरनाथ के पवित्र गुफा के लिए यात्रा की शुरुआत की। भक्तों का यह दल अपनी चार पहिया चार कारों से बाई सड़क निकले हैं, जिसमें दाउदनगर प्रखंड के तरारी पैक्स अध्यक्ष ओमप्रकाश, तरारी के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि नागेन्द्र सिंह उर्फ साधु जी, ब्राह्मणों के संगठन चाणक्य युवा संघ के दाउदनगर अध्यक्ष भास्कर तिवारी, भाजपा नेता सह तरारी पंचायत के पूर्व वार्ड पार्षद सदस्य रहे राजेश तिवारी, एल। आई। सी। अभिकर्ता सत्येंद्र तिवारी, दाउदनगर



शहर के प्रमुख व्यवसाई देवकांत तिवारी उर्फ गुड्डू, मुन्ना तिवारी, ब्रजेश तिवारी, राम निवास तिवारी, उपेंद्र तिवारी, सुमित पांडेय, अमित मिश्रा, अमित शर्मा, मनोज कुमार उर्फ मंत्री व राजकुमार गुप्ता शामिल हैं। सुबह भक्तों के इस दल में बाबा बर्फानी के दर्शन को गजब का उत्साह तो दिखा ही बाबा अमरनाथ से मिलने की एक व्याकुलता भी दिखी। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे लोग न केवल अपने परिवार की सुख - समृद्धि बल्कि पूरे विश्व के कल्याण की प्रार्थना लेकर बाबा बर्फानी की दर्शन करने वाले हैं और फिर बार - बार बुलाने का उनसे अर्जी भी करने वाले हैं। कहा कि वे लोग बाबा से मिलकर पूरी दुनिया में शांति और भाईचारे के लिए प्रार्थना करेंगे और अपने परिजनों के स्वास्थ्य तथा उनकी उन्नति की कामना करेंगे। बताया कि इस यात्रा की पूरी अवधि लगभग पंद्रह दिनों की है। बाबा बर्फानी के दर्शन के बाद वे लोग लौट जायेंगे। बाबा बर्फानी के इन श्रद्धालु भक्तों के अनुसार यात्रा के दौरान इन्होंने सासाराम स्थित माता तारा चंडी के दरबार में भी हाजिरी लगाई फिर आगे बढ़े।

# निजी चिकित्सालयों के भरोसे स्वास्थ्य व्यवस्था









डाक्टर्स डे पर विशेष रिपोर्ट

**डॉ। उपेंद्र कश्यप /नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

दाउदनगर (औरंगाबाद) । अनुमंडल की स्वास्थ्य व्यवस्था निजी चिकित्सालयों के भरोसे है। अनुमंडल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के निर्धारित पद के विरुद्ध 10 से 15 प्रतिशत से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक कभी पदस्थापित नहीं किए गए। कुल 75 बेड वाले में 10 चिकित्सक भी कभी एक साथ पदस्थापित नहीं हुए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी यही हाल है। दोनों अस्पताल सुविधा और संसाधन का अभाव झेल रहे हैं। ऐसे में लोगों के पास निजी चिकित्सालय पर ही मुख्य भरोसा है। डॉक्टर्स डे पर इस संवाददाता ने डॉ।रंजू अस्पताल के डॉ। रंजू, आशादीप के डॉ। विकास कुमार, एके सिंह इमरजेंसी अस्पताल के संचालक डॉ। अरविंद कुमार सिंह और मंटू हॉस्पिटल के डॉ। मंटू कुमार से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। बातचीत के आधार पर कहा जा सकता है कि आम लोगों का विश्वास सरकारी से अधिक निजी अस्पतालों पर है। डॉ। रंजू महिला रोग विशेषज्ञ हैं तो उनके पति डॉ विनोद कुमार सिंह नेत्र विशेषज्ञ हैं। आगामी 11 जुलाई से उनकी बहू भी बीमार को सेवा उपलब्ध कराएंगी। इसके अलावा बाजार में डॉक्टर विकास कुमार और उनकी पत्नी डॉक्टर सोनाली गुप्ता माह में दो दिन सेवा देते हैं। जिसमें डॉ। विकास कुमार मूत्र रोग विशेषज्ञ हैं, तो डॉक्टर सोनाली गुप्ता आईवीएफ की विशेषज्ञ है। एके सिंह इमरजेंसी हॉस्पिटल तमाम आपात सेवाएं उपलब्ध कराती है। जब भी कोई हिंसा की घटना हो, दुर्घटना हो, हर घायल व्यक्ति को सबसे पहले प्रायः इसी अस्पताल में लोग ले जाते हैं। यहां तक कि प्रशासन भी कई बार इस अस्पताल की सेवा लेना सुलभ महसूस करता है। डॉ। मंटू हॉस्पिटल में भी कई प्रकार के रोगों का इलाज हो रहा है। इस तरह के कई अन्य निजी अस्पताल भी यहां हैं जो लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहे हैं।

**कई बार सामने आता है विवाद**

हालांकि कई बार मरीज और अस्पताल के बीच निजी अस्पतालों में जहां अधिक खर्च बता कर विवाद होता है, तो कई बार तमाम सरकारी व निजी अस्पतालों में गलत इलाज को लेकर विवाद खड़ा होता है। मौत की स्थिति में सरकारी या निजी अस्पताल हो दोनों ही जगह हंगामा देखने को मिलता है और आम लोगों का आरोप यही होता है कि इलाज में लापरवाही बरती गई। इन सब के बावजूद अनुमंडल मुख्यालय में कई स्तर पर बड़े अस्पताल, संसाधन, सुविधा और विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता है। कई डॉक्टर अपना निजी क्लीनिक चलाते हैं। जिसमें कई सरकारी चिकित्सक भी शामिल हैं। अनुमंडल की चिकित्सा व्यवस्था इसी के इर्द-गिर्द घूमती है। जरूरत इस बात की है कि सरकार अपने संस्थानों में संसाधन और सुविधा बढ़ाएं। खास कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापन सुनिश्चित करे। वहीं निजी क्षेत्र में भी अस्पतालों में सुधार की व्यापक संभावना है ताकि मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध हो सके।

# मनरेगा की जगह आज से लागू हुआ 'जी राम जी' कानून, 125 दिन रोजगार की गारंटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)** । ग्रामीण रोजगार व्यवस्था में एक जुलाई से बड़ा बदलाव लागू हो गया। केंद्र सरकार ने 20 वर्षों से संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की जगह 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' अधिनियम, 2025 लागू कर दिया है। नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण परिवारों को अब 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी।

सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए योजना में 95,692 करोड़ रुपये का केंद्रीय बजट आवंटित किया है। राज्यों की हिस्सेदारी के साथ कुल परिव्यय 1।51 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। नई योजना में जल संरक्षण, ग्रामीण सड़क, कृषि भंडारण, बाजार निर्माण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया है। महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं गंभीर रूप से बीमार श्रमिकों के लिए अलग शेड्यूल ऑफ रेट्स लागू किया गया है, ताकि उनकी कार्यक्षमता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। भ्रष्टाचार और फंड के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए योजना को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है। इसमें एआई आधारित निगरानी, जीपीएस ट्रैकिंग, मोबाइल मॉनिटरिंग तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में वर्ष में दो बार अनिवार्य सोशल ऑडिट का प्रावधान किया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक पुराने ई-केवाईसी सत्यापित मनरेगा जॉब कार्ड मान्य रहेंगे। सरकार का दावा है कि नई योजना ग्रामीण रोजगार के साथ-साथ टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण, पारदर्शिता और आजीविका सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देकर विकसित भारत के लक्ष्य को गति देगी।

## एनबीडब्ल्यू वारंट के तीन आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के आधार पर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में बघोई गांव निवासी नीतीश कुमार तथा उदयभानचक गांव निवासी कुर्बान खां और यासीन खां शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया और न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मारपीट मामले में तीन नामजद व दो गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना पुलिस ने अपराधियों की धर-पकड़ और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो गैर-जमानती वारंटियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पुलिस ने फरार चल रहे दो गैर-जमानती वारंटियों अप्पू यादव एवं धर्मेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी सगे भाई हैं तथा कामेश्वर यादव के पुत्र हैं। वहीं, कुटुंबा थाना में दर्ज मारपीट के एक मामले में पुलिस ने तीन नामजद अभियुक्तों रमेश कुमार, अशोक कुमार और शिव





शंकर कुमार को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी ग्राम बसडीहा निवासी विनोद राम के पुत्र तथा आपस में सगे भाई हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। इन पर आरोप है कि इन्होंने बसडीहा निवासी अर्जुन पासवान के घर में घुसकर तलवार, पिस्टल, खंती और लोहे के रॉड से जानलेवा हमला किया था। घटना में अर्जुन पासवान एवं उनके परिजनों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी। उपचार के बाद पीड़ित के आवेदन पर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# पंचायत समिति की बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित बहुदेशीय भवन सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की सामान्य बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सोनी देवी एवं संचालन डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने किया। बैठक में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। बनिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उमेश यादव ने खाद्य वितरण में हो रहे अनियमिता के मुद्दे उठाए जिसमें प्रखंड कृषि पदाधिकारी आकृति तिवारी ने जवाब देते हुए कहा कि खाद्य वितरण में व्याप्त लापरवाही एवं अनिमीयता पर रोक लगाने को लेकर कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकारों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने रिटेलर के पास उपलब्ध खाद्य एवं वितरण प्रणाली पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वहीं ग्राम हाजीपुर, कुशहा में जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों को गांव में ही स्थित विद्यालय में टैग करने की मांग की गई। साथ ही कई जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्रों के लिए विभिन्न योजनाओं से संबधित जानकारी पदाधिकारियों से ली। मनरेगा पदाधिकारी योगेंद्र सिंह ने कहा कि कल से जीरामजी योजना पूरे भारत में लागू होना है जिसमें 100 दिन के बदले 125 दिन का रोजगार, बजट के अनुसार कार्य, मजदूरी के लिए रिसीविंग एवं ट्रांसजेंडर के लिए काम के साथ विशेष मजदूरी की सुविधा उपलब्ध है। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि अब 15वें से 16वें वित आयोग लागू किया गया है जिसमें सरकार द्वारा जारी राशि को क्रमानुसार योजनाओं पर खर्च करने का प्रावधान दिया गया है। खास कर स्वच्छता पर विशेष जोर देने की बात कही। इस राशि से शिक्षा, साफ सफाई एवं विद्यालयों की मरम्मति पर भी राशि खर्चा करने की बात कही गई। बैठक में कुल 36 प्रस्तावों पर सवाल जवाब किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि पंचायत समिति की बैठक एक महत्वपूर्ण बैठक होती है जिसमें सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं पर चर्चा की जाती है। पूर्व में प्रस्तावित विषयों पर सम्पन्न हुए या अधूरे कार्यों का विश्लेषण किया जाता है। बैठक में एमडीएम पदाधिकारी, पीएचईडी पदाधिकारी सहित अन्य अनुपस्थित पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण के साथ विभागीय कारवाई का प्रस्ताव लाया गया।

# महिला पर्यवेक्षिका के विरुद्ध एक दिवसीय धरना, कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित आंगनबाड़ी कार्यालय के बाहर महिला पर्यवेक्षिका भारती कुमारी के विरुद्ध बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना की अध्यक्षता यूनियन की प्रखंड अध्यक्ष सविता कुमारी यादव ने की, जबकि संचालन कार्यकारिणी अध्यक्ष पूनम कुमारी ने किया। धरना में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष संगीता कुमारी यादव, मीडिया प्रभारी रेखा कुमारी एवं जिला कोषाध्यक्ष प्रीति कुमारी मौजूद रहीं। इस दौरान जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि महिला पर्यवेक्षिका भारती कुमारी को रफीगंज से हटाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन जारी रहेगा। आंगनबाड़ी सेविकाओं ने आरोप लगाया कि पोषाहार मिलने के बाद भी एफआरएस (फेस रिकग्निशन सिस्टम) करवाने में परेशानी हो रही है। कार्यालय सामग्री वितरण सहित



कई कार्य समय पर नहीं किए जाते हैं। सामग्री वितरण में कटौती किए जाने का भी आरोप लगाया गया। सेविकाओं ने बताया कि पिछले छह माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरना के दौरान कहा गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिला पर्यवेक्षिका द्वारा जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। वहीं मोबाइल खराब रहने के कारण सेविकाओं को केंद्र संचालन में भी दिक्कत हो रही है। यूनियन के सदस्यों ने सरकार से महिला पर्यवेक्षिका भारती कुमारी की जांच कराने तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति की भी जांच कराने की मांग की।महिला पर्यवेक्षिका के विरुद्ध कई बार आवेदन देकर शिकायत की गई है, लेकिन अब तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आवेदन देने के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।इस मौके पर शीला देवी, मालती देवी, आरती कुमारी, सुधा कुमारी, मुन्नी कुमारी, जिला महासचिव रंजीत कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजीव कुमार, गौतम कुमार, प्रिंस कुमार, नरेश रजक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने मारपीट के अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में पुलिस ने मई गांव से वारंटी विवेक कुमार को गिरफ्तार कर औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसके घर से ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहीं दूसरे मामले में रफीगंज थाना कांड संख्या 172/26 के अभियुक्त धरहरा गांव निवासी मनोज यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मारपीट के मामले में आरोपी बनाया गया मनोज यादव घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# फ्रॉड कर खाते से निकाले गए रुपये पुलिस ने लौटाये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। साइबर ठगी के शिकार हुए एक युवती को पुलिस ने फ्रॉड की राशि रिकवर कर मंगलवार को लौटा दी। पीड़ित की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के कर्मा खुर्द गांव निवासी संध्या कुमारी रूप में की गई है। पीड़िता ने बताया कि पिछले दिनों उसके साथ 51120 हजार रुपये का साइबर फ्रॉड हुआ था। इसके बाद उसने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होते ही साइबर थाना द्वारा विधि-सम्मत तरीके से जांच की गई और साइबर फ्रॉड के अकाउंट से 30300 रुपये रिकवर कर न्यायालय के आदेश पर पीड़ित को सोमवार को लौटा दी गयी। इस संबंध में साइबर डीएसपी मंगलेश सिंह ने बताया कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन



1930 पर संपर्क करना चाहिए और मामले की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करानी चाहिए, ताकि समय पर कार्रवाई संभव हो सके।

# श्रावणी मेला को लेकर डीएम व एसपी ने सुल्तानगंज का लिया जायजा

## सुविधाओं व भीड़ प्रबंधन को लेकर दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने संयुक्त रुप से आज सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का दौरा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुल्तानगंज स्थित नमामि गंगे घाट, सीढ़ी घाट, बाबा अजगैबीनाथ मंदिर परिसर, कृष्णगढ़ नियंत्रण कक्ष तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया और संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अपने अपने कार्यों को निर्धारित समय के पहले पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कृष्णगढ़ नियंत्रण कक्ष के समीप जर्मन हैंगर स्थापित करने का निर्देश देते हुए बाबा चौक फोरलेन के निकट पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी वाहन पार्किंग, बेहतर प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही सुल्तानगंज स्थित पथ निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का भी निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं अन्य कार्य समय पर पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अभियंताओं को दिया। श्रीमति पांडेय ने मेला क्षेत्र में बिजली के तारों की मरम्मत एवं ऊपर उठाने का निर्देश विद्युत विभाग को दिया। वहीं सुल्तानगंज नगर परिषद को व्यापक साफ-सफाई, सभी नालों की उड़ाही तथा जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए कहा गया। संभावित जलजमाव वाले क्षेत्रों में मिट्टी भराई एवं आवश्यकतानुसार अस्थायी ड्रेनेज व्यवस्था विकसित करने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष पर्यटन विभाग के सहयोग से लेजर शो, ड्रोन शो एवं अन्य आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संपूर्ण नगर क्षेत्र को भगवान शिव की थीम पर सजाया जाएगा तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुति भी होगी, जिससे श्रावणी मेला और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनेगा। उन्होंने कहा कि जिला एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, जर्मन हैंगर की स्थापना तथा उद्घाटन समारोह सहित सभी व्यवस्थाओं की संयुक्त रूप से लगातार समीक्षा की जा रही है। कच्ची कांवरिया पथ को भी श्रावणी मेला आरंभ होने से पूर्व पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा। डाक बम एवं सामान्य कांवरियों के आवागमन एवं निकासी के लिए विस्तृत रूट एवं मूवमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि मेला क्षेत्र और कावंरिया मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को इस बार अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। खासकर , नमामि गंगे घाट सहित भीड़-भाड़ वाले सभी संवेदनशील स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इस वर्ष 9 से 12 अस्थायी थाना स्थापित करने की योजना है। आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त हॉटस्पॉट एवं ब्लैक स्पॉट भी चिन्हित कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि श्रावणी मेला क्षेत्र में घुड़सवार पुलिस मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग एवं पैदल गश्ती की व्यापक व्यवस्था रहेगी।

# मारपीट के 19 वर्ष पुराने मामले में पांच अभियुक्त दोषी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला व्यवहार न्यायालय ने 19 वर्ष पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए पांच अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत की अदालत ने सत्र वाद संख्या 186/2010 (6103/2013), मटिहानी थाना कांड संख्या 26/2007 में सुनवाई पूरी होने के बाद सभी अभियुक्तों को विभिन्न धाराओं में दोषसिद्ध पाते हुए कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले के सूचक अरुण कुमार, पिता स्व कुशेश्वर राय, निवासी रचियाही, थाना मटिहानी द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 3 मार्च 2007 को दोपहर करीब 1:30 बजे आरोपी राम शंकर राय उनके खेत में घास काट रहे थे। इसका विरोध सूचक के भाई राम सुदीत राय ने किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद और गाली-गलौज हुई। प्राथमिकी के अनुसार, अगले दिन 4 मार्च 2007 की सुबह करीब 6 बजे राम शंकर राय, सोनेलाल राय, प्रदीप राय, अमरदीप राय एवं रोहित राय लाठी-डंडा और खंती से लैस होकर पहुंचे और सूचक पर हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान सोनेलाल राय ने अरुण कुमार की कनपटी पर लाठी से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक संतोष कुमार ने प्रभावी ढंग से पैरवी की। अभियोजन ने अपने पक्ष में कुल पांच गवाह प्रस्तुत किए, जिनमें मलखान राय, राजेश राय, सूचक अरुण कुमार, अनुसंधानकर्ता नागेश्वर प्रसाद तथा राम सुदीत राय शामिल थे।सभी साक्ष्यों, गवाहों के बयान एवं उपलब्ध प्रमाणों का परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने राम शंकर राय, सोनेलाल राय, प्रदीप राय एवं अमरदीप राय को भारतीय दंड संहिता की धारा 147 एवं 323 के तहत दोषी करार दिया।

# प्रखंड मध्य विद्यालय में समर कैंप का समापन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय मल्हीपुर व मेंहदौली सहित अन्य में 2 जून से आयोजित समर कैंप का मंगलवार को समापन समारोह के साथ समापन हो गया। कैंप के दौरान बच्चों ने मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान संबंधी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन समारोह में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन की खूब सराहना की। प्रधानाध्यापक प्रकाश रंजन राय ने अभिभावकों के साथ समर कैंप के उद्देश्य, बच्चों के बेसलाइन और एंडलाइन मूल्यांकन के परिणाम तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को निखारना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना था। कैंप में बच्चों ने आनंद के साथ सीखा। इस अवसर पर रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया। संकुल के नोडल शिक्षक मुहम्मद युशुफ आजाद व प्रधानाध्यापक प्रकाश रंजन राय ने स्वयंसेवक सुप्रिया कुमारी, नंदनी कुमारी व खुशी कुमारी को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया। मौके पर शिक्षक रेणु कुमारी, सुमन कुमारी, वरदा, अंकित कुमार, शशि कुमार, कन्हैया कुमार आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने कटाव स्थल पर तटबंध निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने आज जिले के नवगछिया प्रखंड अंतर्गत इस्माइलपुर बिंद टोली में गंगा तट पर अवस्थित स्पर संख्या 7 और 8 के बीच 142 मीटर लंबाई में चल रहे तटबंध निर्माण एवं ऊंचीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवगछिया के बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता गौतम कुमार ने जिलाधिकारी को जानकारी दी कि वर्ष 2024 में आई बाढ़ के कारण उक्त स्थल पर गंभीर टूटान हुआ था। इस स्थल पर 33.5 करोड़ रुपये की लागत से तटबंध निर्माण एवं ऊंचीकरण कार्य कराया जा रहा है, जो विभागीय स्वीकृति व संविदा के आधार पर चल रहा है। अब तक मिट्टी भराई एवं तटबंध ऊंचीकरण, साथ ही बोल्डर गैप रन का कार्य पूरा कर लिया गया है। केवल स्लोप निर्माण कार्य शेष है, जो लगभग 2000 कैरेट में किया जाना है। यह कार्य 15 जुलाई तक पूरा कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अभियंताओं को आगामी 15 जुलाई से पहले तक कार्य पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। ताकि बाढ़ आने से पहले सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मौके पर नवगछिया के अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) कुंदन कुमार सहित स्थानीय अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# आरा में इवीएम-वीवीपैट, वेयरहाउस का निरीक्षण, सुरक्षा मानकों के पालन का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** माधव कुमार सिंह,अपर सचिव -सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना द्वारा ब्लॉक रोड, आरा स्थित ईवीएम/वीवीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव -सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना द्वारा ईवीएम/वीवीपीएटी वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ईवीएम/वीवीपीएटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। निरीक्षण के क्रम में ईवीएम वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग व्यवस्था एवं निगरानी प्रणाली की भी जांच की गई तथा इसे निरंतर सुचारु रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ईवीएम/वीवीपीएटी मैनुअल के अनुरूप ईवीएम/वीवीपीएटी के भंडारण, रख-रखाव एवं सुरक्षा से संबंधित सभी निर्देशों का पूर्ण एवं कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रभारी पदाधिकारी, ईवीएम/वीवीपीएटी वेयरहाउस एवं प्रभारी पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया। विदित हो कि ईवीएम वेयर हाउस में ईसीआईएल द्वारा निर्मित कुल 3276 सी.यू., 3659 बी.यू. एवं 3417 वीवीपीएटी उपलब्ध है। उक्त निरीक्षण के अवसर पर श्री धीरज कुमार, नोडल पदाधिकारी ईवीएम, निर्वाचन विभाग, बिहार पटना,उप विकास आयुक्त, भोजपुर, सहायक समाहर्ता भोजपुर, पुलिस उपाधीक्षक भोजपुर,उप निर्वाचन पदाधिकारी भोजपुर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल आरा, कार्यपालक अभियंता विद्युत, आरा, प्रभारी पदाधिकारी अग्निशमन, अवर निर्वाचन पदाधिकारी आरा सदर, प्रभारी पदाधिकारी ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष/सचिवअप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।



# जनसहयोग शिविर के पूर्व प्राप्त 92 में 88 आवेदनों का ऑनलाइन निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के हसनपुर बागर पंचायत में मंगलवार को जन शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निवारण के उद्देश्य से जनसहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीटीओ सह नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने की। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों की सुनवाई की गई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए। शिविर में राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, रसीद निर्गत, जलजमाव, बिजली एवं वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। डीटीओ सह नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना तथा प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों से पूर्व में ऑनलाइन प्राप्त 92 आवेदनों में से 88 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं मंगलवार को आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से 150 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को सुनवाई एवं निष्पादन के लिए सौंप दिया गया है, जिनका निपटारा 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नल-जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली विभाग तथा वृद्धावस्था पेंशन आदि से संबंधित सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।मौके पर प्रभारी बीडीओ सह अंचलाधिकारी सूरज कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा, एमओ मनोज कुमार, बीएओ रौशन कुमार, राजस्व अधिकारी लवली कुमारी, स्थानीय मुखिया विजय पासवान, उपमुखिया पिंटु कुमार, सरपंच अर्जुन पासवान, पंचायत सचिव चंदन कुमार, एलएस शालिनी कुमारी, अपर थाना अध्यक्ष विश्वजीत कुमार, कार्यपालक सहायक विपुल भारती, प्रखंड लेखापाल संतोष कुमार, सोनू कुमार, बिजली विभाग से प्रवीण कुमार, निरंजन कुमार, विकास मित्र अर्जुन रजक, स्वच्छता पर्यवेक्षक रेखा कुमारी, ग्रामीणों में रामू सिंह, मोहम्मद नाजिम, अभिषेक कुमार, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद नसीम रब्बानी, सेविका तबस्सुम परवीन सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और फरियादी उपस्थित थे।

# संजात और दामोदरपुर पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** संजात और दामोदरपुर पंचायत में मंगलवार को आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं। संजात पंचायत में आयोजित शिविर की अध्यक्षता मुखिया पुनम कुमारी ने की, वहीं दामोदरपुर पंचायत में मुखिया राजकुमारी देवी ने शिविर की कमान संभाली। दामोदरपुर पंचायत में लगे शिविर में राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, भूमि विवाद, दाखिल खारिज सहित कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए 30 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया। शेष आवेदनों को लेकर मुखिया उपेन्द्र साहनी ने कहा कि इनका भी जल्द से जल्द निष्पादन कर आवेदकों को राहत दी जाएगी। गौरतलब है कि दामोदरपुर पंचायत में कुल 20 वार्ड हैं, इसके बावजूद अपेक्षा से कम केवल 51 आवेदन आना चर्चा का विषय रहा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अमित अक्षय मिश्रा, सरपंच फरजाना खातून, सरपंच प्रतिनिधि मुहम्मद खालिद बसर आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### सांसद ने ग्रामीण कार्य मंत्री से की मुलाकात

**किशनगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डा. मोहम्मद जावेद आजाद ने पटना स्थित विश्वेश्वरैया भवन में बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री सुनील कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की बुनियादी ढांचे में सुधार, विशेषकर अमौर विधानसभा में पुलों और सड़कों के निर्माण से जुड़े जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री के समक्ष प्रमुख बिंदुओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई का आग्रह किया, जिसमें अमौर विधानसभा क्षेत्र में खाड़ी और रसीली पुल के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने की मांग रखी। किशनगंज लोकसभा क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने के लिए अन्य आवश्यक पुलों और सड़कों के निर्माण की स्वीकृति का अनुरोध किया गया है ताकि स्थानीय लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जा सके।

### बहन की शादी में आये युवक की करंट से मौत

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नूरसराय थाना क्षेत्र के गनपुरा गांव में बहन की शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब थरथरी थाना क्षेत्र के मेंहतरमा गांव निवासी 25 वर्षीय स्वागत कुमार की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वह चेन्नई से अपनी बहन की शादी में शामिल होने गांव आया था। जानकारी के अनुसार घर में बारात पहुंच चुकी थी और शादी की रस्में चल रही थीं। इसी दौरान स्वागत कुमार किसी काम से पास के खेत की ओर गया। वहां पहले से 440 वोल्ट का बिजली का तार टूट कर जमीन पर गिरा हुआ था। अनजाने में वह जीवित तार की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे तत्काल नूरसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बैठक में बाढ़, भवन निर्माण समेत कई प्रस्तावों पर चर्चा

**हिलसा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद हिलसा कार्यालय में चुनाव के बाद पहली बार सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष धनंजय कुमार तथा कार्यपालक पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति पर चर्चा की गई। वार्ड संख्या-7 में प्रस्तावित बाढ़ भवन के निर्माण को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति पर विचार-विमर्श हुआ। इसके अलावा मानसून से पहले शहर के नालों की उड़ाही (सफाई) को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने पर सहमति बनी।सशक्त स्थायी समिति ने नगर परिषद की आय-व्यय एवं रोकड़ बही की समीक्षा की। साथ ही पिछले चार वर्षों के दौरान जीईएम पोर्टल के माध्यम से की गई खरीदारी की भी समीक्षा की गई। बैठक में बरसात से पूर्व आवश्यक विकास योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देकर उनके क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया।

### बैठक में विकास योजनाओं पर बनी रणनीति

**हरनौत (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को मुख्य पार्षद बबीता देवी की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर क्षेत्र के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई।कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि नगर क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटों के बिजली बिल के नियमित भुगतान, लगभग 110 सफाईकर्मियों को ड्रेस, साबुन, सफाई उपकरण उपलब्ध कराने तथा उन्हें पीएफ और ईएसआईसी जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने पर विचार किया गया। आगामी मानसून को देखते हुए जलजमाव वाले क्षेत्रों में नियमानुसार ह्यूम पाइप लगाने, राबिश गिराने और विभिन्न वार्डों के नालों की पोपलेन मशीन से विशेष सफाई कराने की योजना पर भी सहमति बनी।बैठक में एक लाख रुपये तक की विकास योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए संवेदकों का पैनल तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप मुख्य पार्षद गीता देवी, बिजली विभाग के जेई मनीष कुमार, नगर पंचायत की जेई मनीषा कुमारी, समिति सदस्य सुनील कुमार, अनिल कुमार और सूरज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** देश व राज्य में गिरती कानून-व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी तथा अन्य पांच सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नावकोठी प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इससे पहले मिडिल स्कूल चौक, हसनपुर बागर से कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। वहां प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पासवान ने की। प्रखंड प्रभारी सुमन जीत सुमन ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर विभिन्न मोर्चों पर विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक जैसी घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। साथ ही बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ते अपराध पर भी चिंता जताते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की। पूर्व प्रमुख विद्यानंद महतो ने कहा कि सरकार केवल घोषणाएं कर जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस, रासायनिक उर्वरक एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम लोगों, विशेषकर निम्न एवं मध्यम वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। पांच सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड प्रशासन को सौंपा।

सभा को मो अहमद, डॉ सुरेंद्र कुमार, पी एन वर्मा, श्रीराम सिंह, निशा शर्मा एवं शिवशंकर सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान श्याम शर्मा, बलबीर शर्मा, कमलेश्वर तांती, कपिल देव साह, निरंजन सिंह, मंनटुन पासवान, मुकेश कुमार महतो, प्रीति कुमारी, रेणु देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सहकारिता से किसानों की आय बढ़ाने पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** सहकारिता सप्ताह के तहत मंगलवार को ई-किसान भवन, नावकोठी में पैक्स अध्यक्षों, प्रबंधकों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के लिए प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) अनिल कुमार चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि सहकारिता किसानों के हितों की रक्षा करने वाली महत्वपूर्ण संस्था है। इसके माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ सहकारी संस्थाओं को भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पैक्स को केवल धान एवं गेहूं अधिप्राप्ति तक सीमित न रखकर व्यवसायिक विविधता अपनाने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण के दौरान सस्ते दर पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने, जनवितरण प्रणाली की दुकान, जनऔषधि केंद्र, सीएससी एवं सीएसपी केंद्र के संचालन के माध्यम से आय बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई। हरित कृषि संयंत्र योजना के तहत निबंधन कर लाभ उठाने, सहकारी संस्थाओं के लोकतांत्रिक अधिकार, शेयरधारक बनने, लाभांश प्राप्त करने, नियमित बैठक आयोजित करने तथा लिए गए निर्णयों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कृषि एवं राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य निर्धारित करने पर बल दिया। शिविर में उपस्थित पैक्स प्रतिनिधियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए। मौके पर सीओ सूरज कुमार, बीएओ रौशन कुमार, पैक्स अध्यक्ष संजीव कुमार, सुनीत कुमार, दिलीप कुमार, देवेंद्र सिंह, मनोहर कुमार, अशोक कुमार, प्रबंधक अरविंद कुमार आदि थे।

# कानूनों व नि:शुल्क विधिक सहायता की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), बेगूसराय की ओर से मंगलवार को रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड परिसर में विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान यात्रियों, कुलियों, वेंडरों, दुकानदारों तथा आम नागरिकों को महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार, मानव तस्करी की रोकथाम, नशा मुक्ति, स्थायी लोक अदालत तथा नि:शुल्क विधिक सहायता से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरपीएफ थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि रेलवे परिसर में होने वाले अपराधों एवं मानव तस्करी की घटनाओं की रोकथाम के लिए आम लोगों की सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पैनल अधिवक्ता विवेक कुमार सिन्हा ने नालसा योजना-2025, पॉक्सो अधिनियम-2012, बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005 तथा स्थायी लोक अदालत के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत गठित स्थायी लोक अदालत में परिवहन, डाक, टेलीफोन, बिजली, पेयजल, बीमा एवं अस्पताल जैसी सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित विवादों का त्वरित एवं कम खर्च में समाधान किया जाता है। यहां किसी प्रकार की कोर्ट फीस नहीं लगती तथा लोक अदालत का निर्णय दोनों पक्षों पर बाध्यकारी होता है। डीएलएसए के अधिकार मित्र हरेराम दास एवं शैलेश कुमार ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नि:शुल्क कानूनी परामर्श, अधिवक्ता तथा न्यायालय में विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। अभियान में बड़ी संख्या में यात्रियों, दुकानदारों, कुलियों, वेंडरों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को कानून के प्रति जागरूक रहने, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, मानव तस्करी एवं नशे के विरुद्ध समाज को सजग बनाने तथा किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

# लगातार परिश्रम और दृढ़ संकल्प से मिलती है सफलता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** प्रेरणा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 'युवा संवाद 4.0' कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता प्रो. डॉ. गणपत राजपुरोहित ने युवाओं को सफलता के लिए मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास का मंत्र दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य वक्ता डॉ. गणपत राजपुरोहित, जिला परियोजना पदाधिकारी एवं जिला गंगा समिति भोजपुर के अमित कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक भुवन कुमार पांडेय तथा प्रेरणा फाउंडेशन के अध्यक्ष बबलू सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. गणपत राजपुरोहित ने कहा कि युवावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, लगातार परिश्रम, धैर्य और आत्मविश्वास के बल पर ही सफलता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम में युवाओं ने करियर, व्यक्तित्व विकास और जीवन से जुड़े सवाल पूछे, जिनका डॉ. राजपुरोहित ने विस्तार से जवाब देकर मार्गदर्शन किया। संयोजक भुवन कुमार पांडेय ने बताया कि यह शैक्षणिक कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाएगा, कार्यक्रम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार जितेंद्र, पूर्व मेयर रूबी तिवारी, रेड क्रॉस की सचिव विभा श्रीवास्तव, ब्लड कोऑर्डिनेटर डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा, जिनवाणी मैनेजमेंट के निदेशक सिद्ध जैन, युवा उद्योगपति अनुराग मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। संचालन ऐशना राज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन दीपू मिश्रा ने किया। मौके पर स्वयंसेवक में नीतीश कुमार, निशांत कुमार, रुपाली कुमारी, मुस्कान सिंह, खुशी सिंह आदि थे।

# विश्व कप से बाहर होने के बाद जर्मनी में गहरी निराशा

## कोच बोले-'बिल्ड-अप प्ले बहुत धीमा था'

**फॉक्सबोरो।** जर्मनी के मुख्य कोच जूलियन नागेल्समैन ने फीफा विश्व कप 2026 से टीम के बाहर होने के बाद कहा कि 'धीमी बिल्ड-अप प्ले' ने चार बार की विश्व चैंपियन टीम से राउंड ऑफ 16 में पहुंचने का मौका छीन लिया है। बोस्टन स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए राउंड ऑफ 32 मुकाबले में जर्मनी का अभियान नाटकीय अंदाज में समाप्त हो गया। नियमित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट



में पराग्वे ने जर्मनी को 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। फीफा विश्व कप के इतिहास में जर्मनी इससे पहले कभी भी पेनल्टी शूटआउट में नहीं हारा था। लगभग मुकाबले से बाहर हो चुकी जर्मन टीम को मैनुअल नोयर ने बराबरी दिलाकर वापस मुकाबले में ला दिया, लेकिन आखिरकार पराग्वे ने अपनी तीसरी सफल स्पॉट-किक के दम पर अंतिम 16 में जगह पक्की कर ली।
नागेल्समैन ने कहा, 'ड्रेसिंग रूम में गहरी निराशा का माहौल है। दुर्भाग्य से फुटबॉल कभी-कभी ऐसा ही होता है। कुछ टीमें बेहद साधारण तरीकों से भी जीत हासिल कर लेती हैं और आपको उन तरीकों का लगातार बचाव करना पड़ता है। हमने अपने प्रतिद्वंद्वी को दौड़ाने और उस पर दबाव बनाने में बहुत ज्यादा समय लगा दिया। हम गेंद को बॉक्स में कहीं अधिक बार डाल सकते थे। हमें मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट तक जाने से पहले ही कर देना चाहिए था।

# विंबलडन के पहले दौर में वू की कड़ी चुनौती

## जोकोविच ने जीता मुकाबला

**लंदन।** सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपने 21वें विंबलडन अभियान की रोमांचक शुरुआत करते हुए मंगलवार को यहां चीन के यिबिंग वू को 6-4, 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर जीत दर्ज की। सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अच्छी सर्विस की और खराब प्रदर्शन भी नहीं किया, लेकिन वह वू को सेंटर कोर्ट के माहौल का आनंद लेने से रोक नहीं सके। पहले सेट में दुनिया के 102वें रैंक वाले चीनी खिलाड़ी ने 15 विनर्स लगाए, हालांकि उतनी ही संख्या में अनफोर्स्ड गलतियां भी कीं। दूसरे सेट की शुरुआत में ही निर्णायक मोड़ आ गया। अगर जोकोविच अपने शुरुआती ब्रेक अवसरों में से एक



को भुना लेते, तो वह आसानी से नियंत्रित और अपेक्षाकृत सरल जीत की ओर बढ़ सकते थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और वू का आत्मविश्वास लगातार बढ़ता गया, जबकि दर्शक जोर-शोर से उनका नाम पुकारते रहे।
तीसरे सेट की शुरुआत में छत बंद होने के बाद सर्बियाई खिलाड़ी को लगातार चुनौती का सामना करना पड़ा। कंधे की चोट के कारण इस साल केवल पांच टूर्नामेंट खेलने वाले जोकोविच ने तीसरे सेट के अंत में पूरी ताकत झोंककर वू की सर्विस ब्रेक की।
जोकोविच ने संघर्ष करते हुए तीसरा सेट अपने नाम किया और फिर चौथे सेट में अहम मौकों पर पूरी तरह नियंत्रण बनाकर विंबलडन के पहले दौर में अपना रिकॉर्ड 21-0 कर लिया। उन्होंने चौथे सेट में छह ब्रेक प्वाइंट बचाए, जिनमें 2-3 के स्कोर पर 0/40 से जुड़े तीन मौके भी शामिल थे। आखिरकार उन्होंने तीन घंटे और 11 मिनट में जीत हासिल की।



# फीफा वर्ल्ड कप 2026 का सबसे बड़ा उलटफेर

## चार बार की चैंपियन जर्मनी वर्ल्ड कप से हुई बाहर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मंगलवार (30 जून) को बोस्टन स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप 2026 का सबसे बड़ा उलटफेर देखने को मिला. जब राउंड ऑफ 32 में पैराग्वे ने पेनल्टी में चार बार की चैंपियन जर्मनी को हराकर टूर्नामेंट से ही बाहर कर दिया. इससे पहले जर्मनी फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में कभी भी पेनल्टी शूटआउट में नहीं हारा था।
रेगुलर टाइम में दोनों टीमों के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा. पहले हाफ के आखिर में जूलियो एनसिसो ने हेडर से गोल करके पैराग्वे को बढ़त दिलाई, लेकिन 52वें मिनट में काई हावर्ट्ज ने जर्मनी के लिए बराबरी का गोल किया।उसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में जनॉथन तह ने गोल कर दिया. उन्होंने 102वें मिनट में नथानिएल ब्राउन की कॉर्नर किक पर हेडर से गोल किया, लेकिन वीडियो रिव्यू के बाद अधिकारियों ने पाया की उस शॉट से पहले वाल्डेमार एंटन ने गिल को धक्का देकर गिरा दिया था, इसलिए गोल को अमान्य कर दिया गया. इसके बाद कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। पैराग्वे ने रोमांचक पेनल्टी शूटआउट (4-3) से अपने नाम किया. इसके साथ पैराग्वे राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह पक्की कर ली. इसके साथ साथ पैराग्वे वर्ल्ड कप में पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी को हराने वाली पहली टीम बन गई. जर्मन टीम छह में से तीन पेनल्टी मौके चूक गई।बता दें कि इन दोनों टीमों के बीच हुए पिछले एकमात्र वर्ल्ड कप मैच में, जर्मनी ने 2002 के टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में पैराग्वे को 1-0 से हराया था. लगभग 24 साल बाद, पैराग्वे ने इसका बदला ले लिया। यह जर्मनी की एक और चौंकाने वाली हार थी, क्यों कि चार बार की चैंपियन टीम 2014 में आखिरी बार ट्रॉफी जीतने के बाद से वर्ल्ड कप में संघर्ष कर रही है। इस मैच में उतरने से पहले पैराग्वे फीफा रैंकिंग में 41वें नंबर पर मौजूद थी, जबकि जर्मनी दुनिया की 10वें नंबर की टीम के तौर पर इस टूर्नामेंट में उतरी थी।अब पैराग्वे की टीम शनिवार को फिलाडेल्फिया में राउंड ऑफ 16 में फ्रांस और स्वीडन के बीच मंगलवार को होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।

### मैच के आखिरी मिनट में दागा गोल

# ब्राजील की जापान पर रोमांचक जीत

**ह्यूस्टन (एजेंसी)।** ह्यूस्टन स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप के एक रोमांचक मैच में पांच बार की चैंपियन ब्राजील ने जापान को 2-1 से हराया. गैब्रियल मार्टिनेली ने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में विजयी गोल किया, जिससे ब्राजील ने शानदार वापसी करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। राउंड ऑफ 32 का यह मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम की ओर बढ़ता दिख रहा था क्योंकि रेगुलर टाइम और छह मिनट के एक्स्ट्रा टाइम की शुरुआत तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं. लेकिन मार्टिनेली के इरादे कुछ और ही थे. उन्होंने मैच के आखिरी मिनट में शानदार गोल किया और टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम ब्राजील को अगले दौर में पहुंचा दिया।



मैच में काइशु सानो ने 29वें मिनट में जापान को बढ़त दिलाई, जिसके बाद 56वें ??मिनट में कैसिमिरो ने ब्राजील के लिए बराबरी का गोल किया. इसके बाद मार्टिनेली ने अपना जादू दिखाया और जीत पक्की कर दी। ब्राजील के पास गेंद पर 55 प्रतिशत पजेशन था और उन्होंने गोल पर 19 शॉट लगाए, जबकि जापान ने केवल पांच शॉट लगाए. उनके सात शॉट टारगेट पर थे, जबकि प्रतिद्वंद्वी टीम के केवल दो शॉट टारगेट पर थे. उन्होंने उस टीम के खिलाफ शानदार डिफेंस किया जिसने पूरी ताकत लगा दी थी और पहले हाफ में दबदबा बनाए रखा था। हाफ-टाइम तक जापान जीत का सपना देख रहा था, जिसकी वजह काइशु सानो का शानदार गोल था.
उन्होंने एक कमजोर पास का फायदा उठाया, ब्राजीलियाई डिफेंस की खाली जगह में तेजी से आगे बढ़े और दाहिने पैर से शॉट मारकर जापान के लिए अपना पहला गोल किया। ह्यूस्टन स्टेडियम, जो ज्यादातर पीले रंग में रंगा हुआ था, बराबरी के गोल का इंतजार कर रहा था. दो करीबी मौकों के बाद तीसरे शानदार हेडर ने ब्राजील को बराबरी दिलाई. गैब्रियल मैगलहेस के सटीक पास पर कासेमिरो ने यह गोल किया।



## मोरक्को ने नीदरलैंड्स को हराकर टूर्नामेंट से किया बाहर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नीदरलैंड्स और मोरक्को ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन दिखाय लेकिन फुल टाइम तक मैच 1-1 से ड्रॉ रहा. जिसके बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम और फिर पेनल्टी तक गया, जहां मोरक्को ने जीत हासिल कर प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में प्रवेश कर लिया। मोरक्को ने पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत दर्ज की और नीदरलैंड्स पहली बार टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में पहुंचने में असफल रहा. नीदरलैंड्स के लिए ट्यून कूपमीनर्स और वाउट वेघोर्स्ट ने पेनल्टी पर गोल किए, जबकि मोरक्को के लिए सूफियान रहीमी, चेम्सदीन तालबी और इस्माइल सैबारी ने गोल करके टीम को रोमांचक जीत दिलाई।

- **मोरक्को ने नीदरलैंड्स को हराकर टूर्नामेंट से किया बाहर-** नीदरलैंड्स इससे पहले 11 वर्ल्ड कप में कम से कम राउंड ऑफ 16 तक पहुंचा था, जिसमें चार साल पहले कतर में क्वार्टर फाइनल में पहुंचना भी शामिल है. वहीं मोरक्को पिछले वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक का शानदार सफर तय किया था। रेगुलेशन टाइम में कोडी गैकपो ने नीदरलैंड्स के लिए 72वें मिनट में गोल किया. जबकि मोरक्को के इस्सा डियोप ने 91वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया.

### न्यूजीलैंड-इंग्लैंड

# लैथम ने रचा इतिहास, इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतकर एलीट कप्तानों की लिस्ट में शामिल

**लंदन (एजेंसी)।** टॉम लैथम की कप्तानी में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को तीसरे और अंतिम टेस्ट में 160 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। बेन स्टोक्स की टीम को 373 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन अंतिम दिन पूरी टीम 212 रन पर सिमट गई। जेमी स्मिथ ने 60 रन बनाए, लेकिन वह हार नहीं टाल सके। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने इतिहास रच दिया। टीम ने पहली बार किसी टेस्ट सीरीज का पहला मैच हारने के बाद वापसी करते हुए सीरीज जीती। साथ ही 1999 के बाद इंग्लैंड में तीन या उससे अधिक मैचों की टेस्ट सीरीज जीतने का कारनामा भी किया।
**टॉम लैथम एलीट कप्तानों की सूची में शामिल-** इस ऐतिहासिक जीत के साथ टॉम लैथम ने कप्तानी में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसे सिर्फ छठे कप्तान बने हैं, जिन्होंने भारत और इंग्लैंड दोनों देशों में जाकर टेस्ट सीरीज जीती है।

### भारत के बाद इंग्लैंड में भी बजा जीत का डंका

इंग्लैंड में मिली यह जीत लैथम की 2024 में भारत में मिली ऐतिहासिक सफलता के बाद आई है। तब न्यूजीलैंड ने भारतीय सरजमीं पर भारत को 3-0 से क्लीन स्वीप कर इतिहास रचा था। यह पहली बार था जब किसी विदेशी टीम ने भारत को उसके घर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। अब इंग्लैंड में सीरीज जीतकर लैथम ने लगातार दुनिया की दो सबसे कठिन विदेशी चुनौतियों को जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

# ओलंपिक में क्रिकेट

## आईओसी ने जारी किया क्वालिफिकेशन क्राइटेरिया

### जानें किस टीम को मिलेग लॉस एंजेलिस में खेलने का मौका?

*● महिला टीम ने ओलंपिक 2028 में जगह पक्की की ● पुरुष टीम को एशिया की टॉप-रैंक वाली टी20 टीम बननी होगी।*

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया. इंटरनेशनल ओलंपिक कमिटी (आईओसी) ने लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक (एल28) में पुरुषों और महिलाओं के टूर्नामेंट के लिए अलग-अलग क्वालिफिकेशन क्राइटेरिया जारी कर दिया है।
जिसके तहत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ओलंपिक 2028 के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीमों में से एक बन गई है, जबकि पुरुष टीम को सीधे क्वालिफिकेशन पाने के लिए 2026 के आखिर तक आईसीसी टी-20 रैंकिंग में एशिया की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम बनना होगा। **महिलाओं के लिए-** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ओआईसी) ने सोमवार को पुष्टि की कि भारत, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन (इंग्लैंड) और दक्षिण अफ्रीका ने ओलंपिक में



महिला टी20 प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है। ये टीमें इंग्लैंड में चल रहे आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में क्रमशः एशिया, ओशिनिया, यूरोप और अफ्रीका से सबसे ऊंची रैंकिंग वाली योग्य टीमें बनकर उभरी हैंं
महिलाओं की प्रतियोगिता में पहले चार क्वालीफायर तय करने के लिए आईसीसी रैंकिंग का इस्तेमाल नहीं किया है. इसके बजाय, उन्होंने चल रहा महिला ञ्20 वर्ल्ड कप मुख्य क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट है, जिसमें चारों महाद्वीपों में से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली योग्य टीम को ओलंपिक में जगह मिल जाएगी।

### पुरुषों के लिए

पुरुषों के क्वालिफिकेशन का रास्ता अलग है। आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग के जरिए ओलंपिक में सीधे चार स्थान दिए जाएंगे, जिसमें अफ्रीका, एशिया, यूरोप और ओशिनिया से सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी. जो टीमें 31 दिसंबर, 2026 तक टॉप पर होंगी. इसका मतलब है कि लॉस एंजिल्स का सीधा टिकट पाने के लिए भारत को एशिया की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली योग्य टीम बननी होगी। लॉस एंजेलिस गेम्स के मेजबान के तौर पर अमेरिका को जगह पक्की मिलेगी, बशर्ते वे क्वालिफिकेशन अवधि के दौरान किसी भी समय आईसीसी मेन्स टी-20 रैंकिंग में टॉप 15 में रहने की आईसीसी की न्यूनतम योग्यता शर्त को पूरा करें. अगर वे शर्त को पूरा नहीं कर पाते हैं, तो यह जगह अगली सबसे ऊंची रैंकिंग वाली योग्य टीम को दी जाएगी. पुरुषों की प्रतियोगिता में छठी और आखिरी जगह का फैसला भी 2027 में होने वाले आईसीसी ओलंपिक क्वालिफायर के जरिए किया जाएगा।

# बीसीसीआई ने एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम का किया ऐलान

## हरमनप्रीत कौर कप्तान

### जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक खेले जाएंगे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशियाई खेलों के लिए महिला टीम का ऐलान कर दिया है. जिसमें कुल 15 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। चयन समिति ने उसी टीम पर भरोसा जताया है जो महिला टी-20 विश्व कप 2026 में खेली थी. बस एक बदलाव किया गया है. यास्तिका भाटिया की जगह बाएं हाथ की बल्लेबाज और विकेटकीपर जी. कामलिनी को टीम में शामिल किया गया है।
इसके अलावा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह नहीं बनाने के बावजूद हरमनप्रीत कौर पह बोर्ड ने एक बार फिर भरोसा जताया है और टीम के कप्तान के रूप में बरकरार रखा. उप-कप्तान स्मृति मंधाना के साथ शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स बल्लेबाजी की कमान संभालेंगी। स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा मध्य क्रम को मजबूती देंगी, जबकि ऋचा घोष विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगी और कामलिनी बैकअप विकेटकीपर होंगी।
तेज गेंदबाजी की कमान स्विंग स्पेशलिस्ट रेणुका सिंह ठाकुर और अनुभवी अरुंधति रेड्डी संभालेंगी। वहीं, स्पिन विभाग में बाएं हाथ की ऑर्थोडॉक्स गेंदबाज राधा यादव और ऑफ-स्पिनर श्रेयंका पाटिल अपनी विशेषज्ञता दिखाएंगी. हालांकि, बीसीसीआई ने कहा है कि श्रेयंका का अंतिम टीम में शामिल होना उनकी फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करेगा, क्योंकि हाल ही में उन्हें चोट लगी थी. टखने में चोट के कारण यह ऑलराउंडर टी20 विश्व कप से बाहर हो गई थीं।
बता दें कि इस साल एशियाई खेल जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक खेले जाएंगे. भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों में मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रवेश करेगी. उसने 2023 में चीन के हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टीम

- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, नंदनी शर्मा।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, नितीश रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

# जिले के समग्र विकास में बैंकों की भूमिका हो प्रभावी : अभिलाषा

## 2 जुलाई से पशुपालन और 15 जुलाई से होगा इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत संयोजक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक एनके चौधरी द्वारा सभी सदस्यों के स्वागत के साथ हुई। उन्होंने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन रिपोर्ट बिंदुवार प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने प्रगति प्रतिवेदन पर संतोष व्यक्त किया तथा सदन द्वारा ध्वनिमत से इसकी पुष्टि की गई। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि मार्च 2026 तक जिले का समग्र सीडी रेशियो 51.72 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि इंडियन बैंक, कैनरा बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन



ओवरसीज बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, जिला सहकारिता बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, उत्कर्ष बैंक एवं ईसाफ बैंक का प्रदर्शन सराहनीय रहा। वहीं बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक सहित कुछ बैंकों का सीडी रेशियो 50 प्रतिशत से कम रहने पर इसमें सुधार की आवश्यकता बताई गई। बैठक में वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) की समीक्षा के दौरान 69 प्रतिशत उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को लक्ष्य प्राप्ति में तेजी लाने तथा इसे संतोषजनक स्तर तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं को अपने-अपने क्षेत्र के पात्र उद्यमियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं मुद्रा योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराने तथा पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड निर्गत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विभागों एवं बैंकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जिले के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के तहत 239 के लक्ष्य के विरुद्ध 181 ऋण आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं तथा शेष लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन पर बल दिया गया। वहीं पीएमईजीपी के अंतर्गत 78 के लक्ष्य के विरुद्ध 72 ऋण आवेदन स्वीकृत होने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। बैठक में स्वयं सहायता समूहों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में अब तक 29,208 स्वयं सहायता समूह गठित किए जा चुके हैं, जिनमें से 26,101 समूहों को प्रथम बैंक लिंकेज ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। इस उपलब्धि पर सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही लखपति दीदी योजना के सफल क्रियान्वयन में बैंकों, विशेषकर पंजाब नेशनल बैंक के उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई। अग्रणी जिला प्रबंधक ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना की प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बैंकों को बधाई दी। अटल पेंशन योजना में जिले की उत्कृष्ट उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने विशेष प्रसन्नता व्यक्त की। डीएलसीसी बैठक के साथ जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक भी आयोजित की गई। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र (आरसेटी) के निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,150 के लक्ष्य के विरुद्ध 1,156 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1,000 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 245 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई से पशुपालन (लघु उद्यमी) तथा 15 जुलाई से घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी (इलेक्ट्रीशियन) प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इच्छुक अभ्यर्थियों से शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की गई। बैठक में प्रभारी उप विकास आयुक्त इफ्तेखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग) रितेश कुमार यादव, आरबीआई के अग्रणी जिला अधिकारी राहुल कुमार, बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रवि शंकर, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक राहुल राकेश, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मो. अफ्फान, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष कुमार, जीविका के माइक्रो फाइनेंस प्रबंधक पंचम दांगी, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक राजकुमार सिंह सहित जिले के सभी बैंक समन्वयक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम की कार्यकुशलता की सीएसबीसी अध्यक्ष ने की सराहना, दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार के अध्यक्ष एवं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी जितेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी सह परीक्षा समन्वयक अभिलाषा शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रेषित कर उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक नेतृत्व एवं कार्यकुशलता की सराहना की है। अपने पत्र में अध्यक्ष ने 14 जून से 28 जून के बीच केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित विभिन्न लिखित भर्ती परीक्षाओं के सफल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं त्रुटिरहित संचालन के लिए जिला प्रशासन के प्रयासों की प्रशंसा की है। उन्होंने विशेष रूप से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जिला दंडाधिकारी-सह-परीक्षा समन्वयक के रूप में किए गए व्यक्तिगत नेतृत्व, सूक्ष्म योजना, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत मॉनिटरिंग को इस सफलता का प्रमुख आधार बताया है। अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा है कि वर्तमान समय में बड़े पैमाने पर परीक्षाओं का निष्पक्ष एवं व्यवस्थित आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी चुनौती बन चुका है। ऐसे समय में औरंगाबाद में परीक्षाओं का सफल, सुचारु एवं कदाचारमुक्त संचालन जिलाधिकारी की प्रशासनिक दक्षता, संवेदनशील आयोजनों के कुशल प्रबंधन तथा उनके नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि परीक्षा अवधि के दौरान प्रशासनिक, सुरक्षा एवं लॉजिस्टिक व्यवस्थाएँ अत्यंत उच्च स्तर की रहीं। यह सफलता जिला पदाधिकारी की सावधानीपूर्वक बनाई गई कार्ययोजना, प्रभावी समन्वय, सतत निगरानी तथा पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अपने पत्र में जितेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि वे परीक्षा संचालन में योगदान देने वाले सभी प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों तक उनकी ओर से शुभकामनाएं एवं बधाई अवश्य पहुंचाये।

# डिग्री कॉलेजों में जुलाई से शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ करने पर जोर

## मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ नव स्वीकृत राजकीय डिग्री महाविद्यालयों की अद्यतन स्थिति एवं उनके संचालन की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा जुलाई माह से राज्य के 211 नव स्वीकृत राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ कराने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान महाविद्यालयों में फर्नीचर, उपकरण, स्टेशनरी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, भवनों की मरम्मत एवं रंग-रोगन, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता, छात्र-छात्राओं हेतु पृथक शौचालय, कॉमन रूम, कार्यालय कक्ष तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं निर्धारित तिथि से पठन-पाठन प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि औरंगाबाद जिले के अंतर्गत मदनपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीरवां तथा ओबरा प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, करसावा को राजकीय डिग्री महाविद्यालय के संचालन हेतु चिन्हित किया गया है। इन दोनों संस्थानों में आगामी शैक्षणिक सत्र के संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जानी हैं। मुख्य सचिव द्वारा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि कॉलेज परिसरों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जुलाई के प्रथम सप्ताह से शैक्षणिक गतिविधियां निर्बाध रूप से प्रारंभ हो सकें। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को गांवों एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाना है। नए डिग्री महाविद्यालयों के संचालन से स्थानीय विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता कम होगी तथा उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार होगा। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, डीपीओ (सर्व शिक्षा अभियान) भोला कर्ण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

# प्रत्येक प्रखंडों में विकसित किया जा रहा मॉडल स्कूल

## डीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत मॉडल स्कूल राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय ओबरा का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। साथ ही विद्यालय परिसर की स्वच्छता, रखरखाव एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालय के समग्र विकास के लिए आवश्यक सभी विकासात्मक कार्यों की पहचान कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए तथा शीघ्र प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजा जाए, ताकि आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर विकासात्मक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इस दिशा में सभी आवश्यक कदम समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक पहल करने का भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड में एक मॉडल स्कूल विकसित किया जा रहा है। आज हम पूरी टीम के साथ यह देखने आए हैं कि विद्यालय में अब तक कौन-कौन सी मूलभूत सुविधाएं विकसित की जा चुकी है। विज्ञान प्रयोगशाला सहित अन्य लैब, बेंच-डेस्क, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा यहां नए भवन एवं आधुनिक प्रयोगशालाओं का निर्माण भी कराया जा रहा है। आगे सीएसआर के माध्यम से भी विद्यालय में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए विद्यालय के समग्र विकास के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, ओबरा प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिसकर्मियों की समस्याओं का किया जाएगा समाधान : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस केंद्र में मंगलवार को पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की समस्याओं को सुनने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस केंद्र उपाधीक्षक आकाश यादव मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने पुलिस लाइन में लाइन डे पर सभी पदाधिकारियों और जवानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी समस्याएं सामने आई हैं, उनका शीघ्र समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सीनियर एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में मौजूद अधिकारियों और जवानों से सीधे संवाद किया। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी, आवास, अवकाश, स्वास्थ्य सुविधा और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं



रखीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का समाधान करना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सेवा और सुरक्षा में लगे रहते हैं, इसलिए उनके कार्य करने की परिस्थितियां बेहतर होना बेहद जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिसकर्मियों की हर उचित समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस बल का मनोबल ऊंचा रहना बहुत जरूरी है। इसके लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि जवानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने विभिन्न मामलों से जुड़ी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को प्रत्येक की संवेदनशीलता के साथ जांच कर निर्धारित समय सीमा में समाधान करने को कहा। साथ ही शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई की जानकारी देने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद पुलिस बेहतर पुलिसिंग और लोगों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए प्रयासरत है। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# ठनके की चपेट में आने से महिला की मौत

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ठनके की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना देव थाना क्षेत्र के बेढ़नी गांव की है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी सुनील यादव की 40 वर्षीय पत्नी इंदू देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम तेज बारिश शुरू होने के बाद इंदू देवी घर से बाहर बंधे मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए निकली थीं। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ और वह उसकी चपेट में आ गईं। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें जमीन पर गिरा देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। इसके बाद स्वजन और ग्रामीण उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना के बाद से पति सुनील यादव का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका अपने पीछे दो बेटे निखिल और नीतीश को छोड़ गई हैं। मां की अचानक हुई मौत से दोनों बेटे गहरे सदमे में हैं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार कपड़ा व्यवसायी की मौत, दो अन्य जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कलेर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़पुर मोड़ के पास एनएच-139 पर मंगलवार को सड़क दुर्घटना में औरंगाबाद के एक कपड़ा व्यवसायी की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के अरई गांव निवासी छोटू शाह के रूप में की गई है जो अपने साथी सुधीर कुमार और अरुण कुमार के साथ मंगलवार को बाइक से कलेर बाजार जा रहे थे। छोटू शाह की कलेर बाजार में 'अनु वस्त्रालय' नाम से कपड़े की दुकान है। वह रोजाना अपने गांव से कलेर आकर दुकान का संचालन करते थे। अरई गांव के कई अन्य व्यवसायी भी रोजाना व्यापार के सिलसिले में कलेर बाजार आते-जाते हैं। मंगलवार को भी तीनों दुकान खोलने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहाड़पुर मोड़ के समीप पास एनएच-139 पर बालू लदे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और कलेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कलेर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद छोटू शाह को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सुधीर कुमार और अरुण कुमार की प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, अरवल रेफर कर दिया गया। दोनों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

# सफलता : पुलिस की कार्रवाई में 93 गिरफ्तार

## विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 93 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 65 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एससी-एसटी एक्ट में 1, पॉक्सो एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 12, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 69 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 133 लीटर देसी शराब, 1 मोबाइल, 660 रूपये नकद, 1 बाइक, 1 ट्रैक्टर, 100 सीएफटी बालू जब्त किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 957 वाहनों की जांच की गई जिसमें 33500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। साइबर पुलिस ने 30500 रूपये रिकवर किया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# उत्तर कोयल नहर में बिना मरम्मत पानी छोड़ने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर री-मॉडलिंग परियोजना में निर्माण गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा 2 जुलाई से नहर में पानी छोड़ने की तैयारी की जा रही है, लेकिन कई स्थानों पर नहर के बेड में बनी पीसीसी क्षतिग्रस्त होने के बावजूद उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने बिना मरम्मत पानी छोड़े जाने पर नहर की संरचना को नुकसान पहुंचने और सरकारी धन की बर्बादी की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार, री-मॉडलिंग कार्य के दौरान कई स्थानों पर पीसीसी में दरारें और टूट-फूट हो चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन हिस्सों की मरम्मत किए बिना पानी का प्रवाह शुरू होने पर नीचे की मिट्टी का कटाव तेज होगा, जिससे कंक्रीट के नीचे खालीपन पैदा हो जाएगा और भविष्य में पूरी संरचना क्षतिग्रस्त हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष भी बारिश के दौरान मिट्टी के कटाव से कई जगह पीसीसी टूट गई थी। उस समय निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठे थे और ग्रामीणों ने विरोध भी दर्ज कराया था। इसके बावजूद विभाग द्वारा आवश्यक सुधार किए बिना दोबारा पानी छोड़ने की तैयारी की जा रही है। पूर्व पंचायत समिति सदस्य अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर कोयल नहर परियोजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है। उच्चस्तरीय मॉनिटरिंग के दबाव में विभाग और निर्माण एजेंसी कार्य को जल्द पूरा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कई तकनीकी खामियां अब भी मौजूद हैं। उन्होंने मांग की है कि 2 जुलाई से पहले विभाग की विशेष तकनीकी टीम नहर का निरीक्षण कर सभी क्षतिग्रस्त स्थलों की पहचान करे और आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित करने के बाद ही पानी छोड़ा जाए। उनका कहना है कि ऐसा नहीं होने पर न केवल री-मॉडलिंग कार्य प्रभावित होगा, बल्कि सरकारी खजाने को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# मारपीट में दो घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** टेलर गली एवं डाक बंगला के पास हुए मारपीट के मामले में दो भाई घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले में अतुल कुमार उर्फ विक्की ने राकेश कुमार गुप्ता एवं मुकेश कुमार गुप्ता को नामजद आरोपी बनाया है। वहीं सुनैना देवी ने राकेश कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, शनि कुमार, गोलू कुमार एवं विक्की कुमार को नामजद आरोपी बनाया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, शनिवार की रात अतुल कुमार उर्फ विक्की टेलर गली स्थित अपना गोदाम बंद कर घर जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने नशे की हालत में गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

